# समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 54
लखनऊ, बुधवार 09 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निस्तारण : केशव मौर्य 03

अरविंद केजरीवाल ने पार्षदों को दिया जीत का मंत्र 12


# हरियाणा में भाजपा व जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस सरकार

## भाजपा ने अकेले 48 सीटों पर हासिल किया बहुमत, लगातार तीसरी बार लहराया जीत का परचम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की।

पिछले विधानसभा में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कांटे के सीधे मुकाबले में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पायी है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। कुछ समय पूर्व तक भाजपा से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ी जननायक जनता पार्टी इस बार खाता खोल भी नहीं पायी, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी को 10 सीटें मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल को इस बार दो सीटें (डबवाली और रानिया) मिली हैं। तीन सीटों गन्नौर, बहादुरगढ और हिसार पर निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय हासिल हुई है। हरियाणा के परिणामों से कांग्रेस सदमे में दिखी, पार्टी ने इन नतीजों को अप्रत्याशित बताते हुए कहा है कि इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।



### वेट मशीन से हारीं... पर वोटिंग मशीन ने जिताया




अब तीसरी बड़ी चुनौती उनके सामने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में रही थी। मगर यहां विनेश ने धांसू अंदाज में जीत दर्ज की है। अब वो पहली बार विधानसभा पहुंचेंगी। मगर इन सबके बीच में पेरिस से जुलाना विधानसभा सीट तक दोनों में विनेश के लिए 8 तारीख का गजब संयोग रहा है। विनेश फोगाट जुलाना में कड़े मुकाबले में भाजपा के कप्तान योगेश बैरागी को 6015 मतों के अंतर से हराया।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा में, पार्टी से जीत छिनी गयी है। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की ओर संकेत करते हुए कहा कि पार्टी पूरे तथ्यों के साथ इसके खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटायेगी। भाजपा ने अपनी जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि यह उसकी सरकार के दस वर्ष के सुशासन और मेहनत का फल है।

भाजपा नेता अनिल विज ने कहा कि ये परिणाम पूरी तरह अपेक्षित हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हरियाणा के चुनाव से एक सबक मिलता है कि किसी को भी अति आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहिए। पार्टी के नेता और दिल्ली में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमें पहले से ही लग रहा था कि एग्जिट पोल के अनुमान जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट पर कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार से भी अधिक मतों से हराया जबकि गढी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भाजपा की मंजू को 71 हजार से भी अधिक वोटों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज अंबाला छावनी से कड़े मुकाबले में कॉंग्रेस की बागी प्रत्याशी चित्रा सरवरा से 7000 मतों के अंतर से जीते।

### पीएम सहित मंत्रियों ने जताया जनता का आभार



प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी नतीजों के बाद एक्स पर कहा कि हरियाणा का हृदय से आभार। भाजपा को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए वे हरियाणा की जनशक्ति को नमन करते हैं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की जनता का पार्टी को सबसे अधिक मत प्रतिशत और अब तक के इतिहास में सर्वाधिक सीटें देने के लिए धन्यवाद दिया है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अभी हरियाणा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को बधाई!



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की और हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए उन्हें बधाई दी। भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है और यह जीत श्री मोदी के नेतृत्व में आमजन के विश्वास को प्रदर्शित करती है।

## नेकां ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए जीतीं कुल 42 सीटें, कांग्रेस को छह और बीजेपी को 29 सीटें

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुये बहुमत हासिल कर लिया है तथा नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला का एकबार फिर मुख्यमंत्री बनना तय लगता है। राज्य विधानसभा की कुल 90 सीटों के चुनाव में मंगलवार को हुयी मतगणना में नेकां ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुये कुल 42 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दूसरे स्थान पर है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी का जनाधार खिसक गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने मतगणना के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में अपनी पार्टी को मिले जन समर्थन को 'उम्मीद से ज्यादा' बताते हुये कहा है कि पार्टी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने को जरूरी बताया और कहा कि यह गठबंधन की पहली प्राथमिकता होगी। गठबंधन सरकार केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा वापस लेगी और इस काम को तत्काल प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किये जाने के बाद एक अलग माहौल में इस केन्द्र शासित प्रदेश में हुये पहले चुनाव में बड़ी उम्मीद के साथ चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 29 सीटें मिली हैं। भाजपा को मुख्यतः जम्मू क्षेत्र की सीटों पर सफलता मिली है जबकि नेकां और कांग्रेस का कश्मीर घाटी और दक्षिण कश्मीर की सीटों पर दबदबा रहा है। राज्य में तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत माने जाने वाली महबूबा मुफ्ती की पार्टी (पीडीपी) केवल तीन सीटों पर सिमट गयी है, जबकि सात सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस (जेपीसी), आम आदमी पार्टी (आप) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को एक-एक सीट हासिल हुयी है। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गंदेरबल दो सीटों से विजयी हुये हैं। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमॉक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने श्रीमुफवारा-बिजबेहरा विधान सभा सीट से मतगणना पूरी होने से पहले ही अपनी हार मान ली थी। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन हंदवाडा सीट से जीते हैं उन्होंने नेकां के चौधरी मोहम्मद रमजान को 662 वोटों के अतंर से हराया। माकपा के मोहम्मद युसुफ तारीगामी ने कुलगाम निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार सायर अहमद रेशी को 7,838 वोटों से हराया।



### उमर अब्दुल्ला बनेंगे मुख्यमंत्री



पार्टी के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने उमर की जीत के बाद कहा कि वही (उमर अब्दुल्ला) मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली में कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने नेकां-कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है और जोड़तोड़ से बहुमत हासिल करने के भाजपा के इरादे पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि नेकां-कांग्रेस के अपने-अपने चुनाव घोषणा हैं। हम मिलकर सरकार बनायेंगे।

### डोडा सीट पर जीती आप, पांचवें राज्य में पार्टी का विस्तार



नयी दिल्ली। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए डाले गए मतों की गिनती मंगलवार को हो रही है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) एक भी सीट जीतने में नाकाम रही। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने पहली बार अपना खाता खोला है। आम आदमी पार्टी ने यहां डोडा सीट पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही अब आम आदमी पार्टी पांच राज्यों तक पहुंच गई है। डोडा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक विजयी रहे हैं। उन्होंने यहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गजय सिंह राणा को 4,538 वोटों से शिकस्त दी। मेहराज मलिक जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के इकलौते विधायक होंगे।अभी तक सामने आए नतीजे और रुझानों में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस का गठबंधन बहुमत हासिल करता दिख रहा है। वहीं, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में आप को मिली पहली कामयाबी पर पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पांचवें राज्य में विधायक बनने पर पूरी आम आदमी पार्टी को बधाई। उन्होंने अपने डोडा के उम्मीदवार को भी बधाई दी और कहा कि डोडा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक द्वारा बीजेपी को हराकर शानदार जीत हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। केजरीवाल ने मलिक को बधाई देते हुए कहा कि वह बहुत अच्छा चुनाव लड़े।

### सप्तमं कालरात्री



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

दुर्गापूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। कालरात्रि की पूजा करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुल जाते हैं और सभी असुरी शक्तियों का नाश होता है।

## श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में फिर स्पर्श दर्शन पर लगी रोक, होगा झांकी दर्शन

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में फिर स्पर्श दर्शन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गई है। अब बाबा का दर्शन अरघा लगा कर अथवा झांकी दर्शन ही होगा।



गौरतलब हो कि बीते सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सायंकालीन सप्तऋषि व श्रृंगार आरती के मध्य गर्भगृह के सफाई के दौरान जब गर्भगृह का कपाट खोला गया तो श्रद्धालुओं के एक साथ अधिक संख्या में प्रवेश करने से गर्भगृह में भीड़ हो गई। दर्शन के लिए धक्कामुक्की के बीच दो श्रद्धालु असंतुलित होकर अरघे में गिर गए। इस घटना का पूरा दृश्य श्री काशी विश्वनाथ धाम के लाइव प्रसारण में भी कैद हुआ है। घटना को संज्ञान लेकर मंदिर प्रशासन ने खेद जताया और इस प्रकरण में संबंधित दोषी कर्मचारियों, अधिकारियों को चिन्हित कर उन के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया अमल में लाने की बात कही। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से अग्रिम आदेश तक बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी है।

### आतंकी गोल्डी बराड का गिरफ्तारी वारंट जारी

**जयपुर।** एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड में वांछित आतंकी सतविन्द्र सिंह उर्फ गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। अदालत ने यह आदेश एनआईए की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि दिसंबर, 2023 में श्यामनगर थाना इलाके में सुखदेव सिंह गोगामेडी की दो बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसकी जांच बाद में एनआईए को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि हत्याकांड के षडयंत्र में गोल्डी बराड और रोहित गोदारा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## मिथुन को दादा साहब फाल्के, ऋषभ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

▸ विभिन्न भाषाओं में निर्मित फिल्मों को राष्ट्रपति मुर्मु ने किया सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार जबकि कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया।



सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-अभिनेत्री तक कई कैटेगरी में अवॉर्ड दिये गये। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 तक सेंसर बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड फिल्मों को दिये गये हैं। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें फिल्म 'कांतारा' के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला है। मलयालम भाषा की फिल्म 'आट्टम' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया।

### यात्रियों के लिए 150 से अधिक स्टेशनों पर उपलब्ध है नवरात्रि स्पेशल थाली

**नई दिल्ली।** त्योहारों के सीजन का उल्लास अब भारतीय रेल के स्टेशनों पर भी देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान जब यात्री अपनी मंजिलों की ओर रवाना हो रहे हैं, तो उनकी सुख-सुविधा का विशेष ध्यान रखने हेतु भारतीय रेल ने 150 से अधिक स्टेशनों पर नवरात्रि व्रत स्पेशल की थाली लॉंच की है। मुंबई सेंट्रल, दिल्ली जंक्शन, सूरत, जयपुर, लखनऊ, पटना जंक्शन, लुधियाना, दुर्ग, चेन्नई सेन्ट्रल, सिकंदराबाद, अमरावती, हैदराबाद, तिरूपति, जालंधर सिटी आदि स्टेशन पर नवरात्रि स्पेशल थाली की सुविधा उपलब्ध है।

## पीएम आवास योजना की चार शर्तें समाप्त : शिवराज

एजेंसी

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में कृषि एवं ग्रामों के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जो भाई बहन छूट गए हैं, उनके लिए आज से सर्वे का काम चालू हो रहा है जो कि आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा।



अब सरकार ने इस योजना में चार शर्तों को समाप्त कर दिया है। पहले जिनके पास फोन थे, मोटरसाइकिल या स्कूटर था, 10000 से अधिक मासिक आमदनी थी, ढाई एकड़, सिंचित अथवा पांच एकड़ तक असिंचित जमीन थी, उन्हें योजना में पात्रता नहीं थी। अब इन शर्तों को हटा दिया गया है। अब 15 हजार तक मासिक आमदनी वालों को भी योजना की पात्रता होगी। मूंग और सोयाबीन के बाद अब मसूर, उड़द और तुअर भी एमएसपी पर खरीदे जाएंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान मंगलवार को सीहोर जिले भैरूंदा में आयोजित ग्राम विकास सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश सहित कई राज्यों में देखा गया। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को संबोधित करते हुए कहा कि ÷मोहन तुम प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर ले जाओ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद और मेरा साथ है। क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार दोनों पैसे देंगी। प्रदेश में और सीएम राइस विद्यालय खोले जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में पांच दोस्तों की दर्दनाक मौत, कोहराम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। कोंडगांव जिले में 3 और सक्ती जिले में 2 दोस्तों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि पहला हादसा जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर हुआ। यहां भैरव मंदिर के पास तीन दोस्त बाइक पर सवार होकर बोरगांव जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही दो की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में शाइन सिटी के खिलाफ कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में शाइन सिटी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 सितम्बर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। विशेष न्यायालय ने पांच अक्टूबर को पीसी का संज्ञान लिया है।

ईडी ने यह जानकारी मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। अब तक पांच पीसी दायर की गई हैं। कुल आठ व्यक्तियों, 13 कंपनियों और नौ पार्टनरशिप फर्मों को आरोपित बनाया गया है। विशेष न्यायालय ने अब तक दायर सभी पीसी का संज्ञान लिया है। इस मामले में अब तक लगभग 189.39 करोड़ रुपये की कुर्की की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ पुलिस की ओर से दर्ज की गई लगभग 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसमें शाइन सिटी से जुड़े लोगों ने निवेश के नाम पर लोगों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की भारी रकम इकट्ठा की थी।

### आरजी कर मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मिले 11 सबूत

**कोलकाता ।** आरजी कर कांड में गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ कुल 11 सबूत मिले हैं। सीबीआई ने मंगलवार को सियालदह अदालत में चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई ने बताया कि आरोपित सिविक वॉलंटियर ही महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या में शामिल था। सीबीआई ने चार्जशीट में दर्ज 11 सबूतों का हवाला देते हुए कहा है कि नौ अगस्त की सुबह आरोपित आरजी कर मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग की चौथी मंजिल पर गया था, जहां घटना घटी। उसकी मौजूदगी के प्रमाण के तौर पर सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन की लोकेशन और डीएनए साक्ष्य शामिल हैं।

## डीएलएड-2024 में प्रवेश के लिए अब तक 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** डीएलएड 2024 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन बुधवार यानि नौ अक्टूबर की रात 12 बजे तक अभ्यर्थी कर सकेंगे। जबकि फीस 10 अक्टूबर को वह जमा कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन और जमा किये गये शुल्क का वह फाइनल प्रिंट 11 अक्टूबर को प्राप्त कर सकेंगे।

ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बुधवार की रात 12 बजे खत्म होने के बाद डीएलएड की वेबसाइट अपने आप लॉक हो जाएगी। अभी तक डीएलएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह जानकारी सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि जिस तरह डीएलएड में ऑनलाइन आवेदन चल रहा है, उससे उम्मीद है कि इस बार सभी सीटें भर जाएंगी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया खत्म होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। पूरी सम्भावना है कि नवम्बर से डीएलएड की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।



उल्लेखनीय है कि कई वर्ष बाद डीएलएड में रिक्त सीटों से ज्यादा अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। वर्ष 2023 में डीएलएड में करीब 90 सीटें रिक्त रह गयीं थीं लेकिन इस बार लग रहा है कि डीएलएड में प्रवेश के लिए आवेदन करने वालों की संख्या करीब तीन लाख तक हो जाएगी। जबकि डीएलएड में कुल 2.40 लाख सीट है। जिसमें प्रदेश के सभी डायट में 10,500 सीट और शेष 2,29,500 सीट डीएलएड के करीब तीन हजार निजी क्षेत्र के कालेजों में प्रवेश होना है जबकि दर्जनभर डीएलएड कालेजों ने मान्यता प्रत्याहरण के लिए शासन में आवेदन किया है।

सुविधा

निगम ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कर्नाटक-महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य की तर्ज पर लिया फैसला

## एक हजार करोड़ से परिवहन निगम खरीदेगा 3108 वोल्बो

▸ संविदा चालक अब कर सकेंगे 62 वर्ष की आयु तक ड्यूटी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्य परिवहन निगम में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कर्नाटक महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य की तर्ज पर से परिवहन निगम के बड़े में अब अपनी वॉल्वो बसें होगी। इस योजना के तहत पहली बार ऐसी एसी और नॉन एसी स्लीपर बसों के साथ हाई एंड लग्जरी वोल्वो का हिस्सा होंगी अभी तक अनुमानित वोल्वो बसों का संचालन किया जा रहा है। राज्य परिवहन निगम



3108 वोल्बो बसें खरीदेगा।

अब यात्रियों को आरामदेह यात्रा मुहैया कराई जायेगी। संविदा चालकों से अब 62 वर्ष की आयु तक ड्यूटी कराने पर मंजूरी होगी। इस योजना के तहत पहली बार ऐसी एसी और नॉन एसी स्लीपर बसों के साथ हाई एंड लग्जरी वोल्वो का हिस्सा होंगी। अभी तक अनुमानित वोल्वो बसों का संचालन किया जा रहा है। कुल हजार करोड़ की लागत से वोल्वो बसें खरीदी जाएंगी। यह फैसला परिवहन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में पारित किया गया। नई वोल्वो बसों में 10 बसें लखनऊ को मिलेंगी। पहली बार एक साथ 3108 बसें और सभी 20 क्षेत्र के लिए एक-एक क्रेन खरीदी जाए। डिपो कार्यशाला साहिबाबाद जिला गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक बसों के लिए 5 करोड़ से चार्जिंग डिपो बनेगा। बोर्ड बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि निगम के अधिकारी बच्चों का संचालन बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 घंटे बैठक करेंगे। सड़क दुर्घटनाओं को पिछले वर्ष की तुलना में कम करने के लिए ड्राइवरों की ट्रेनिंग व्यवस्था और स्वास्थ्य चेकअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुशाषित व प्रकरणो के निस्तारण व परिवर्तन दल के निरीक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक में सेवानिवृत्त नियमित संविदा पर आबद्ध ड्राइवरों को 62 वर्ष की आयु तक ड्यूटी कराने पर मंजूरी मिली। बसें भी इस बार परिवार निगम के बेड़े का हिस्सा बनेगी जो यात्रियों के सफर को अधिक आरामदायक बनाएगी। महाकुंभ 2025 को ध्यान में रखते हुए ये अहम बैठक में अहम फैसले लिए गए। महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन और परिवहन सेवा को बेहतर बनाने के लिए अभियंताओं को संविदा पर रखने का निर्णय लिया गया है। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता अवर अभियंता सिविल विद्युत और सहायक वर्क सुपरवाइजर को 31 मार्च 2025 तक पुनः संविदा पर रखने का फैसला लिया गया है।

**परिवहन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में 32 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एल वेंकटेश्वर वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 249वीं बैठकों में मुहर लगी। परिवार निगम सभागार कक्ष में बैठक के बोर्ड के समक्ष 32 प्रस्ताव रखे गए।**

# डीएम ने कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की, दिए निर्देश

**कन्या शक्ति वंदनः अष्टमी को 1100 कन्याओं का होगा सामूहिक पूजन**

**लखीमपुर खीरी**




मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 10 अक्तूबर को मंडी समिति राजापुर में होने वाले कन्या शक्ति वंदन 1100 कन्याओं के सामूहिक पूजन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में 10 अक्टूबर को कृषि उत्पादन मंडी समिति में कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित होगा, जिसमें परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक, दो, तीन की 1100 कन्याओं का पूजन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल शिरकत करेंगे। इसमें जिले के मा.जनप्रतिनिधि शामिल भी होंगे। डीएम ने आयोजन को भव्य, दिव्य बनाने के लिए अफसरो की भूमिका को रेखांकित किया। निर्देश दिए कि आयोजन के लिए सौपे गए दायित्वो का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाएं। बीएसए को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सभी 1100 कन्याएं स्कूल यूनिफॉर्म में शामिल होंगी। बालिकाओं को लाने ले जाने के लिए 30 वाहन लगाए गए है। वाहनों की पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा टीमें जलपान एवं भोजन गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता टीम में सक्रियता से काम करेगी। डीएम ने कहा कि पांच बालिकाओं पर एक शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई है। यह शिक्षक बालिकाओं के अभिभावकों से मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क में रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के उपरांत जिले पर रिपोर्ट भेजेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया। बालिकाओं के लिए पंडाल में कूलर की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में शामिल सभी 1100 बालिकाओं को बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति से संबंधित प्रचार साहित्य प्रदान किया जाएगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने इस अनूठे एवं वृहद कार्यक्रम में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किए गए प्रबंध को भी रेखांकित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की नेतृत्व मार्गदर्शन में शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। उन्होंने मिनट टू मिनट कार्यक्रम के लिए अधिकारियों का दायित्व निर्धारित भी किया। डीपीओ लवकुश भार्गव ने कार्यक्रम की रूपरेखा को रेखांकित किया।

## डीएम ने 15 ब्लॉकों को तीन सुपर जोन में बांटा

**डीएम** ने कार्यक्रम के सुगम एवं सफल संपादन हेतु 15 ब्लॉकों को तीन सुपर जोन में बाट कर नोडल अधिकारी भी तैनात किए है। प्रथम सुपर जोनः लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड़, बेहजम, कुंभी। (जोनल अधिकारी -डीसी मनरेगा), द्वितीय सुपर जोन : बिजुआ, बांकेगंज धौरहरा, ईसानगर, रमियाबेहड़ ( जोनल अधिकारी-पीडी डीआरडीए) और तृतीय सुपर जोन - मोहम्मदी, पसगवां, मितौली, पलिया, निघासन (जोनल अधिकारी-डीसी एनआरएलएम)। सभी बीडीओ को ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया, जो संबंधित बीईओ से समन्वय रखेंगे।

## टैक्टर की दुकान से बैटरा सहित अन्य सामान चोरी



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम रसूलपनाह में एक टैक्टर की दुकान पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान पर बनने आए टैक्टर के तीन बैटरों सहित तमाम अन्य सामान चोरी किए जाने की घटना की तहरीर पीडित ने पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पीडित व्यापारी लालता प्रसाद पुत्र मंगूलाल निवासी ग्राम पोस्ट रसूलपनाह थाना गोला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उसकी वर्मा ट्रैक्ट्र्स के नाम से दुकान है। जहां ट्रैक्टर बनाने का काम किया जाता है। इसके चलते उसके यहां टैक्टर बनने आए हुए थे। तथा टैक्टर के बैट्रा निकाल कर दुकान मे रखे गए थे। बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए उसकी दुकान में रखे तीन बैट्रों सहित तमाम अन्य सामान आदि ताला तोड़कर चोरी कर लिया। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए पड़े थे। तथा बैट्रा व तमाम अन्य सामान गायब था।

# अनूप गुप्ता विधान परिषद सदस्य समिति की समस्याओं का कराएंगे समाधान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला द्वारा अनूप गुप्ता, प्रदेश महामंत्री (भारतीय जनता पार्टी), विधानपरिषद सदस्य (उत्तर प्रदेश सरकार) के भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी गोला गोकरण नाथ (छोटी काशी) आगमन पर स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति ने समाज से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण विषयों के समाधान के लिए उन्हें प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर श्री गुप्त ने जल्द समाधान कराने के लिए समाज के लोगों को आश्वास्त किया। समिति के सदस्यों ने उनके साथ मौजूद पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल ÷रिंकू÷ को भी सम्मानित किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता सहित नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी शरद गुप्ता सोनू, विजय गुप्ता, आदित्य गुप्ता आदी उपमहामंत्री मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# ऑइंपीफ्रं ने नरसंहार पर रोक लगाने की मांग की

**महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के पदाधिकारियों ने फिलिस्तीन में हो रहे जनसंहार पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग के तहत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। जिसमें कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिचेंगा तो भारत के आम नागरिकों की भी जिदंगी महंगाई और बेकारी से त्रस्त हो जाएगी। एआईपीफ ने फिलिस्तीनियों पर हो रहे जनसंहार पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही इजराइल, संयुक्त राष्ट्र संघ में पास प्रस्तावों चाहे स्वतंत्र फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण और फिलिस्तीनियों के ऊपर हो रहे हमले को तुरंत रोक देने का हो, निरंतर अवहेलना कर रहा है। इजराइल की तमाम सैन्य कार्रवाई को अमेरिका का पूरा समर्थन प्राप्त है। अमेरिका व पश्चिम देशों का शासक वर्ग तेल खदानों, ऊर्जा के स्रोतो पर कब्जा करके मुनाफा कमाने के लिए कर रहा है।वहां के युवक युवतियां, बुद्धिजीवी, आम नागरिक युद्ध के विरूद्ध बड़े संवाद व प्रदर्शन का आयोजन कर रहे हैं। फिलिस्तीन से उठी लड़ाई लेबनान, यमन होते हुए ईरान के दरवाजे पर दस्तक दे चुकी है। आईपीएफ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बीआर गौतम, युवा मंच के जिला संयोजक अली, युवा मंच संयोजक राजेश सचान, जिला संयोजक कृपाशंकर, मजदूर किसान मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र गोंड, युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड, जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, प्रवक्ता मंगरु प्रसाद श्याम, गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, रम विचार गोंड, प्रशांत दूबे, राज कुमारी गोंड ने कहा कि केन्द्र में मोदी की अगुवाई में चल रही एनडीए सरकार अपनी गलत राजनीतिक रणनीति की समझ और कारपोरेट घरानों के मुनाफे के लिए अपनी जनता के हितों के विरूद्ध खड़ी होकर छुपकर और खुले तौर पर इजराइली सैन्यवाद और जनसंहार का समर्थन कर रही है। साथ ही भारत सरकार से मांग की कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ में इजराइल के खिलाफ आए प्रस्ताव से पीछे न हटे। युद्ध के लिए भारतीय भूमि का उपयोग तथा इजराइल के लिए हथियारों की सप्लाई पर तत्काल रोक लगाए।

## सडक सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मंगलवार को श्री गुरु हरिकिशन पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सडक सुरक्षा की शपथ ली। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने छात्र छात्राओं की जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र छात्राओं ने लोगों को नारों व पोस्टरों के माध्यम से जागरुक किया। जिनमे सड़क सुरक्षा सबकी रक्षा, नशे में गाड़ी न चलाना, हेलमेट का प्रयोग करना, सीट बेल्ट बांधने, आदि बिंदुओं पर जोर दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्रों को अराजक व्यक्ति से घबड़ाने की जरुरत नहीं: अपूर्वा शर्मा

**गुड टच, बैड टच सहित विभिन्न जानकारियों को साझा करने की मंशा से सेंट जॉन्स स्कूल में शिविर का आयोजन**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय सेंट जॉन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए जागरुक करने व गुड टच, बैड टच सहित विभिन्न जानकारियों को साझा करने की मंशा से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सुरक्षा के गुर सिखाए गए। यहां पुलिस अधिकारी एस आई अपूर्वा शर्मा, तृप्ति, आरक्षी आरती शर्मा, अंकिता चौधरी, रजनी शर्मा ने छात्राओं को बताया कि किसी भी हमले व अराजक व्यक्ति से कभी घबड़ाने की जरुरत नहीं है। स्वयं को नियंत्रित कर हमलावर का मुकाबला करे। जरुरत पडने पर आस पास से मदद लेने का प्रयास करे। लगातार किसी के युवक के पीछा करने पर परिवारजनों को जरुर बताए, इसमें आपका कोई दोष नहीं है। जबरन किसी दबाव में आकर किसी से कोई समझौता या बात न करे। सुरक्षा के लिए पुलिस कंट्रोल नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 सहित सहित अन्य हेल्प लाइन नम्बर व किसी भी संबंधित अधिकारी को तत्काल अपनी समस्या बताकर किसी अनहोनी से अपना बचाव कर सकती है। एस आई अपूर्वा शर्मा ने छात्राओं को बैड टच व गुड टच के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अपने रिश्तेदार, पास, पडोसी किसी से टच होने पर गलत महसूस होने पर तत्काल परिवारजनो से शिकायत करे। किसी के दबाब व लालच में नही आना स्वयं को सक्षम बनाकर समाज के अराजक तत्वों से निपटने के लिए ही नारी शक्तीकरण अभियान के तहत सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर स्वयं की सुरक्षा करनी है। साथ ही अपनी साथी, सहपाठी की भी किसी समस्या पर उसकी मदद करना चाहिए। एस आई तृप्ति ने छात्राओ को स्वास्थ व स्वच्छता के बारे में जानकारी दी और आई हुई महिला आरक्षियों ने छात्राओ को आत्म रक्षा करने के गुर सिखाते हुए जानकारी दी। कॉलेज की हेडमिस्ट्रेस सीना रोज ने सभी पुलिस कर्मियों का स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षक सचिन गुप्ता सहित कालेज की समस्त शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रही।

## तीन दिवसीय स्काउट शिविर बालिकाओं द्वारा किया गया आयोजित



**संसारपुर खीरी।** विकास खण्ड कुम्भी ग्राम अहमदनगर कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन आराधना शुक्ला के नेतृत्व में तीन दिवसीय स्काउट शिविर बालिकाओं द्वारा लगाया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं में नैतिकता का विकास किया गया स्काउट गाइड शिक्षिकाओं द्वारा आपदा प्रबंधन तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए गए जिसमें 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि राम सक्सेना जी के द्वारा स्काउट शिविर का निरीक्षण किया गया भविष्य में खंड शिक्षा अधिकारी जी ने इस प्रकार की गतिविधियों को चलाने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में समस्त स्टाफ प्रतिभा यादव, रेखा वर्मा, सौरभ, गायत्री मिश्रा, शममता देवी, संगीता देवी वर्मा, कल्पना, शबाना परवीन, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, सुशीला, मंजूलता, संगीता सिंह, अनिल आदि मौजूद रहे।

# नेकी की दीवार के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

**राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना कर हर संभव मदद का भरोसा**



सामाजिक संस्था नेकी की दीवार के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पांच सदस्यीय टीम ने सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात की। यहां संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यो की चर्चा राज्य भवन में राज्यपाल महोदय से करने के साथ उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन लिया। साथ ही संस्था के कार्यो के लिए सुझाव लिए। इस दौरान राज्यपाल ने संस्था के कार्यो के बारे में गहनता से सुना साथ ही हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। संस्था के पदाधिकारियों ने गोमती नदी के उद्गम से लेकर लखनऊ तक के सफर में आने वाली तमाम समस्याओं व घाटों पर गंदगी व अन्य दिक्कतों को लेकर अवगत कराया। साथ ही अवलोकन के लिए अभी तक जो कार्य किए गए, उनकी एक प्रति राज्यपाल महोदया को सौंपी।

संस्था मानव से लेकर पशु, पक्षियों व रोड़ों पर विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं के गलों में रेडियम पटिटयां डालकर उन्हे सुरक्षित करने का भी काम कर रही है। राज्यपाल से मुलाकात के पश्चात प्रतिनिधिमंडल के रजनीश मौर्य, रामनरेश शर्मा, युवराज सिंह, अमनदीप सिंह, गुरमेल सिंह ने बताया कि संस्था समाज में निर्धन परिवारों के शादी विवाह हो या फिर किसी को गंभीर बीमारी की दशा में संस्था मुस्तैदी से सहयोग करने के लिए तत्पर रहती है। हाल में ही बाढ की विभीषिका को देखते हुए संस्था ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों व शारदा के तटवर्तीय क्षेत्रों में गरीबों, बेघर हुए परिवारों व बच्चों के लिए हरसंभव सहयोग किया। संस्था द्वारा यह कार्य अपने दानदाताओं से मिले संचित धन से व्यय किया जाता है। यही नहीं भूकंप सहित प्राकृतिक त्रासदी अिद हर मसले पर संस्था हर संभव समाज के लिए काम कर रही है। संस्था के लोग इस कार्य को पूर्व मनोयोग से करने में अपनी रुचि रखती है। साथ ही संस्था आम जनमानस से निरंतर अपील करने के साथ समाज सेवा का जज्बा कायम करना चाहती है। लोग संस्था से जुड़कर एक मंच के जरिए काफी अच्छा कार्य कर सकते हैं। संस्था के लोगों ने उन लोगों की सराहना की है। जिन लोगों ने संस्था को यहां तक का सफर तय करने में मदद की है। संस्था पूरनपुर के छोटे से कस्बे से शुरु होकर पूरनपुर का नाम पूरे भारत के मानचित्र पर ही नहीं या बल्कि अपने पड़ोसी मुल्कों में भी सेवा में कार्यरत है। मौजूदा समय में संस्था के सदस्य पीलीभीत, लखनऊ, लखीमपुर तक जुड चुके है। संस्था ने एक हेल्प नंबर जारी करते हुए लोगों को इस नंबर 7830229666 से जुड़ने व लोगों के लिए मदद पहुंचाने का संकल्प लिया है।

## किशोर स्वास्थ्य मंच का किया गया आयोजन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता में राष्ट्रीय किशोर/किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच का किया गया आयोजन। जिलापंचायत इंटर कालेज कस्ता में गत दिवस राष्ट्रीय किशोर /किशोरी स्वस्थ्य कार्यक्रम डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के निर्देशन में डॉक्टर के. के. भार्गव द्वारा मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया । चिकित्सा अधिकारी ने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा स्वास्थ्य का महत्व से अवगत कराया कि स्वास्थ्य का जीवन में सर्वोपरि स्थान है एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ मन का निवास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉक्टर के. के.भार्गव तथा नेत्र परीक्षण डा0शशांक मिश्र सरिता मिश्रा काउंसलर शीला वर्मा, एएनएम शिवानी देवी आदि का बैज लगाकर स्वागत किया गया ततपश्चात प्रधानाचार्य एवं डॉ. ने फीता काटकर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया ।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विद्यालय परिसर में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत लोकगीत भजन एवं पोस्टर पेंटिंग रंगोली तथा मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मुनेंद्र कुमार अनिल कुमार राजेश सिंह लालचंद मौर्या मोहिनी मिश्रा लल्लू सिंह अनंत लाल यादव विपिन कुमार अमरीश कुमार गुप्ता एवं बेचेलाल आदि शिक्षक मौजूद रहे। निर्णायक का कार्य प्रदीप कुमार यादव मनीषा मिश्रा तथा सरला देवी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री ने किया।

## वैष्णो दरबार में हुआ निर्धन कन्या का विवाह, ग्रामीण ने उठाया पूरा खर्च

**अनोखा विवाह क्षेत्र में बना चर्चा का विषय**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत भैंठिया निवासी सुरेश भारती का निधन दो वर्ष पूर्व हो गया था। घर में कमाने वाला कोई नहीं। सुरेश की पत्नी के साथ ही उसकी दो पुत्रियां जिसमें बड़ी पुत्री रोशनी विवाह योग्य हो गई थी।लेकिन घर में दो वक्त की रोटी चलाना मुश्किल सुरेश की पत्नी को पुत्री के विवाह की चिंता सताने लगी। गांव के संभ्रांत लोगों ने सुरेश की पुत्री का विवाह रसूल पनाह निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र प्रदीप के साथ तय कर दिया। वह भी गरीब परिवार ही था। यह बात जब सुरेश की पत्नी को पता चली तो उसने कहा कि मेरे पास तो घर चलाने के पैसे नहीं है विवाह कैसे करूंगी। जिस पर गांव के लोगों ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर गांव में सजाए जा रहे वैष्णो दरबार में विवाह की योजना बनाई। अपनी बेटी के विवाह को लेकर चिंतित सुरेश की पत्नी को खुशी का ठिकाना न रहा जब गांव के लोगों ने उसे बताया कि वह सब मिलकर उसकी बेटी के विवाह की सारी व्यवस्थाएं करेंगे। देखते ही देखते ग्रामीणों ने सहयोग से विवाह की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर दी। बारातियों की आवभगत से लेकर दहेज सामग्री का भी इंतजाम किया। रोशनी का विवाह वैष्णो दरबार में एक सामान्य परिवार की बेटी की तरह संपन्न हुआ बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने रोशनी को दान स्वरूप बर्तन, कपड़े, बेड, बक्सा, अलमारी, गहने, कुर्सी, मेज, बाल्टी, पावली, साइकिल, अनाज, पंखा रूपए आदि घरेलू सामग्री दान दी। पंडित संजय शुक्ला ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार वर कन्या का विवाह कराया। वैष्णों दरबार के सेवादारों बैंड बाजों के मध्य गरीब कन्या को विदाई दी। इस मौके पर प्रबंधक जगदीश प्रसाद सोनी,अध्यक्ष सचिन सोनी, ग्राम प्रधान विकास सोनी,रामराखन राठौर, प्रमोद सोनी, मातादीन कश्यप, मोनू श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 73वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फार स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आगाज

- **अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेश का नाम रोशन करे प्रतिभागीः डीएम**
- **जिलाधिकारी ने ली मार्च पास्ट की सलामी, संतरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर दिया शांति का संदेश**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




तीन दिवसीय 73वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फार स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ मंगलवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएम ने विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और संमरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है, जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईर्ष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। उक्त रैली में जनपद के समस्त विकास खण्डों के विद्यालयों के विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संयोजक इशविन्दर सिंह अजमानी ने बताया कि जनपदीय प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागी मण्डलीय खेलों में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसकी मेजबानी इस वर्ष लखीमपुर जनपद को मिली है। उन्होंने बताया कि मण्डलीय खेल दिनांकः 19, 20, 21 अक्टूबर को लालपुर स्टेडियम में सम्पन्न होंगे।

# डिप्टी रेंजर की गाड़ी ने चार को रौंदा, मासूम समेत दो की मौत

**दो बच्चे गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज**

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के आर्यनगर बलरामपुर- महाराजगंज मार्ग पर बहराइच से आर्यनगर होते हुए जा रही अनियंत्रित कार गोपाल बाग के पास एक युवक समेत तीन बच्चों को रौंदते हुये घर के सामने रखे कल्टीवेटर से जाकर टकरा गई। जिसमें एक मासूम बच्ची समेत दो की मौत हो गई है।

जबकि दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह गाड़ी बहराइच में तैनात डिप्टी रेंजर की बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस व परिजनों को देते हुए सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। जहां पर तैनात चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया तथा एक मासूम बालक और बालिका का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर थाना खरगुपुर ले गई। मिली जानकारी के मुताबिक गोंडा जिले के खरगुपुर थाना क्षेत्र के आर्यनगर-महाराजगंज मार्ग पर गोपाल बाग के पास एक कार चालक आर्यनगर से महाराजगंज की तरफ जा रहा था। बलरामपुर महाराजगंज मार्ग पर गोपाल बाग के पास पहुंचा ही था कि शौंच से वापस लौट रहे एक व्यक्ति को ठोकर मारते हुए अनियंत्रित होकर उसके दरवाजे पर रखे कल्टीवेटर से टकराते हुए सम्मय माता मंदिर से पूजा कर घर वापस जा रही दो लड़कियों व एक साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को देते हुए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर तैनात चिकित्सकों ने अंगद लाल विश्वकर्मा उर्फ झुरई लोहार पुत्र राम शब्द उम्र 35 वर्ष गोपाल बाग के रहने वाले तथा शगुन पुत्री पुनीत श्रीवास्तव उम्र 10 वर्ष रुपईडीह गोपाल बाग को मृत घोषित कर दिया तथा घायल परी पुत्री पुनीत श्रीवास्तव उम्र 14 वर्ष निवासी रुपईडीह गोपाल बाग और रौनक पुत्र लवकुश मिश्रा उम्र 12 वर्ष तिवारी पुरवा कमडावा का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर थाना खरगुपुर लेकर चली गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना खरगुपुर कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है तथा वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले की प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## सीडीओ ने जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का किया निरीक्षण

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा अपराह्न 2:00 बजे जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पंतनगर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित मिले निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया की पत्रावलियों को समुचित ढंग से रखना सभी पटल सहायकों के नाम की पट्टिका लगाने एवं सभी कक्ष के सामने अनुभाग बोर्ड लगाने तथा परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए।

## चारागाह की भूमि से नहीं हटा अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन

**हलधरमऊ/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** बीते एक महीने पहले छिटनापुर गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से चारागाह की भूमि को खाली कराए जाने की लेकर शिकायत की थी। मामले में जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए चारागाह की भूमि को खाली कराए जाने के लिए तहसीलदार की अध्यक्षता में सात सदस्यीय टीम का भी गठन किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश कर सीमांकन करा दिया। टीम ने भूमि पर कब्जा किए लोगों से दो दिन में भूमि को खाली करने के लिए चेतावनी भी दी थी। चेतावनी के एक सप्ताह बीत जाने के बाद अभी तक चारागाह की भूमि को खाली नहीं कराया जा सका है। इस संबंध में जानकारी करने हेतु तहसीलदार के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# दुकानों पर छापा पड़ने से हड़कम्प

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।




आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में नवरात्रि पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा ,साबूदाना, रामदाना मूंगफली सहित अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश में अजीत कुमार मिश्र सहायक आयुक्त खाद्य - 2 गोंडा के आदेश पर संजय कुमार सिंह मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गण के द्वारा अंबेडकर चौराहा व जेल रोड पर चौबे जनरल स्टोर गणेश कुमार मिश्रा के यहां निरीक्षण कर मौके पर विकृय हेतु मौजूद कुट्टू आटा नमूना लिया गया है आकाश ट्रेडर्स निर्मल साहू पुत्र बाबू साहू सिविल लाइन जेल रोड नमूना कुट्टू कांटा डेढ़ किलो सीज किया गया सिंघाड़ा आटा 40 किलो सीज किया गया तथा हरिराम जनरल स्टोर जिला पंचायत मार्केट से कुट्टू आटा का नमूना किया गया तथा 8:30 किलो सीज किया गया। अभियान के दौरान अब तक कुल सात नमूने कुट्टू आटा के संग्रहीत किए गये।

# गलत वरासत दर्ज करने के मामले में 4 राजस्वकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई

**डीएम नेहा शर्मा की बड़ी कार्यवाई: जनता दर्शन में मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, 2 लेखपाल और 1 राजस्व निरीक्षक निलंबित**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गलत वरासत दर्ज करने के दो अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए 2 लेखपाल और 2नराजस्व निरीक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं। इनमें से 2 लेखपालों और 1 राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन सभी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है, जबकि एक सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक को भी दोषी पाया गया है।

**पत्नी के स्थान पर भाई के नाम की वरासत**

जिलाधिकारी के जनता दर्शन में 2 सितंबर को ग्राम रमवापुर गोविंदा निवासी रामकिशुन ने शिकायत की थी कि मृतक हरीनाम की पत्नी जीवित होते



हुए भी, वरासत उनके भाई शोभाराम और सहजराम के नाम दर्ज कर दी गई थी। जबकि मृतक के भाई सहजराम द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में माया मौर्या को हरीनाम की पत्नी बताया गया था। इस मामले पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए, जिसमें पाया गया कि वरासत प्रक्रिया को ठीक से पूरा किए बिना विपक्षियों से मिलीभगत कर आदेश पारित किया गया। इस अनियमितता के चलते तहसील गोंडा के लेखपाल विजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच तहसीलदार गोंडा सदर को सौंपी गई है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक राम प्रकाश पांडेय को भी इस गलती का दोषी पाया गया है।

**अदालत में लंबित मामला, फिर भी जारी हुआ वरासत आदेश**

एक अन्य मामले में तहसील गोंडा के लेखपाल बाबूराम को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि वसीयतनामा का मामला तहसीलदार न्यायिक गोंडा सदर की अदालत में लंबित होने के बावजूद, लेखपाल बाबूराम ने ग्राम लोनावादरगाह में खातेदार पिंडी राम की मृत्यु के बाद खाता संख्या 304 और गाटा संख्या 700 के साथ-साथ राजस्व ग्राम सिसई जंगल के खाता संख्या 122 और गाटा संख्या 13 पर, मृतक के वारिसानों के नाम पर वरासत दर्ज कर दी। इन पर विपक्षियों राजेन्द्र उर्फ राजेश और दयाराम से मिलीभगत के आरोप लगे हैं।

जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर लेखपाल बाबूराम को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच नायब तहसीलदार सदर को सौंपी गई है। साथ ही, राजस्व निरीक्षक तहसील गोंडा सदर दिनेश प्रताप तिवारी को भी उनके पदीय कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही और कर्मचारी नियमावली के उल्लंघन के चलते निलंबित किया गया है। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित है।

# स्वयं के मकान में नही रहने दे रहें विपक्षी, ठोकरें खा रहा पीड़ित

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

शनिवार 28 सितम्बर थाना कोतवाली नगर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर एसपी पहुंचे और पीड़ितो की शिकायतों को सुना,निस्तारण के निर्देश दिए।जिसमें पीड़ित दलित पटमेश्वरी पुत्र चौधरी निवासी ग्राम रोहवा मछली गांव थाना कोतवाली देहात ने प्रार्थना पत्र देकर शहर के गिर्द गोण्डा में स्वयं के मकान को कब्जा दिलाने की मांग की एसपी ने कोतवाल को आदेशित किया।की इस प्रकरण में मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।लेकिन कोतवाल एसपी के निर्देश को सिर्फ हवाहवाई समझा,और अभी तक मौके का निरीक्षण नहीं किया। पीड़ित



बार बार थाने का चक्कर लगा रहा है। पूरा मामला पुलिस चौकी महाराज गंज मोहल्ला अंतर्गत हैं।पीड़ित दलित पटमेश्वरी का कागजात दावा है। कि उसके सगे भाई पाटन पत्नी सुधरा के मृत्यु के बाद ब्लड रिलेशन के अंतर्गत भाई की जायजात वारासत कागजात से मेरे नाम दर्ज हैं।

वहीं विपक्षी सत्यवती और सुधरा सगी बहन होने के नाते सत्यवती पत्नी बाबूलाल आधे की हिस्सेदार हैं।और उन्होंने अपने हिस्से में रह भी रहीं हैं।बाकी हिस्सा सुधरा पति पाटन का हैं।लेकिन सुधरा के मकान को सत्यवती नाजायज तरीके से कब्जा कर लेना चाहती हैं।

# मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता शहर के मारवाड़ इंटर कॉलेज बड़गांव गोंडा में संपन्न हुई।प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश मोहन श्रीवास्तव ने किया और संचालन शालिनी चौधरी ने किया।

प्रतियोगिता के आयोजक मारवाड़ इंटर कॉलेज बड़गांव गोंडा के क्रीड़ा अध्यापक शत्रुघ्न शुक्ला रहे। आज की प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-अंडर- 17 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती,उपविजेता बहराइच, अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता गोंडा, उप विजेता श्रावस्ती, अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती, उप विजेता गोंडा, अंडर-19 बालिका वर्ग में विजेता श्रावस्ती, उप विजेता बहराइच, अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता श्रावस्ती रही। आज इस प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र वर्मा और संदीप शुक्ला ने रेफरी की भूमिका निभाई। शिव शंकर जी स्कोरर रहे। इसके अलावा आज की इस प्रतियोगिता में जिला क्रीड़ा सचिव गोंडा राजेश चंद्र पांडे, बलरामपुर के क्रीड़ा सचिव मोहम्मद सोहेल, श्रावस्ती के क्रीड़ा सचिव आशीष कुमार, प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जिला मंत्री सहदेव सिंह, अंशु सिंह, रीतिका चौहान, राधेश्याम पांडे, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार मिश्रा, शिव सागर श्रीवास्तव, अमित कुमार यादव, अश्विनी कसेरा, रक्षा राम, महेंद्र मिश्रा, सतीश चंद्र पांडे, राकेश कुमार पांडे,अलख राम, पारस आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर हुई पंचायत सचिव पर कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के वजीरगंज ब्लॉक की ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मौर्या के खिलाफ लापरवाही और घूसखोरी के गंभीर आरोपों के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। इस मामले में सुनीता मौर्या को वर्ष 2024–25 के लिए मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। मामला तब सामने आया जब परसिया मदरहा गांव के निवासी भगौती प्रसाद ने अपनी स्वर्गीय माता राम लली का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था, लेकिन एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद उन्हें प्रमाण पत्र नहीं मिला। शिकायतकर्ता भगौती प्रसाद ने आरोप लगाया कि 29 जुलाई 2024 को आवेदन करने के बावजूद प्रमाण पत्र जारी करने में जानबूझकर देरी की गई। यह भी बताया गया कि आवेदन को 30 जुलाई को उप जिलाधिकारी तरबगंज से खंड विकास अधिकारी के पास भेजा गया था, लेकिन उसके बाद भी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से इसे 22 अगस्त को ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मौर्या को सौंपा गया। इसके बावजूद प्रमाण पत्र जारी करने में जानबूझकर देरी की गई। इतना ही नहीं, भगौती प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत अधिकारी उज्जवल कुमार, जो सुनीता मौर्या के पति हैं, ने प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में उनसे पैसे की मांग की। वह लगातार एक महीने से कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। भगौती प्रसाद ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं और बार–बार कार्यालय आने–जाने के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। मामला जिला विकास अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद तेजी से जांच की गई और 9 सितंबर 2024 को मैन्युअल रूप से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया, जबकि 22 सितंबर 2024 को इसे ऑनलाइन भी जारी किया गया। इसके बाद 24 सितंबर को भगौती प्रसाद को उनके घर जाकर प्रमाण पत्र सौंपा गया। 25 सितंबर को भगौती प्रसाद ने खुद मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रमाण पत्र मिलने की पुष्टि की और उन्हें परेशान किए जाने की जानकारी दी।

# बाढ़ के पानी में डूबकर बालिका की मौत

**पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, अन्य बाल-बाल बचे**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



शिवपुर में मंगलवार को नदी के बांध पर चार से बच्चे एक साथ खेल रहे थे। खेलते समय एक बालिका का पैर फिसल गया।

जिसके चलते उसकी बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई। जबकि अन्य बाल बाल बच गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम पंचायत के मजरा मक्कापुरवा गांव निवासी गुड़िया (6) पुत्री लवकुश गांव निवासी अनूप (8), करिश्मा (4) और मोहित (3) के साथ खेल रहे थे। सभी खेलते सरयू नदी के बांध के पास पहुंच गए। खेलते समय बालिका पहले से भरे बाढ़ के पानी में डूब गई। पास मौजूद अन्य बच्चे बाल बाल बच गए। सभी ने सूचना परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। बालिका के शव को गांव के लोगों ने पानी से बाहर निकाला। ग्राम प्रधान वारिस अली और थाने के उप निरीक्षक राजेश पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिका की मौत से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

# डीजे के शोर की शिकायत करना परिवार को पड़ा भारी

**दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, तीन घायल**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

शहर के मोहल्ला बशीरगंज में तेज आवाज में बज रहे डीजे की शिकायत करना एक परिवार को भारी पड़ गया। मंगलवार सुबह दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट करने के साथ महिलाओं के साथ अभद्रता की। मारपीट में युवक समेत तीन घायल हो गए हैं। अभी केस दर्ज नहीं हुआ है। कोतवाली नगर के बशीरगंज चौकी के निकट राजू निगम रहते हैं। मंगलवार सुबह तेज आवाज में कुछ लोग डीजे बजा रहे थे। इसकी शिकायत राजू निगम ने कर दी। इससे दबंग लोग नाराज हो गए। दबंग सुबह सात बजे राजू निगम के घर में घुस गए। जमकर परिवार के लोगों को पीटा। महिलाओं से अभद्रता की। पीड़ित लोगों ने चौकी और कोतवाली में सूचना दी, लेकिन एक घंटे तक न चौकी इंचार्ज पहुंचे जिस पर दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। कुछ देर बाद डायल 112 की पुलिस पहुंची। पीड़ित लोगों ने कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी, लेकिन अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है। इस मामले में कोतवाल दिनेश कुमार पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डीजे की शिकायत करने पर मारपीट हुई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# ग्रामीण अंचलों में रोकी जाए बिजली कटौती : सुदामा मिश्रा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



**छह तहसील व 22 थानों के प्रमुखों के साथ आयोजित हुई बैठक**

श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में तहसील प्रमुख, थाना प्रमुख व पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण के माहौल में मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल से ही बिजली कटौती होने के कारण पूजा पण्डालों में अंधेरा छा जाता है अविलंब विधुत कटौती रोकी जाए।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए।महासमिति ने प्रशासन से मांग है कि शहरी व ग्रामीण अंचलों में विद्युत व्यवस्था ठीक करें तथा विसर्जन स्थलों की व्यवस्थाएं अविलंब सही करें।बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बैज, पटका, महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्य सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान राम शुक्ला,शिवशरण सिंह ,कन्हैया सोनी,विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव,पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,लव कुमार द्विवेदी,ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी,सत्येंद्र शुक्ला,विनोद कुमार रस्तोगी, सुधाकर मिश्रा,सुरेश गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता युवराज,हरि शंकर,बैजनाथ रस्तोगी, राज कुमार सोनी,पंकज केवट, सोनल त्रिपाठी मौजूद रहे।

## कांटे के मुकाबले में बहराइच राइडर्स टीम विजयी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही वेदवान प्रीमियर लीग के द्वितीय संस्करण के आज तीसरे दिन बहराइच पैंथर्स एवं बहराइच राइडर्स के बीच मुकाबला खेला गया। मैच का शुभारंभ सांसद आनंद गौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। मुख्यअतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार जीत एक हिस्सा है हमको जीत हार ना सोचकर खेल भावना से खेल खेलना चाहिए और अपने जिले का और राज्य का नाम रोशन करना चाहिए। बहराइच राइडर्स के कप्तान निखिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बहराइच राइडर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 138 रन बना पाई।

# उपद्रवियों ने टेंपो और पंपिंग सेट में लगाई आग, की तोड़फोड़

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के ग्राम पंचायत करेहना में मुनीम की हत्या के मामले में छह लोगों पर केस दर्ज हुआ। इसके बाद शाम को उपद्रवियों ने उत्पात मचाते हुए टेम्पो में आग लगा दी। मकान में तोड़फोड़ भी की। इसको लेकर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के मजरा माधवपुरवा गांव निवासी बीयर दुकान के मुनीम गिरधारी लाल मिश्रा (45) का शव गांव के तालाब में सोमवार सुबह मिला था। भाई और पुत्र प्रशांत मिश्रा ने गांव निवासी शकील, रईस, मुस्तकीम, जुबेर समेत अन्य पर मवेशी हांकने के विरोध में



अगवा कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शाम को ही छह लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद बहुसंख्यक समाज के लोगों ने शाम को उपद्रव मचाया। इसको देखते हुए थाने की भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। हल्का दरोगा अशोक कुमार पासवान ने बताया कि सिर्फ एक टेम्पो जलाया गया है। स्थिति सामान्य है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# एसओजी पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग पर अड़े लोग



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

**पुलिस की पिटाई से मौत की बात कह रहे है परिवारीजन**

शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा दक्षिणी निवासी एक युवक तीन अक्टूबर को जुआ खेलते पकड़ा गया था। जिसकी लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। परिवार के लोग एसओजी टीम पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग को लेकर घर के सामने ही प्रदर्शन कर रहे हैं। बिना केस दर्ज किए सभी शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कह रहे हैं।कोतवाली नगर इलाके के नाजिरपुरा में जिला पंचायत सदस्य की बेकरी में चल रहे जुए को एसपी द्वारा गठित टीम ने पकड़ा था। मौके से जिला पंचायत सदस्य की पत्नी सहित 12 जुआरी गिरफ्तार हुए थे। इनमें पुलिस ने तीन अक्तूबर को गुदड़ी मोहल्ला निवासी हनीफ उर्फ शानू समेत बारह लोगों को नाजिरपुरा में जिला पंचायत सदस्य चुन्न उर्फ गोगे की फैक्टरी में जुआ खेलते समय पकड़ा था। शुक्रवार को उसकी जमानत होने के बाद हालत बिगडने पर अस्पातल में भर्ती कराया गया था, जहां से परिजन उसे लखनऊ स्थित अस्पताल ले गए थे।सोमवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सभी एसओजी टीम पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

इस मामले में एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस पिटाई के चलते मौत होने की बात निराधार है, सभी आरोपियों को पुलिस लाइन में रखा गया था। दबिश के दौरान 15 फीट ऊंचाई से कूदने के चलते चोट लगी थी। जिला पंचायत संदस्य, उनकी पत्नी और शानू पर हत्या का केस भी दर्ज है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी।

# बालिका दिवस पर एक दिन के लिए डीएम बनीं कामिनी सिंह



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

बहराइच समृद्धि न्यूज़ संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द के नेतृत्व में बाल शिक्षा निकेतन बहराइच की कक्षा 10 की छात्रा कामिनी सिंह को जिलाधिकारी बनाया गया। जबकि विकास भवन सभागार में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में छात्रा सुमेधा सिंह को एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, तथा चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली से प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# घाघरा पीड़ित परिवारों के लिए सपाईयों ने सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचे। सभी ने बाढ़ तथा कटान से बेघर हुए लोगों को आवास दिलाने और भेड़िया के हमले में घायल परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामहर्ष यादव की अगुवाई में मंगलवार को दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए कहा कि महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िए के हमले हो रहे हैं। लेकिन वन विभाग इसको नकार रहा है, जिसके चलते पीड़ित परिवारों को मुआवजा



नहीं मिल पा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक महसी क्षेत्र में एक माह पूर्व बाढ़ और कटान में कई ग्रामीणों के मकान गिर गए हैं लेकिन पत्रों को भ्रष्ट्र अधिकारी आवास का लाभ नहीं दे रहा है। सभी ने सर्च अभियान चलाकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए भेड़िया को पकड़वाने जिले के तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार को बंद करवाने, थानों से वसूली बंद करवाने और पीड़ितों की रिपोर्ट तत्काल लिखे जाने की मांग की प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिप सदस्य सुंदर लाल बाजपेई, शैलेश सिंह शैलू समेत अन्य मौजूद रहे।

मिशन शक्ति फेज 5.0

# सीडीओ की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

▸ सीडीओ ने केक काटकर कन्या जन्मोत्सव का किया शुभारम्भ



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान फेज़ 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के दृष्टिगत महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने केक कटवा कर एवं नवजात बच्चियों के माता-पिता को बेबी किट और मिष्ठान वितरण के साथ ही उनको बेटियों के जन्म पर बधाई व शुभकामनायें दी।

ज़िला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बालिकाओं के माता पिता को कन्या सुमंगला योजना के लिए प्रोत्साहित किया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति ने कहा कि जिस प्रकार हम समाज में बेटों को महत्व देते हैं उनके जन्म पर खुशियां मनाते है उसी प्रकार हमें बेटियों के जन्म पर भी मिठाई बांटकर खुशी मनाना चाहिए एवं वह अपनी बेटियों का अति शीघ्र मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में नामांकन करा दें जिससे महिला कल्याण विभाग की योजना का लाभ उनकी बिटिया को भी मिल सके ज़िला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा योजना में मिल रही धनराशि व छः श्रेणी में प्राप्त होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में वन स्टॉप टीम मेम्बर द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिला को मिल रही सुविधाओं व सेवाओं, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तारपूर्वक बताया गया। सरकार द्वारा चलाये जा रही निशुल्क हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 साइबर फाइनेंशियल ठगी, इत्यादि नंबरों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर जन्मोत्सव में महिला चिकित्सालय की सीएमएस अन्य स्टाफ एवं वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## खून से लथपथ महिला का हाईवे पर मिला शव

**बछरावा रायबरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक महिला हादसे का शिकार हो गई जिसका शव क्षत विक्षत अवस्था में मृत पाया गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने का प्रयास प्रारंभ कर दियाद्य घटना दिनांक 7 अक्टूबर देर रात 11:30 बजे सोमवार की है। जब बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर यदुवंशी ढाबा के सामने एक महिला सोना पत्नी हीरालाल निवासी थुलेडी अज्ञात वाहन से से हादसे का शिकार हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला का निचला हिस्सा पूरी तरह से कुचल चुका था। और ऊपरी हिस्से में मामूली चोटे आई थी। घटना को देख रहे आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत विक्षत अवस्था में खून से लथपथ पड़ी हुई महिला सोना के शव को कब्जे में लेकर बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस के द्वारा महिला की पहचान सोना पत्नी हीरालाल के रूप मे हुई है,तथा शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस के लिए भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया है घटना की जानकारी प्राप्ति है प्रथम दृष्ट्या मामला किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से महिला की मौत हुई है।

## शराब के नशे में पिता और पुत्र में खूनी संघर्ष



**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदा खेड़ा गांव में एक ऐसी घटना घटित हुई जिसने रिश्तो को एक बार फिर से शर्मसार कर दियाद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की शराब के नशे में पिता और पुत्र में खूनी संघर्ष देखने को मिला, जहां पुत्र ने पिता के ऊपर पत्थर से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया तो मारपीट में पुत्र भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। विदित हो कि घायल पिता राम बहादुर उम्र 60 वर्ष स्वर्गीय छेदालाल निवासी नंदा खेड़ा एवं उसके पुत्र हरिराम पुत्र राम बहादुर उम्र 24 वर्ष निवासी नंदाखेड़ा के बीच मदिरापान करने के पश्चात जंग छिड़ गई जब जंग ने भयानक मारपीट का रूप धारण कर लिया तो ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को अलग किया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी, मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों घायलो को इलाज किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया, परंतु पिता राम बहादुर की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य ग्रामीणों की मानी जाए तो उनका कहना है कि पिता और पुत्र दोनों शराब पीने की आदी हैं किसी मामूली बात में दोनों एक दूसरे से मारपीट करने के लिए आमादा हो गए, वहीं अस्पताल प्रशासन द्वारा मारपीट में घायल हुए दोनों घायलों की सूचना पी आई माध्यम से स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

## मिशन शक्ति अभियानः नामित डीएम विशालाक्षी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व आत्मविश्वास को जागरूक एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने खेरवा नसीराबाद रायबरेली निवासी एसडी पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट टॉपर मेधावी छात्रा व बीएससी में अध्ययनरत विशालाक्षी को एक दिन के लिए नामित जिलाधिकारी बनाया गया। विभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतीकात्मक रूप व कार्यालयाध्यक्ष के रूप में 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई के दौरान आये हुए फरियादियों के शिकायत पत्र आवास, भूमि विवाद, पुलिस विभाग, व्यापार आदि से जुड़ी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व पुलिस थानों को फोन के माध्यम से शिकायतों को त्वरित निस्तारित हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान व कार्यक्रम के तहत बालिकाओं व महिलाओं के अन्दर आत्मविश्वास व विश्वास बढ़ाने व भविष्य में लोगों की समस्याओं को समझने के लिए जनपद में विशालाक्षी को एक दिन का नामित जिलाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति, नारी सुरक्षा ,नारी स्वाबलंबन से सम्बन्धित विविध जागरूकता आयोजन व कार्यक्रम चलाये जा रहे है। अभियान चलाकर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, महिला उत्पीड़न की रोकथाम, लैंगिक समानता एवं महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है।

नामित जिलाधिकारी विशालाक्षी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन का नामित जिलाधिकारी बनकर बहुत अच्छा लगा। मैं भविष्य में लगन व मेहन से पढ़ाई कर आईएएस बना चाहूँगी। जिससे में देश व समाज के लोगों की सेवा कर सकू।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन



**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवी खेड़ा मजरे राघवपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती काजल पुत्री रामकिशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, हालत बिगड़ने पर पारिवारिक जन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पारिवारिक जनों की मानी जाए तो उनका कहना है कि घर पर कोई भी मौजूद नहीं था मां और पिता खेतों में काम के लिए गए हुए थे, हालत बिगड़ने पर आसपास के लोगो द्वारा सूचना दी गई, मौके पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से इलाज के लिए उसे अस्पताल में गए।

## हरियाणा में हैट्रिक लगाने पर भाजपाइयों में उत्साह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



हरियाणा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी क्यों मिली अपार सफलता के अवसर पर प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व बछरावां विधानसभा प्रत्याशी डॉ मातादीन पासी के द्वारा भाजपा की प्रचंड जीत पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया तथा डॉक्टर मातादीन पासी ने कहा कि मोदी का जादू एक बार फिर चला है लोगों ने विकास को पहली प्राथमिकता दी और हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के ऊपर भरोसा किया तथा जलेबी की फैक्ट्री लगाने वालों को उखाड़ फेंका तथा लड्डू से जलेबी मात खा गई इस मौके पर डॉक्टर एमके सिंह डॉक्टर शिव कुमार सिंह कवि राज संत सेवक आंगनू मनमोहन मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सुंदर-सुंदर झांकियां एवं भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध



**महराजगंज रायबरेली।** जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हजारों की संख्या में लोग रहे मौजूद। पिछले 39 वर्षों से लगातार जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में नवरात्रि महोत्सव मनाया जाता रहा है। इसी कड़ी में अबकी बार भी माता का दरबार सजा हुआ है ।तथा समिति के अध्यक्ष प्रभात साहू द्वारा विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा हैं। मुकेश शुक्ला जागरण ग्रुप द्वारा तमाम तरह की झांकियां सजाई गई हनुमान जी के ऊपर शंकर जी के ऊपर माता जी के ऊपर झांकियां बनाई गई जिसे देखकर आए हुए लोग गदगद हो उठे और जय माता रानी के जयकारों से जसवंतरी देवी मंदिर गूंज उठा। वही सिंगर एकता ठाकुर सुल्तानपुर द्वारा माता रानी के सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। इस मौके लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, पुत्री महराज जय नारायण वर्मा, कोतवाल बालेंदु गौतम, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पीयूष साहू, काके सरदार सहित हजारों की संख्या में माता रानी के दरबार में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा।

### मूर्ति विसर्जन की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए राजघाट, शहीद स्मारक मुंशीगंज, आस्तिक मंदिर लालूपुर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किए जायें। विसर्जन वाले दिन घाटों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए स्थान का चिन्हांकन करा लिया जाए। साथ ही गहरे पानी में बचाव के लिए बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी हरचंदपुर मौजूद रहे।


### कार की टक्कर से वृद्धा सहित बाइक सवार तीन घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नावा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य परंतु उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की वृद्ध महिला भगवान देई पत्नी मैकूलाल उम्र 60 वर्ष निवासी जवाहर खेड़ा अपनी बहू कोमल पत्नी विनोद कुमार उम्र 24 वर्ष निवासी जवाहर खेड़ा के साथ बीते कई दिन पूर्व एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहू के मायके हरचंदपुर थाना क्षेत्र के जोहवासर्की गांव गई थी, जब वह अपने गांव अपनी बहू के भाई बिंदेश कुमार पुत्र बुधई लाल उम्र 26 वर्ष निवासी जोहवासर्की के साथ बाइक से वापस आ रही थी, तभी कन्नावा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस में तीनों घायलो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### उप निबंधक ने ग्रहण किया कार्यभार, लोगों में खुशी

**उतरौला (बलरामपुर)।** पिछले कुछ दिनों से उतरौला रजिस्ट्री दफ्तर का उप निबंधक पद रिक्त था, जिससे लोगों को रजिस्ट्रेशन संबंधित कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब शासन के आदेशानुसार, बलरामपुर जिले के गृह जनपद निवासी सर्वेश कुमार सिंह ने मंगलवार को उतरौला के उप निबंधक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले उन्होंने लखनऊ, बाराबंकी, और पलिया कलां में उप निबंधक पद की जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनके अनुभव और कार्यकुशलता से स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि वह यहाँ भी अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाएंगे।

### शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**सादुल्लानगर(बलरामपुर)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र रेहरा बाजार के प्रशिक्षण हाल में मंगलवार को शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन निपुण शपथ दिलाई गई और फीडबैक लिया गया। प्रशिक्षण में कुल 500 शिक्षक शिक्षामित्र प्रतिभाग कर रहे थे। पांच चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित एफएलएन के चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन खंड शिक्षा अधिकारी रेहरा बाजार रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि निपुण लक्ष्य पर गंभीरता से सभी शिक्षक कार्य करें और समय-समय पर बच्चों का आकलन भी करें। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार व शनिवार को निपुण लक्ष्य ऐप पर शिक्षण कार्य करें। प्रशिक्षण में ट्रेनर नीरज पांडेय, कमाल अहमद,राजेंद्र प्रसाद,चंद्रधर पाठक,अरविंद कुमार गुप्ता एवं प्रतिभाग करने वाले शिक्षको में बृजेश कुमार यादव, संतोष कुमार मिश्रा, परशुराम मौर्य, अंकित श्रीवास्तव, अनीता, अंशु मौर्या, दिनेश कुमार वर्मा, राम जनक वर्मा, पूनम श्रीवास्तव, अपराजिता शुक्ला, आकांक्षा, पूजा यादव आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 387 अभ्यर्थी चयनित


**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली द्वारा पंचशील सम्राट अशोक महाविद्यालय, ऊंचाहार रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न पदों हेतु ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल, बुसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लिमिटेड, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, शिव शक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि., पुखराज हेल्थ केयर, जी.फोर.एस. सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा.लि., क्यू प्लस सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा.लि. आदि कम्पनियों द्वारा प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया। जिसमें से 387 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया जबकि कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अभी प्रतीक्षित हैं।

रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में बी.एन. मौर्य (प्रबंधक) एवं सत्यभामा (ब्लाक प्रमुख) विशिष्ट अतिथि द्वारा मेले का शुभारम्भ किया गया तथा विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सुश्री तनुजा यादव, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी (मेला प्रभारी) ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। श्री सर्वेश कुमार राय द्वारा प्रतिभागियों की काउंसलिंग की गयी व मार्गदर्शन दिया गया। पंचशील सम्राट अशोक महाविद्यालय, ऊंचाहार, रायबरेली के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र सिंह तथा भारत सरकार यंग प्रोफेशनल श्री रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

## राम वन गमन की लीला देख दर्शन हुए भावुक



**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के मोहल्ला 84 में चल रही 16 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला मैं सोमवार को राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया जिसे देख दर्शन भाव विभोर हो गए स्थानीय कलाकारों द्वारा सोमवार कोप भवन लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया इस दौरान राम वन गमन की लीला देख कर लोग भावुक हो गए अयोध्या में मुनि वशिष्ठ के निर्देशन में श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी पूरे अयोध्या में प्रसन्नता का माहौल था यह देख रानी कैकेयी की दासी मंथरा से रहा नहीं गया तो वह कैकेयी को राम के राज्याभिषेक का समाचार देती है इस समाचार से कैकेयी तो बड़ी प्रसन्न होती है, किन्तु मंथरा अपने छ्ल-कपट भरी बातों से कैकेयी को भ्रमित कर राजा दशरथ से भरत को अयोध्या का राजा बनाए जाने की मांग करने का सुझाव देती है।कैकेयी कोप-भवन में चली जाती है रानी कैकेयी राजा दशरथ से देवासुर संग्राम के समय से दशरथ के पास धरोहर के रूप में रखे दो वरदान मांगती है पहला भरत का राज्याभिषेक व दूसरा राम को 14 वर्ष का वनवास रानी के हठ के आगे बेबस होकर दशरथ को दोनों वरदान देने पड़ते हैं जिस पर राम माता-पिता की आज्ञा के पालन को शिरोधार्य कर वन जाने को तत्पर हो जाते हैं लक्ष्मण और सीता भी राम के साथ वन जाने को तैयार हो जाते हैं चला करो द्वारा प्रस्तुत की गई लीला नाइट्राइएशकों का मन मोह लिया इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ लीला अधाछ राकेश पांडेय अमरेश पाण्डेय शुभम गौड़ आशीष कुमार एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

**रायबरेली।** रायबरेली के अहिया रायपुर रामलीला कमेटी में कलाकारों द्वारा फुलवारी, सीता स्वयंवर, धनुष-यज्ञ, राम-सीता विवाह, लक्ष्मण-परशुराम संवाद जैसे सुंदर मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत के दृश्य में दिखाया जाता है कि राजा जनक के पास भगवान शिव का दिव्य धनुष था। वह मंच में बने महल की आकृति में एक जगह स्थापित किया गया था। उसे कोई नहीं हिला सकता था। एक दिन अपने घर में जमीन पर गोबर का लेप लगाने के दौरान जनक नंदिनी सीता ने धनुष को उस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रख दिया और वह अपना कार्य करने लगीं। सीता के इस कृत्य को देखकर महाराजा जनक को बहुत ही आश्चर्य हुआ। तब उन्होंने सोचा कि इस पुत्री में कोई अलौकिक शक्ति है। राजा जनक ने निश्चय किया कि सीता का



विवाह ऐसे पराक्रमी से किया जाएगा, जो भगवान शिव के पिनाक नामक धनुष को भंग करेगा। तभी जनकपुर में सीता के स्वयंवर का आयोजन किया जता है । इसकी घोषणा सुनकर दूरदराज से पराक्रमी राजा धनुष यज्ञ में शामिल होते हैं। विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे। रंगमंच स्थल पर अनेक देश के राजाओं ने आकर स्वयंवर में धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई धनुष को हिला तक नहीं सका ।राजा रावण और वरासुर भी धनुष यज्ञ में शामिल हुआ। वह सीता को स्वयंवर में प्राप्त नहीं कर सका। तब उसने कहा कि हे सीते एक दिन तुम्हे लंका जरूर ले जाउंगा। जब कोइ धनुष नहीं उठा सका तो राजा जनक चिंतित हो उठे। गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को भंग कर दिया।

# पति की प्रताड़ना और लापरवाही से नवजात की मौत

▸ दोनों पक्षों ने कोतवाली उतरौला में दर्ज कराई शिकायत

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला के राजा नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत के मामले में विवाद गहरा गया है। मृतक शिशु के पिता ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया, वहीं प्रसूता के पिता ने पति और ससुरालवालों के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत कोतवाली उतरौला में दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच शुरू कर दी है।

**प्रसूता के पिता का आरोप- पति और ससुरालवालों की प्रताड़ना से बिगड़ी बेटी की हालतः** प्रसूता के पिता अब्दुल सलाम, निवासी पिपरा रामचंदर, ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी आफरीन की शादी करीब दो साल पहले फिरोज पुत्र गामा, निवासी ग्राम करगहिया, से हुई थी। शादी के बाद से ही फिरोज और उसके परिवार वाले आफरीन को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते आ रहे थे। उनका आरोप है कि फिरोज दहेज में एक लाख रुपये की मांग कर रहा था और रकम न मिलने पर लगातार आफरीन को प्रताड़ित करता था। रविवार को आफरीन की तबीयत बिगड़ने पर उसके ससुरालवालों ने फोन कर आफरीन के माता-पिता को बुलाया। प्रसूता की मां शाहीन बानो तुरंत बेटी को लेकर राजा नर्सिंग होम, उतरौला पहुंचीं, जहां डॉक्टरों ने अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसे तुरंत भर्ती करने की सलाह दी। लेकिन, फिरोज ने अपनी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराने के बजाय घर ले जाने का निर्णय लिया, जिससे उसकी हालत और खराब हो गई। गंभीर हालत में आफरीन को दोबारा राजा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। प्रसूता के पिता का आरोप है कि प्रसव के बाद फिरोज और उसके परिवार ने आफरीन को अस्पताल में छोड़ दिया और वे वापस नहीं लौटे। नवजात के शव को नानी के सुपुर्द कर दिया गया, जिन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया।

> इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह ने भी जांच के बाद स्पष्ट किया कि महिला का सिजेरियन ऑपरेशन नहीं किया गया था और बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ था। उन्होंने कहा कि बच्चे के शव को उसके नानी के सुपुर्द कर दिया गया था।

दूसरी ओर, आफरीन के पति फिरोज ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनके नवजात बच्चे की मौत हुई। उन्होंने अस्पताल के खिलाफ कोतवाली उतरौला में शिकायत दर्ज कराई और डॉक्टर पर सही इलाज न करने का आरोप लगाया।

### पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया

प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिल चुकी हैं और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल की लापरवाही और प्रताड़ना के बीच फंसा मामला


यह मामला अब पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष जांच के लिए प्रस्तुत है, जहां दोनों पक्षों के आरोपों की तहकीकात की जा रही है। स्थानीय लोग और प्रसूता के परिवार को उम्मीद है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होगी, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा विस चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर उत्सव

**उतरौला (बलरामपुर)।** हरियाणा विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली ऐतिहासिक विजय का जश्न भाजपा कार्यालय उतरौला पर मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जीत की बधाई दी। भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा, मैं सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और सम्मानित मतदाताओं को हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत की हार्दिक बधाई देता हूँ। उन्होंने इस विजय को पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सीवी माथुर, सुधीर श्रीवास्तव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने नवीनीकरण न कराने पर रजा नर्सिंग होम किया सीज

**उतरौला (बलरामपुर)।** जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशों के तहत आज मंगलवार को रजा नर्सिंग होम, उतरौला को बंद कर दिया गया। इस कार्रवाई को चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला और निजी प्रतिष्ठान पटल सहायक की निरीक्षण टीम द्वारा अंजाम दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, रजा नर्सिंग होम ने 2023-24 और 2024-25 के लिए नर्सिंग होम का नवीनीकरण नहीं कराया था। नवीनीकरण न होने के कारण नर्सिंग होम को सीज करने का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि नर्सिंग होम के पास नियमानुसार लाइसेंस





और आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे थे। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर चर्चा शुरू हो गई है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय ने बताया कि यह कार्रवाई सरकारी आदेशों के तहत की गई है और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## नवरात्र और दशहरा के मद्देनजर पुलिस व इंडो नेपाल सीमा पर एसएसबी की संयुक्त पेट्रोलिंग

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्योहार शारदीय नवरात्र, दुर्गापूजा और दशहरा के मद्देनजर इण्डो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए आज बलरामपुर जनपद में पुलिस और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में किया गया, जिसमें अवैध मादक पदार्थों, गोवंश तस्करी और अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया गया।

पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने इण्डो-नेपाल सीमा क्षेत्र में गहन



निरीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। यह पेट्रोलिंग अभियान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और गोवंश की अवैध व्यापार को रोकने के लिए चलाया गया, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा और दशहरा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इण्डो-नेपाल सीमा पर बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए इस प्रकार की संयुक्त पेट्रोलिंग का उद्देश्य अवैध तस्करी और आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करना है। पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के इंतजाम और अधिक सख्त किए जाएंगे और जनसहयोग से ही शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। यह संयुक्त पेट्रोलिंग अभियान केवल एक शुरुआत है और आने वाले दिनों में इसे और भी अधिक सख्त और विस्तृत रूप से लागू किया जाएगा।

## आलोचना करने का हक

सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति–नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये राहतकारी है जो राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर होने पर दमन का शिकार बने। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा–कदा आती रहती हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह का शिकार बने हैं। ये आने वाला वक्त बताएगा कि कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में सरकारें अपनी रीति–नीतियों में कितना बदलाव करती हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की। शीर्ष अदालत ने इस तरह उन सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया जो आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफआक्रामक हो जाते हैं। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफकी गई आलोचना को सहजता से लेते थे। बाकायदा संसद में विपक्षी सांसद अखबार की प्रतियां लहराकर खुली बहस की मांग किया करते थे। यही वजह है कि हालिया टिप्पणी के दौरान शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संविधान के अनुच्छेद की याद दिलायी। इस तरह कोर्ट ने बेबाकी से सत्ता की निरंकुशता के खिलाफ मुखर रहे पत्रकारों को संबल ही प्रदान किया है। यह विडंबना है कि कई राज्यों में सत्ताधीशों ने तल्ख आलोचना, कार्टून बनाने तथा सोशल मीडिया पर की गई आलोचना को लेकर दुराग्रह दिखाया। इसमें मुकदमे दर्ज करने , गिरफ्तारी और जेल के सीखचों के पीछे डालने के मामले भी सामने आए। राजनेताओं में अब आलोचना के प्रति वह सहिष्णुता नजर नहीं आती, जो समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं की अपरिहार्य शर्त है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि राजनेता किसी आलोचनात्मक टिप्पणी के बाद आक्रामक मुद्रा में आ जाते हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफदर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। विगत के वर्षों में शीर्ष अदालत व्यापक संदर्भों में कह चुकी है कि सरकार की आलोचना करने को राष्ट्रद्रोह की संज्ञा नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद निरंकुश सत्ताधीश अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति सदियों से चली आ रही है कि जो कुछ सरकारें जनता से छिपाना चाहती हैं, उसे उजागर करने वालों को अपना दुश्मन मान लेती हैं। फिर साम–दाम–दंड–भेद से उस आवाज को खामोश करने में लग जाती हैं। धीरे–धीरे सरकारें आलोचनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने लगीं। दरअसल, सत्ताधीशों को ढोल की पोल खुलने का भय सताता रहता है। दुनिया के सभ्य समाजों व जागरूक लोकतंत्रों में आलोचना को स्वीकार करने की समृद्ध परंपराएं विद्यमान हैं। इसी से किसी देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं, सामाजिक विकास और उन्नति का मूल्यांकन किया जाता है।

# अब वक्त भारत के विमर्श को गढ़ने का

प्रहलाद सबनानी

आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है।

ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में ÷शुभ-लाभ÷ की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे ÷शुद्ध लाभ÷ की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से ÷शून्य लाभ÷ के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।



**सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में 卐वसुधैव कुटुम्बकम卐 की भावना का संचार करते है।**

ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ की भावना का संचार करते है। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है। अतः भारतीय सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के हितार्थ समस्त देशों को अपनाना चाहिए, आज यह विमर्श खड़ा किए जाने की सख्त आवश्यकता है।


पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है।

साथ ही, भारत में संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है। पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे-छोटे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराइयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। भारत ने विश्व का दिल जीता है÷ एवं भारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार है, सेवा कार्य भारतीय नागरिकों के डीएनए में है जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है।

## विचार

# संकट में है, विश्व-शांति

रमाकांत नाथ



दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हो चुका है। यह युद्ध क्या रूप लेगा, इसका अनुमान लगाना कठिन है। एक तरफरूस और चीन जैसे देश हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश। दुनिया के राष्ट्र दो गुटों में बंटे हुए हैं और अपने-अपने हितों की ओर बढ़ रहे हैं। उनकी महत्वाकांक्षा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से दुनिया को परेशान कर रही है। दुनिया में आम लोगों के दमन ने शोषण को बढ़ा दिया है। अन्याय ने अत्याचार को जन्म दिया है। अशांति, भय, आतंक और आशंका के माहौल के कारण विश्व-शांति दूर की कौड़ी लगती है।

दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए बने संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने ऐसा कुछ नहीं किया है और दुनिया की प्रमुख शक्तियों ने उससे ऐसा कुछ नहीं करवाया है। दुनिया में अशांति का कारण क्या है, हम बार-बार युद्ध क्यों झेल रहे हैं, राष्ट्रों के बीच संघर्ष क्यों हैं? निकी वॉकर की किताब श्हम क्यों लड़ते हैं? संघर्ष, युद्ध और शांतिश् तथा स्टीव किलेलिया की पुस्तक अराजकता के युग में शांति ने हमें वर्तमान समस्याओं को हल करने के तरीके खोजने तथा विश्व में सतत विकास प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कई बातें उजागर की हैं। जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था, तब यह माना गया था कि यह हफ्तेभर में समाप्त हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

रूसी आक्रमण से यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिकी सहायता ने अप्रत्यक्ष रूप से हथियारों के बाजार को लाभ पहुंचाया है तथा पूरे यूरोप में युद्ध, पलायन, विस्थापन और शरणार्थी मुद्दों के माहौल ने बहुत उथल-पुथल मचा दी है। यह युद्ध अब रूस के साथ चीन और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देशों के बीच युद्ध में बदल गया है, जो बहुत ही भयानक रूप लेने वाला है। दुनिया के अमीर और परमाणु शक्ति-संपन्न देशों के पास 10,000 से अधिक परमाणु हथियार हैं। उनमें से कुछ के ही उपयोग से मानव जीवन और मानव सभ्यता पूरी तरह से गायब हो जाएगी। यह जानते हुए भी तानाशाह लड़ते रहते हैं और परमाणु हथियारों के उपयोग की धमकी देते रहते हैं। मध्य-पूर्व में ईरान, तुर्की, जॉर्डन और लेबनान जैसे इस्लामी देश गाजा पट्टी और पश्चिमी तट पर इजरायल के हमले के कारण इजरायल के खिलाफ हैं।

हमास-हूती-हिजबुल्लाह जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई और अमेरिका द्वारा उसके समर्थन ने अप्रत्यक्ष रूप से मध्य-पूर्व में विनाश को जन्म दिया है। जब एक आतंकवादी संगठन तालिबान अफगानिस्तान जैसे देश को नियंत्रित कर शासन चला रहा है, तो यह असंभव नहीं है कि दुनिया के सभी आतंकवादी संगठन एकजुट होकर इस दुनिया से लोकतंत्र की मौत का कारण बनें। तानाशाहों, हिंसक आतंकवादियों के कारण आज दुनिया में शांति से रहना असंभव हो गया है।एकतरफावाद और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। तानाशाहों और आतंकवादियों के पास कोई सिद्धांत या आदर्श नहीं होता। वे किसी धर्म को भी नहीं मानते। इसके बजाय, वे अपनी राय दूसरों पर थोपते हैं। तानाशाहों और आतंकवादियों की ताकतों के पीछे कॉर्पोरेट हैं। वास्तव में कॉर्पोरेट ताकत ही दुनिया पर राज कर रही है और यही आज की अशांति का मुख्य कारण है।

**रूसी आक्रमण से यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिकी सहायता ने अप्रत्यक्ष रूप से हथियारों के बाजार को लाभ पहुंचाया है तथा पूरे यूरोप में युद्ध, पलायन, विस्थापन और शरणार्थी मुद्दों के माहौल ने बहुत उथल-पुथल मचा दी है। यह युद्ध अब रूस के साथ चीन और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देशों के बीच युद्ध में बदल गया है, जो बहुत ही भयानक रूप लेने वाला है। दुनिया के अमीर और परमाणु शक्ति-संपन्न देशों के पास 10,000 से अधिक परमाणु हथियार हैं।**

कॉरपोरेट सत्ता आतंकवादी संगठनों के लिए हथियार बना रही है, कॉरपोरेट सत्ता ने तानाशाहों को विश्व व्यापार के लिए लालची बना दिया है, डॉलर से बांध दिया है और दुनिया की प्रमुख संस्थाओं ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक आदि के माध्यम से कर्ज देकर तीसरी दुनिया को पूरी तरह से बांध लिया है। कॉरपोरेट सत्ता ने दुनिया के संसाधनों को हड़प लिया है और पूरी दुनिया में आतंक, अशांति, संघर्ष पैदा किया है जिसकी परिणति युद्ध में होती है। इस संबंध में डेविड कॉर्टन की एक बहुचर्चित पुस्तक है, श्व्हेन कॉरपोरेशन्स रूल द वर्ल्ड। कॉरपोरेट शासन किस तरह वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और विश्व शांति को नुकसान पहुंचा रहा है, यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मध्य-पूर्व में कई वर्षों से चल रहे और हाल के युद्ध के पीछे अमेरिका अप्रत्यक्ष रूप से इजरायल का समर्थन कर रहा है। मौजूदा सरकार की इस्लाम विरोधी नीतियों के प्रचार और इस्लाम विरोधी कदमों के कारण भारत अब सभी इस्लामी देशों के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। इसी तरह, दक्षिण-एशिया में चीन के प्रभाव के कारण भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध खो चुका है और संघर्ष में पड़ गया है। यह असंभव नहीं है कि ये सभी संघर्ष आगे चलकर युद्ध में बदल जाएं, जिससे दक्षिण-एशिया में एक और युद्ध हो। यह असंभव नहीं है कि ताइवान पर चीन का लालच, तिब्बत पर चीन का अधिकार और कोरियाई प्रायद्वीप पर दो कोरिया के बीच युद्ध, उत्तर-कोरिया को दक्षिण-कोरिया पर हमला करने के लिए मजबूर कर देगा।


## अब ईरान दोहरे निशाने पर

अंततः ईरान ने पलटवार किया और इजरायल पर बैलेस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी। करीब 180 मिसाइलों का आक्रमण इजरायल पर किया गया, लेकिन उसकी वायु रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' ने अधिकांश मिसाइलों का हमला नाकाम कर दिया। इसके बावजूद मध्य और दक्षिण इजरायल में कुछ मिसाइलें गिरीं, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान का हमला आकस्मिक नहीं था। अमरीका इजरायल को सचेत कर चुका था और खुफिया एजेंसी 'मोसाद' की भी लीड्स मिल रही थीं कि ईरान बहुत जल्द हमला कर सकता है। चूंकि ईरान-इजरायल के दरमियान करीब 2000 किलोमीटर की दूरी है, लिहाजा इजरायल ने यथासमय रणनीति बना ली थी कि आक्रमण को किस तरह ध्वस्त करना है।

इजरायल ने यथासमय अपने नागरिकों और निवासियों को भी 'बंकरों' में चले जाने की सूचना दे दी थी। येरुशलम और तेल अवीव जैसे महत्वपूर्ण शहरों में सायरन गूंज रहे थे। भीषण विस्फोटों की आवाजें भी सुनी जा रही थीं। इजरायल छोटा-सा देश है, लेकिन उसका सुरक्षा-कवच वाकई 'अभेद्य' है। आक्रमण कर ईरान ने अपनी कुंठा पूरी कर ली थी कि उसने हमास के मुखिया इस्माइल हनियेह, हिजबुल्लाह के सरगना नसरल्लाह और ईरान के एक कमांडर की हत्याओं का बदला ले लिया, लेकिन इजरायल की ताकत और लडने़ की क्षमता जस की तस बरकरार है। यही नहीं, इजरायल ने अपनी उत्तरी सीमा से सटे लेबनान में जमीनी ऑपरेशन शुरू कर हिजबुल्लाह के लड़ाई के कई ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' भी कर दिया है। बीते 7 अक्तूबर, 2023 को हमास हमले के बाद उत्तरी इजरायल से 60,000 से अधिक इजरायली नागरिकों ने पलायन किया था। अब इजरायल उस इलाके को हिजबुल्लाह-मुक्त कर अपने नागरिकों की वापसी तय करना चाहता है। आश्चर्य है कि लेबनान की सेना ने इजरायली ऑपरेशन के लिए रास्ता ही छोड़ दिया। आत्मसमर्पण कर दिया। इजरायल इस जमीनी ऑपरेशन के जरिए लेबनान में हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूद कर देना चाहता है।

बेशक ईरान का हमला स्वाभाविक था, क्योंकि पश्चिम एशिया में उसकी पुरानी धाक का सवाल था। प्रमुख इस्लामी देश भी इजरायल के खिलाफ, ईरान के साथ, नहीं हैं। बहरहाल हमला इतना सिलसिलेवार और जबरदस्त था कि अमरीका के 'व्हाइट हाउस' में राष्ट्रपति बाइडेन को तुरंत अपनी सुरक्षा-टीम को तलब करना पड़ा। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रक्षा मंत्री से विमर्श कर तुरंत रणनीतियां तय की गईं और सेना को निर्देश दिया गया कि वह इजरायल की तरफ जाने वाली मिसाइलों, ड्रोन्स और अन्य विस्फोटकों को बेअसर करे, मार गिराए और इजरायल के अस्तित्व की रक्षा करे। इस हमले से पहले 14 अप्रैल, 2024 को भी ईरान ने 300 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से इजरायल पर हमला किया था। तब भी अमरीका ने उसकी सुरक्षा की थी। इस तरह ईरान-इजरायल टकराव में अमरीका का भी प्रवेश हो गया। इजरायली हमले की योजनाएं बनाई जा चुकी हैं।

इजरायली सेना ने समय और स्थान की बात करते हुए कहा है कि ईरान पर पलटवार किया जाएगा। सवाल है कि क्या अब ईरान अमरीका और इजरायल के दोहरे निशाने पर आ गया है? क्या यहां से कथित युद्ध का विस्तार होगा और नए यौद्धिक समीकरण सामने आएंगे? अमरीका को ईरान का परमाणु कार्यक्रम चुभता रहा है। उसके सभी नक्शे अमरीका के पास हैं। क्या अमरीका ईरान के परमाणु संयंत्र को निशाना बनाते हुए कोई हमला करेगा? इजरायल का निशाना ईरान के तेल भंडारों और ढांचों पर है। यदि उन पर हमला किया गया, तो विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। विश्व में इस समय कई मोर्चों पर युद्ध जारी हैं। मध्य-पूर्व में जो तनाव बढ़ रहा है, उससे कई देश चिंतित हैं।



# राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# इजरायल-हमास युद्ध का एक साल



7 अक्टूबर, 2023 को ठीक एक साल पहले हमास ने इजरायल पर और जवाब में इजरायल ने फिलीस्तीन के गजा पर बमबारी कर उस युद्ध की शुरुआत की थी जो अब तक न केवल जारी है बल्कि और भयावह शक्ल ले चुका है। इजरायली सेना द्वारा गजा के उन अस्पतालों को निशाना बनाया गया था जिनमें बच्चे आए तो थे इलाज कराने पर जान गंवा बैठे थे। उस आक्रमण को एक तरह से नरसंहार ही बतलाया गया था लेकिन उस वक्त भी पूरा पश्चिम जगत इजरायल के साथ था। जो मुल्क फिलीस्तीन के साथ थे, उनकी आवाज इतनी कमजोर थी कि वह ताकतवार पश्चिमी देशों द्वारा दबा दी गयी थी।

एक ओर तो इजरायल साल भर में उसके द्वारा मारे गये हमास के लड़ाकों की संख्या जारी कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर इस लड़ाई में फिलहाल ईरान का तथा कुछ अरसा पूर्व लेबनान का शामिल होना बतलाता है कि स्थिति एक तरह से बेहद विस्फोटक है। कई सामरिक विशेषज्ञ तो इसे तीसरे महायुद्ध की बाकायदा शुरुआत के रूप में ही देख रहे हैं। अरब-इजरायल लड़ाई जिस मोड़ पर खड़ी है वहां विश्व बिरादरी द्वारा शांति प्रयासों के गम्भीर प्रयासों की जरूरत है, न कि इसे हथियार बेचने का अवसर समझने की। बहरहाल, इजरायल ने बताया है कि उसने इस एक साल के दौरान गजा में हमास के 17 हजार लड़ाकों को मार गिराया है। एक हजार को तो इजरायल के भीतर ही मौत के घाट उतारा गया। आईडीएफ कही जाने वाली इजरायली सेना ने गजा पट्टी, वेस्ट बैंक तथा लेबनान पर दागे गये रॉकेटों की संख्या भी सूचित की है।

इजरायली सेना का दावा है कि उसने गजा में 40300 ठिकानों पर हमले किये। 4700 बंकरों को उसके द्वारा नष्ट किया गया। हमास के 8 बटालियन कमांडरों को मौत के घाट उतारा गया। 165 कंपनी कमांडर या उसके समकक्ष मारे गये सो अलग। 800 से ज्यादा उन आतंकवादियों को मार गिराने का दावा आईडीएफ ने किया है जो ज्यादातर ईरान समर्थक संगठनों से सम्बद्ध थे। रिपोर्ट में इजरायल के 728 सैनिकों के मारे जाने तथा 4576 सैनिकों के जख्मी होने को स्वीकारा गया है। इस युद्ध का विस्तार भी होता चला गया है। हमास के अलावा हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठन भी शामिल हो गये हैं। हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाये गये अभियानों में इजरायल ने लेबनान पर भी आक्रमण किये हैं।

उसके अनुसार हिजबुल्लाह के लड़ाके ईरान में छिपे हुए हैं इसलिये उनके ठिकानों पर भी बमबारी की गयी है। विशेषकर उसके बेरूत स्थित खुफिया मुख्यालय पर हमले किये गये। दूसरी तरफ हिजबुल्लाह का भी दावा है कि उसने इजरायल के हाइफा शहर के दक्षिण में स्थित सैन्य ठिकाने पर बमबारी की जिसमें 10 इजरायली मारे गये। लड़ाई के एक साल पूरा होने पर इजरायल ने गजा पट्टी में विस्थापितों को आश्रय देने वाली एक मस्जिद तथा स्कूल पर हवाई हमला किया जिसमें 25 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। इस दिन को किसी जश्न की तरह मनाने के अंदाज में इजरायल द्वारा सैन्य प्रदर्शनी की गयी जिसमें वे हथियार, उपकरण, वाहन आदि प्रदर्शित किये गये जो लड़ाई में इस्तेमाल किये जा रहे हैं।

इजरायल ने साफ किया है कि उसने जवाबी कार्रवाइयों कर 41 हजार से ज्यादा लोगों को एक साल में मारा जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। उपरोक्त आंकड़े जारी करना तथा सैन्य प्रदर्शनी करने के अलावा इस मौके पर लोगों में जोश भरने के उद्देश्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू ने हमास को पूरी तरह से खत्म करने की कसम तो खाई ही, यह साफ किया कि कोई उसका साथ दे या न दे- यह संकल्प उनका देश पूर्ण करेगा। इजरायल ने पहले ही कह दिया था कि वह जल्दी ही ईरान पर भी बड़ा हमला करेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ईरान ने इजरायल पर लगभग 200 मिसाइलें दागी थीं। इसका बदला लेने की बात नेत्यनाहू ने दोहराई। इस लड़ाई की पहली सालगिरह पर जिस तरह से नये आक्रमणों तथा बदला लेने की बातें हो रही हैं उससे साफ है कि इसका हल फिलहाल किसी के पास नहीं है। है भी तो उसकी मंशा किसी की नहीं है। इस लड़ाई ने जहां पूरे गजा को मलबे में बदलकर रख दिया है, वहीं युद्ध का विस्तार पूरे मध्य पूर्व में होता भी दिख रहा है। इसके कारण वाणिज्यिक महत्व के लाल सागर और हिंद महासागर के समुद्री रास्ते भी खतरे से भर गये हैं।

यह वो समुद्री मार्ग हैं जिनसे होकर कई महाद्वीपों का परस्पर कारोबार होता है। लाल सागर एवं अदन की खाड़ी में एक भारतीय व्यापारिक पोत पर हूती विद्रोहियों द्वारा गुजरात के पोरबंदर से 217 समुद्री मील की दूरी पर ड्रोन से हमला किया गया था। इसमें आग लग गई थी और इसे किसी तरह से भारतीय तट रक्षक बचाकर लाये थे। विश्व के कुल अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय का 10 फीसदी इसी मार्ग से होता है- खासकर कच्चे तेल की आपूर्ति। इस युद्ध के एक साल होने पर इसे खत्म करने का संकल्प लेना होगा। अंतरराष्ट्रीय संगठनों को चाहिये कि सभी युद्धरत पक्षों को समझाइश देकर लड़ाई रुकवाए। हालांकि यह कठिन है, पर और कोई रास्ता नहीं है। स्थिति को विस्फोटक बनाने के बजाय शांति प्रयासों की आवश्यकता कहीं अधिक है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# व्यापारी पुत्र की हत्या, कई घंटे नहीं उठने दी लाश, रिपोर्ट दर्ज

▸ थाने के चंद कदम की दूरी पर हुई घटना

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना जरिया के चंद कदम दूरी पर सोमवार देर रात हत्यारों ने बेखौफ होकर व्यापारी के पुत्र की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी। शव को लेजाकर एक नलकूप के हौदी में डाल कर लकड़ियों से ढक दिया।पुलिस ने आज लाश बरामद की है।पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच हेतु फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच की हैए घटना से आक्रोशित परिजनो ने दो बजे तक तक पुलिस को शव नहीं उठाने दिया।परिजनों की तहरीर पर एक ज्ञात व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## मारपीट के डर से पत्नी ने रात में नहीं खोला था दरवाजा

हमीरपुर। पिता धूराम गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा पुत्र मृतक प्रदीप गुप्ता शराब पीने का आदी है और शराब पीकर पत्नी व बच्चों के साथ अक्सर मारपीट करता है इसी से तंग होकर वह उससे अलग रहते हैं बीते रविवार को भी उसने पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट की थी और भाग गया था बाद में वो उसकी पत्नी व बच्चों को अपने घर ले आए थे उन्होंने बताया कि बीती रात आठ बजे करीब वह कहीं से खाना लेकर घर आया था और दरवाजा खोलने को कह रहा था मगर मारपीट करने के भय से दरवाजा नहीं खोला तो वह दरवाजे पर ही खाना रखकर चला गया था और फिर सुबह उसकी हत्या हो जाने की सूचना मिली है थाने से 500 मीटर दूरी पर हुई इस घटना से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जरिया थाना से पांच सौ मीटर दूर सड़क से बीस मीटर दूर एक खेत के किनारे हत्यारे हत्या की घटना को अंजाम देते रहे और पुलिस अनजान बनी रही।

पुलिस के मुताबिक पवई गांव निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता(42) की थाना जरिया के ठीक सामने किराना की दुकान है। सोमवार की रात वह घर से बाइक लेकर निकल गया। रात भर प्रदीप के घर न लौटने से परिजन भी परेशान रहे। उसका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बताता रहा।

मंगलवार की सुबह पिता भूरा गुप्ता परिजनों और ग्रामीणों के साथ प्रदीप की खोजबीन को निकला तो उसे अमगांव मार्ग में सड़क से बीस मीटर दूर प्रदीप की बाइक मिली। 50 मीटर दूर दूसरे खेत में लगे भूपसिंह राजपूत के नलकूप के टैंक के अंदर प्रदीप का शव पड़ा था। उसके ऊपर लकड़ियां डाली गई थी ताकि किसी को जल्दी शव का पता न चल सके। प्रदीप का शव मिलने से परिजनों में चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलते ही सीओ घनश्याम सिंह थाना प्रभारी भरत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम ने जांचपड़ताल की घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को शव उठाने से मना कर दिया करीब दो बजे के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर सुशील व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक विनीता पहल ने बताया कि भूपसिंह राजपूत के नलकूप में शव मिला है मृतक शराब का आदी था अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। पिता से बातचीत करने के बाद प्रथम दृष्टया मृतक के सराबी दोस्तो द्वारा मृतक की हत्या की गई होगी। साक्ष्य संकलन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# छोला छाप के इंजेक्शन लगाते ही वृद्धा की मौत

▸ उच्चाधिकारियों से शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




भ्रष्ट अधिकारियो के संरक्षण में पल रहे झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से एक महिला को गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। चिकित्सक ने अपने सहयोगियों के साथ मृतका को गाड़ी में लादकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सको ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुस्करा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी मां किशोरी गुप्ता पत्नी रामगोपाल 60 वर्षीय के मुंह में छाले होने की शिकायत पर मौदहा कस्बे के गल्ला मंडी गेट के सामने सारा क्लिनिक एंड हेल्थ केयर सेंटर में इलाज हेतु लेकर आए जहां चिकित्सक डॉक्टर अफजाल अहमद ने तत्काल इंजेक्शन लगा दिया इंजेक्शन लगाते ही महिला की हालत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते उसकी हालत खस्ता हो गई चिकित्सक ने अपनी गाड़ी में लादकर स्टाफके साथ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सक सानिब ने मृत घोषित कर दिया मृतका की पुत्री सुनीता द्वारा जानकारी दी गई की प्राइवेट अस्पताल सारा क्लिनिक के चिकित्सक के द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने पर उसकी मौत हो गई। खास बात यह है कि जनपद भर में उच्च अधिकारियों के संरक्षण में चल रहे झोलाछाप डॉक्टर किसी मरीज को आए दिन मौत के घाट उतार देते हैं और कुछ दिन बाद मामला रफा दफा हो जाता है इसके बाद फिर झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान फलने फूलने लगती है। डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार का कहना है कि इस मामले की जांच करायी जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### बाईपास निर्माणाधीन पुलों का डीएम ने किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हमीरपुर बाईपास के निर्माणाधीन सेतुओं का मौके पर जाकर विभिन्न साइटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बेतवा नदी पर बन रहे सेतु का निरीक्षण किया जहां पर पिलर्स के काम पूर्ण हो चुके थे तथा पथवे व स्लैब का निर्माण कार्य होना शेष था। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कास्टिंग यार्ड का निरीक्षण किया यहां पर सेतुओं के निर्माण में प्रयुक्त किया जा रहे सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा जरूरी निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रोहान नाला पुल एवं यमुना नदी पर बन रहे सेतु तथा इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए गए रोड निर्माण का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए इसमें किसी भी तरह के लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आईआईटी आदि के माध्यम से नियमित रूप से थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण प्रोजेक्ट का लेआउट आदि का भी अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था कर सभी कंपोनेंट में एक साथ कार्य किए जाएं ताकि निर्धारित समय से कार्य पूर्ण हो सके। हमीरपुर बाईपास प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 6 सेतुओं का निर्माण किया जाना है।

### मंगेतर से विवाद होने पर किशोरी ने फांसी लगाई

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में मंगलवार को शादी से पहले मंगेतर से प्रताडित हो एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने मामले की जांच पडताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय गौरादेबी मोहाल निवासी मुस्कान(17) पुत्री विजय कुमार अपने दीदी कंचन के यहां रहती थी उसकी शादी तीन माह पहले गढ़ा(जालौन) गांव में गुड्डू के साथ तय हुई थी शादी के पहले ही मुस्कान की विवाद होने वाले पति से हो गया और उसने आज सूनसान घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### नयी मत्स्य सहकारी समितियों का गठन के लिये आवेदन मांगें

हमीरपुर। मछुवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बहुउद्देश्यीय मत्स्य सहकारी समिति गठन करने का फैसला शासन ने लिया है। इसके लिये मछुवारो से आवेदन मागे गये है। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमाकांत ने मंगलवार को बताया कि शासन ने मछुवारो के हित के लिये नयी मत्स्य सहकारी समितियों के गठन को कहा है ताकि इस समुदाय के व्यक्तियों को रोजगार व आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। समिति गठन के बाद मछुवारे मत्स्य विपणन,मत्स्य पालन कर सकेगा। इसके लिये संबंधित व्यक्ति आफलाइन व आन लाइन आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिये कुछेछा विकास भवन स्थित मत्स्य सहायक निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

### हमलावरों ने फायर कर प्रधानपति की कार तोड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के करगवां गांव में प्रधानपति पर गांव के आधा दर्जन लोगों लाठी व कुल्हाड़ी से हमला कर मारपीट कर दी। प्रधानपति ने खेतों में भाग कर जान बचाई। प्रधानपति ने कार में रखी ढाई लाख रुपए की नकदी लूटने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। करगवां गांव निवासी विनय राजपूत पुत्र खूबचंद ने बताया कि वह प्रधान प्रतिनिधि हैं। सोमवार की शाम करीब सात बजे वह चार पहिया गाड़ी से गोहांड ब्लाक से अपने गांव करगवां जा रहा था। तभी गांव में पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे गांव के पांच लोगों ने कार में लाठी व कुल्हाड़ी से तोड़फोड़ शुरू कर दी। बताया कि जैसे ही वह गाड़ी से उतर कर भागा तो लोगों ने मारपीट शुरू दी और फायर कर दिया। जिससे वह बाल बाल बच गया। बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर खेतों की ओर भाग गया। आरोप लगाया है कि कार में रखें ढाई लाख रुपए भी ले गए हैं। जो मकान की रजिस्ट्री के लिए लाया था। बताया कि उसकी चार पहिया गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। फायरिंग व रुपए निकालने की बात झूठी है।

### सद्भावना भवन में तीन दिवसीय चैतन्य नव देवियों की झांकी का कार्यक्रम संपन्न



**महोबा।** क्षेत्र संचालिका राजयोगिनी बीके सुधा बहन ने नवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिन तक बराबर तीन – तीन देवियों का अध्यात्म अर्थ बताया। सरस्वती, लक्ष्मी और गायत्री इन देवियों के आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए कहा कि सरस्वती – ज्ञान दायनी, हंसवाहिनी, वीना वादिनी आदि नामों से पुकारा जाता है। हंस स्वक्षता और पवित्रता का प्रतीक है और साथ ही नीर क्षीर का प्रतीक भी है। लक्ष्मी समस्त लक्षणों से युक्त जो कि जीवन को न्यारा और बनाने का प्रतीक है। गायत्री – जो की ज्ञान के कलश द्वारा अज्ञान अंधकार को मिटाने वाली और ज्ञान की प्यास बुझाने वाली मां गायत्री कहलाती है। वैष्णो – जो कि विषय विकारों को जड़ से खत्म करने वाली निर्विकारी जीवन बनातीं है। दुर्गा – एक ऐसी शक्ति का प्रतीक है जो की मनुष्य के जीवन से सभी दुर्गुणों का नाश कर देती है जिससे व्यक्ति गुणवान वा चरित्रवान बन जाता है। मीनाक्षी – सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने वालीं ऐसी शक्ति। उमा – जो कि हरेक के अंदर उमंग और उत्साह बढ़ाने वाली। ज्ञान गंगा – ज्ञान की ऐसी गंगा जो की अनंत और अविनाशी है जिससे मनुष्य को कई जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाती हैंऔर उनका जीवन श्रेष्ठ और महान बना देती हैं। संतोषी – संतोष जनक कार्य को कराने वाली जिससे बड़े से बड़े कार्य सहज रूप से सफल हो जाते है। ऐसे हम सबकी प्यारी मां। कार्यक्रम में शामिल सभी बालकलाकारों ने तीनों दिन बहुत ही उमंग और उत्साह से अपनी नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की। हर दिन बीके बहनों द्वारा दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन दिए गए।

### खुदकुशी कर रही किशोरी की पुलिस टीम ने बचाई जान

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है व इसी दौरान विभिन्न सराहनीय कार्यों का सम्पादन पूर्ण मनोयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया जाता है। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित पीआरवी वाहन 5820 को प्रातः करीब 06.48 बजे सूचना प्राप्त हुई कि हमीरपुर चुंगी मकनिया पुरा के पास एक किशोरी अन्दर से दरवाजा बन्द करके आत्महत्या करने जा रही है। इस सूचना पर पीआरवी 5820 में कमाण्डर हेड कांस्टेबल अजय सिंह, पायलट– होमगार्ड सत्यवीर सिंह की टीम तत्काल 03 मिनट में ही पहुंच गयी, घटनास्थल पर देखा तो एक लड़की अपने घर के अंदर से दरवाजा बन्द किये हुए थी और दरवाजे की साइड से देखने पर पता चला कि वह छत मे लगे पंखे में डुपट्टे के माध्यम से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाने की कोशिश कर रही है। पीआरवी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये दरवाजे पर तेजी से धक्का दिया गया जिससे कुंडी टूट गयी और दौड लगाकर किशोरी को फांसी के फंदे से छुटाते हुए बचाया गया। लड़की से जब आत्महत्या का कारण पीआरवी कर्मियों द्वारा पूछा गया तो उसने बताया कि मेरे घर वाले मेरी इच्छा के विरुद्ध शादी करना चाह रहे हैं, मैं अभी शादी करने की इच्छुक नहीं हूं।

# सरीला के बौखर से झबरा रोड की जांच खुद करेंगे अधीक्षण अभियंता

▸ पीडित ने प्रमुख सचिव से मिलकर बतायी अपनी पीड़ा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सरीला क्षेत्र के बौखर से झबरा गांव तक एक सौ बीस लाख कीमत से निर्मित दो किलोमीटर सड़क एक साल में पूरी तरह ध्वस्त होने के मामले की शिकायत ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम के अलावा लोनिवि के प्रमुख सचिव से की है,वही लोनिवि के अधीक्षण अभियंता सुनीलकांत ने मामले की जांच स्वयं करने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक लोनिवि से निर्मित की गयी सड़के एक तरफ बनती जाती है दूसरी तरफ कुछ माह बाद उखड़ना शुरु हो जाती है अपनी कमियों को छिपाने के लिये लोनिवि जिले में संचालित ओवरलोड को दोषी ठहरा कर अपना पल्ला झाड लेते है,विभागीय सडको की वास्तविकता की जानकारी ग्रामीणों ने सीधे शासन को अवगत कराना शुरु कर दिया है। एक करोड बीस लाख कीमत से बनी सडक एक साल में टूट जाने से सभी लोग आश्चर्य चकित हो गये है। वही अधीक्षण अभियंता अमूद गांव निवासी जयनारायण वर्मा ने लोनिवि के प्रमुख सचिव से मिलकर अपनी पीड़ा बतायी प्रमुख सचिव ने आश्वासन दिया है उनके साथ न्याय होगा जांच करायी जायेगी। वही सीडी दो के सहायक अभियंता राधेश्याम गुप्ता का कहनाहै कि यह सड़क एक साल पहले बनी थी खदान रोड होने के कारण इसमे जमकर ओवरलोड संचालित हुआ है इसलिये सड़क टूट गयी है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है,डिप्टी सीएम के यहा तक मामला जाते देख एसई भौचक्के रह गयेहै।

### प्रमुख सचिव के आदेश पर चीफ इंजीनियर ने रुरीपारा गांव जाकर ध्वस्त सड़क की देखी दुर्दशा

हमीरपुर। मुस्करा ब्लाक के रुरी पारा से छानी गांव तक लोनिवि सीडी दो द्वारा बनायी गयी सड़क दो माह में ही ध्वस्त हो गयी थी,यह सड़क बांदा के ठेकेदार द्वार निर्मित की गयी थी जिसकी दूरी सात किलोमीटर बतायी गयी है,सड़क ध्वस्त होने के बाद ग्राम प्रधान रुरीपारा ने मामले की शिकायत लोनिवि के प्रमुख सचिव अजय सिंह चौहान से की थी ,प्रमुख सचिव मे मामले को गंभीरता से लेते हुये मामले की जांच चीफ इंजीनियर बांदा को सौपी थी चीफ इंजीनियर एमके शर्मा ने आज रुरी पारा गांव जाकर मामले की छानबीन की उन्होने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया है कि हर हाल में दूसरी सड़क बनायी जायेगी। इधर ग्राम प्रधान रुरी पारा धीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि यदि उन्हे न्याय नही मिला या ठेकेदार व स्टाफ पर कार्यवाही नही हुई तो वह सीधे सूबे के मुख्यमंत्री के पास जाकर न्याय के लिये फरियाद करेगे। इसके लिये चाहे कितना संघर्ष क्यो न करना पड़े। का कहना है कि रोड को इतनी जल्दी नही टूटना चाहिये इसके लिये वह खुदही जांच करेगे।

### ट्रक से खलासी ने कूदकर जान देने का किया प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के बीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक खलासी चलते ट्रक से कूद गया। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। उड़ीसा के भवासर गांव निवासी ट्रक चालक बलराम प्रधान ने बताया कि चार अक्टूबर की शाम को वह ट्रक लेकर निकला था। वह खलासी 35 वर्षीय सान्या प्रधान पुत्र चंद्र प्रधान को लेकर ट्रक से सोनीपत जा रहा था। ट्रक में पाउडर लदा था। बताया कि जैसे ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बीरा गांव के पास खंड संख्या 149 पर पहुंचते ही सान्या प्रधान ने ट्रक से छलांग लगा दी। उसने ट्रक रोकर एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस सीएचसी ले गई।

# शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा विकास खण्ड पनवाड़ी के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवम छात्राओं को पुलिस ने जागरूक किया

▸ इंस्पेक्टर मनीष कुमार पांडेय ने कहा, किसी भी प्रकार की जालसाजी में नहीं पड़ना

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पनवाड़ी थाना अंतर्गत ग्राम निस्वारा स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल में आज थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मियों ने छात्रों को समझाते हुए कहा कि अच्छे और बुरे स्पर्श के अनुभव के बारे में स्पष्ट समझाया और कहा कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर महिला हेल्प लाइन नंबर पर काल करे 112,1090 आदि नम्बरो पर काल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं इंस्पेक्टर मनीष कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए कहा की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बव के तहत शाशन की मंशा के अनुरूप महिलाओं को सशक्त बनाना है उन्होंने कहा कि वैदिक युग में कहा जाता था यंत्र नारतस्तु पूज्यंते तंत्ररमन्यते देवता जहाँ नारियां रहती है वहा देवता निवास करते हैं आदि शक्ति भी नारी का रूप है तब इसे में उन्हें अबला बनकर नही जीना बल्कि आत्म निर्भर रह कर कार्य करना है उन्होंने कहा मुझे अवगत हुआ कि पनवाड़ी विकास खण्ड में एक मात्र ऐसा स्कूल जो सुविधा में किसी कान्वेंट स्कूल से कम नही है और निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा उन्होंने जाकर स्कूल का वातावरण परखा और शिक्षक संवाद के माध्यम से टीचरो की योग्यता को भी परखा और उन्होंने अपने उद्बोधन में खुले मन से कहा कि छात्र छात्राओं के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है आप इसमें विना किसी रुकावट के इंटर तक शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं उक्त अवसर पर पुलिस टीम के साथ शिक्षण गण भी मौजूद रहे स्कूल इंचार्ज ने आये सभी पुलिस कर्मियों का धन्यबाद किया।

### एमएलसी ने पैथोलॉजी का फीता काटकर किया शुभारंभ



**कुलपहाड़ (महोबा)।** नगर के राठ रोड स्थित एक पैथोलॉजी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमलेश सक्सेना के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया।

बता दें कि तहसील क्षेत्र के ग्राम सुगिरा निवासी आनंद द्विवेदी की पुत्री गौरी द्विवेदी द्वारा नगर के राठ रोड स्थित अपने भवन में पैथोलॉजी लैब खोला गया है। जिसका मंगलवार को मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा डॉ कमलेश सक्सेना द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी जैसी सुविधा की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

# पुलिस ड्रेस में आये लोगों ने महिला के अपहरण का किया प्रयास

▸ पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के फत्तेपुर मोहल्ला निवासी एक पीड़िता ने रात दस बजे एक पुलिस ड्रेस के साथ दो अन्य साथियों ने घर में घुसकर मारपीट व घसीटते हुए ले जाने की घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी अंजलि पुत्री तुलसीराम ने पुलिस को बताया की 28 सितंबर की रात दस बजे एक पुलिस की वर्दी में महिला के साथ दो साथी घर आए और मेरे बाबा तेजवा दाई भगवती के साथ मारपीट कर दी । जिससे दोनों बेहोश हो गए इसके बाद मेरे साथ बाद गलत नियत से हाथ पकड़ कर घसीटते हुए गाड़ी में डालने का प्रयास किया जिससे पड़ोसी रोने की आवाज सुनकर दौड़ पड़े पड़ोसियों के आ जाने से आरोपी गाड़ी लेकर भाग निकले पीड़िता का कहना है कि आरोपी कह रहे थे कि रामदीन ददरिया जिला बांदा का निवासी है वही छोड़ देंगे चार पहिया गाड़ी जिसका नंबर यूपी 32 एक्स 6003 है पुलिस के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों का पता लगाया जाए कभी भी मेरे परिवार के साथ अप्रिय घटना कर सकते हैं और पीड़िता की मदद की जाए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शराबी की पत्नी ने पुलिस को सुनायी खरी-खोटी

**मौदहा, हमीरपुर।** शराब के नशे में अपने भाई समेत पड़ोसियों से झगड़ा कर रहे युवक ने डायल 112 पुलिस को झगड़े की सूचना दी जिस पर मौके में पहुंची पुलिस से शराबी की पत्नी उलझ गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। कस्बे के नवीन गल्ला मंडी के पास स्थित कल्लू पुत्र सेवाराम बाल्मीकि का मकान है जो सोमवार की रात शराब के नशे में अपने भाई अमर सिंह व पड़ोसियों से उलझ गया और झगड़ा फसाद करने लगा तथा स्वयं कल्लू ने ही उपरोक्त मामले की सूचना मोबाइल के माध्यम से डायल 112 को दी तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया तभी कल्लू की पत्नी पुलिस से ही उलझ गई।

### एसडीएम और सीओ ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर मानकों व नियमों के पालन के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले दशहरा एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत मंगलवार को उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के द्वारा संयुक्त रुप से सर्किल चरखारी क्षेत्र के पटाखा फैक्ट्री एवं आतिशबाजी की दुकानों में पहुंचकर सुरक्षा मानकों को परखा गया इस दौरान वहां मौजूद अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर पूर्ण करने एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर पटाखा एवं आतिशबाजी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि पटाखा फैक्ट्री में भंडारण से जुड़े मानकों व नियमों का अक्षरशः पालन किया जाए। इसमें शिथिलता बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान आगामी त्यौहार जैसे नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत भी समीक्षा कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य जनमानस को शुद्ध खाद्य, पेय पदार्थ एवं औषधि उपलब्ध कराना तथा मिलावटी खाद्य, पेय पदार्थों एवं मिलावटी औषधियों के विनिर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाना है। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश एवं सुझाव दिया गया कि इसका आम जनमानस, व्यापारियों, विद्यार्थियों, गृहणियों में प्रचार-प्रसार किया जाय कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय, उपयोग करते समय तथा बाजार के ठेला, खुमचों से चाट, फल, सब्जी, बर्गर चाऊमीन आदि खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है। विभाग द्वारा इसे जल्द ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से अमल में लाने की बात कही गयी है। अधिकारीगणो द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि प्रचार-प्रसार के समय विभाग द्वारा एक मोबाईल नम्बर की व्यवस्था हो जिससे मिलावटी खाद्य, पेय पदार्थों एवं मिलावटी औषधियों पाये जाने की स्थिति में आम जनमानस शिकायत कर अपनी समस्या का समाधान कर सके। अधिकारियों एवं विभाग द्वारा ऐसे खाद्य कारोबारकर्ता जो तेल में तलकर खाद्य पदार्थ बेचते हैं, उनको यह निर्देशित किया जाता है कि तीन बार से अधिक उस तेल को गरम कर उपयोग में न लाया जाये। बैठक में डीडीओ पंकज यादव डीएसओ राजीव तिवारी ईयो नगर पालिका महोबा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन प्रशासन विभाग जय प्रकाश तिवारी, औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# नवरात्र के छठवें दिन पुराने प्राइवेट बस स्टैण्ड में कन्या भोज के साथ भव्य भंडारे का आयोजन



**महोबा।** पुराने प्राइवेट बस स्टैंड के समीप नवदुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि मे बड़े उत्साह के साथ कई सालों से निरंतर मां की प्रतिमा को पंडाल विराजमान कर माँ की सेवा भाव में लगे हुए हैं द्य नवदुर्गा समिति मां की सुबह और शाम को विधि विधान से माँ पूजा की अर्चना करते है तथा माँ के दर्शन और पूजा करने को लेकर मोहल्ले के लोग भारी मात्रा मे एकत्र होकर माँ की आरती मे सम्मलित होते है और माँ से अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

नवदुर्गा समिति द्वारा मां के छठवें स्वरूप माँ कात्यायनी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया द्य मां भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ भंडारे में आने जाने वाले लोगो को मां भक्तों द्वारा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। पंडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नवदुर्गा समिति के मां भक्तों द्वारा नवरात्रि पर्व के दिनों नव दिन माँ की सेवा मे लीन रहते है। माँ की प्रतिमा को पण्डाल मे विराजमान कर भक्ति भाव से सभी नव दुर्गा समिति के कमेटी के माँ भक्त नव दिनों तक लगे रहते है। नवरात्रि के छहवे दिन कन्या भोज के साथ साथ भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारा सुबह से शुरू होते ही आस पास की कन्याओ के साथ माँ भक्तो ने भी भंडारे का प्रसाद गृहण किया द्य भंडारा साय 8 बजे तक चलता रहा। आने जाने वाले लोगो को भी माँ भक्त भंडारे का प्रसाद वितरण करते रहे।

# जन शिकायतों के निस्तारण में जनपद पुलिस को पहली रैंक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस ने कानून व्यवस्था के साथ ही शिकायत सुनवाई और निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। पुलिस को सरकार की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त सभी 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने पर प्रथम रैंक मिली है। माह सितम्बर की रैंकिंग में जनपद पुलिस ने 115 में 115 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम है। साथ ही जनपद के 11 थाने 90 में 90 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक जनशिकायत को गम्भीरतापूर्वक लिया जाता है जिसमें जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, त्वरित व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के लिए जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारियों को समय-समय पर निर्देशित किया जाता है। इन शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस शाखा की ओर से संबंधित थानों पर शिकायतें आनलाइन प्रेषित की जाती हैं तो वहीं संबंधित अधिकारी व थाना प्रभारियों की ओर से प्राप्त संदर्भों की जांच आख्या आनलाइन दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित को प्रेषित की जाती है। साथ ही आवेदक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं इसका फीडबैक भी पुलिस कार्यालय से लिया जाता है। इससे की गई जांच व पुलिस कार्रवाई की गुणवत्ता बनी रहती है। प्रदेश में आईजीआरएस की रैंकिंग में अव्वल आने की उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय अवस्थित आईजीआरएस शाखा एवं जनपद की सभी पेशियों एवं थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया है।

# दुर्गा जागरण में हुआ कवि सम्मेलन, भक्तों ने लिया आनंद



**रामनगर,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम मझौनी में नवदुर्गा जागरण कार्यक्रम के पांचवे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वरेण्य रचनाकारों ने कविता पाठ किया। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी व बार एसोसियेशन रामनगर के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी द्वारा महामाई की आरती व मां भारती के पुष्प पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुधाकर दीक्षित मृदुल द्वारा सरस्वती वंदना में अरज मोरी थोरी सुनउ हे महामाई गीत प्रस्तुत कर किया गया।

जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष की पंक्तियां गोरिया अइहौ जब गंउवा की डगरिया सहरिया का भूल जइहौ÷को लोगों ने खूब सराहा।

प्रशांत प्रखर की पंक्तियां आप आए तो बहारों में महक छाई है, दिल के गुलशन में फिजाओं ने ली अंगड़ाई है पंक्तियों पर दर्शक झूम उठे।हरिहर दत्त पांडे ने पढा आओ साथ चले बन के सच्चे यार कर लो मुझसे प्यार कविता पढी।कवियत्री गीता गंगवार ने पढा त्याग के बिन कभी प्रीत होती नहीं डर किसी वीर की रीति होती नहीं पंक्तियां पढी।ओज कवि मनोज मिश्रा शीत ने पढ़ा पहले बुला के बाद मे दुतकारिये नहीं जो खुद मरा हुआ हो उसे मारिए नहीं।इस अवसर पर जागरण कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों समस्त ग्रामवासियों समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मौथरी गांव में हुआ विशाल दुर्गा जागरण

**जैदपुर बाराबंकी।** मौथरी गांव में विशाल जागरण का किया गया आयोजन, जहां पूर्व कारागार मंत्री व भाकियू टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री हुए शामिल बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौथरी गांव में नवरात्रि के 5वें दिवस की संध्या सोमवार व मंगलवार की रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा व नगर पालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। वही कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री आशू चौधरी पहुंचे जहां पर उनका अंग वस्त्र व दुर्गा माता का चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात आशू चौधरी ने जागरण के प्रारंभ में भगवान गणेश की आरती उतारी। वही स्वरोही जागरण पार्टी द्वारा सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां व मनमोहक झाकियां प्रस्तुत की गई। पूरी रात गांव के महिला पुरुष बच्चे भक्ति भाव में विभोर रहे। वही सुबह तारा रानी की कथा का सुनाई गई और कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसके पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

# बाग में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र के दयाराम पुरवा गांव में आज सुबह एक 26 वर्षी युवक का शव बाग में पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।



जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के थाना गोसाईगंज अंतर्गत रतियामऊ गांव निवासी सुनील यादव का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व गांव निवासी जगजीवन यादव की पुत्री ममता के साथ हुआ था। बताते हैं कि मृतक नशेड़ी था जिसकी वजह से उसकी पत्नी ममता पिछले 4 महीने से मायके में रह रही थीं, यह भी पता चला हैं कि नशेड़ी होने की वजह से मृतक अपने घर से भी ज्यादातर बाहर ही रहता था। मंगलवार की सुबह खेतों की ओर निकले ग्रामीणों ने जगजीवन यादव के घर के सामने स्थित बाग में एक युवक का शव आम के पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे लटकता हुआ देखा। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ससुरालीजनो ने मृतक की शिनाख्त सुनील के रूप में की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही सुनील की मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजन भी रतिया मऊ गांव से दयाराम पुरवा ग्राम पहुंच गए हैं। लेकिन मृतक दयाराम पुरवा गांव कब पहुंचा और कब उसने फांसी लगाकर जान दे दी इसका पता नहीं चल सका है। इससे पूर्व विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम के साथ पहुंची पुलिस ने घटना को लेकर गहन छानबीन की।

## लगातार दबिश देकर 43 लीटर कच्ची शराब बरामद तीन अभियोजन दर्ज

**बाराबंकी।** आबकारी आयुक्त द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी के निर्देश में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम सहावपुर थाना मसौली,ग्राम दुनिया का पुरवा, समधी का पुरवा थाना असन्द्रा, ग्राम मीरापुर थाना कोठी, ग्राम साढेमऊ थाना फतेहपुर, ग्राम सिकलिक पुरवा, रेवढा थाना टिकैतनगर, ग्राम गोवा मँझारा थाना मोहम्मदपुर ख़ाला, जनपद बाराबंकी में दबिश दी गयी, दबिश के दौरान 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 43 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। जनपद में तहसील रामसनेही घाट व सिरौलीगौसपुर अंतर्गत स्थिति देशी शराब, विदेशी शराब व बियर की दुकानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमे दुकानों में संचित स्टॉक पर नियमानुसार बारकोड/क्यू आर कोड , ढक्कन , सील, लेबल आदि तथा टोल फ्री नंबर, रेट लिस्ट लगे होने व पीओसी मसीन द्वारा बिक्री होने का सत्यापन किया जाएगा।

## दौलतपुर में भोले बाबा की निकाली गई बारात शोभायात्रा



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में दौलतपुर में भोले बाबा की भव्य बारात यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल हुए सैकड़ो श्रद्धालु। पूरा मामला बाराबंकी के दौलतपुर गांव का है जहां पर शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में भोले बाबा की भव्य बारात यात्रा गांव के श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई जिसमें गाजे बाजे के साथ गांव के बच्चे बूढ़े और जवान सभी श्रद्धालु झूमते हुए भोले बाबा की बारात में शामिल हुए जिसमें रिंकू नितेश राकेश राजेश सुनील अनिल सुशील रिंकू सीता शरण सोनू वर्मा रोहित वर्मा पप्पू वर्मा गुड्डू वर्मा शंकर मनोरथ अजय वर्मा आदि सैकड़ो भक्त शामिल हुए।

# कस्बे में लगाये गए झंडे के गायब होने से बढ़ा तनाव

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मसौली कस्बे मे लगाए गये लाल झंडो मे से एक झंडा गायब होने की से सोमवार की सुबह सैकड़ो की संख्या मे एकत्रित हुए हिन्दु समुदाय के लोगों ने विशेष वर्ग के लोगो पर झण्डा जलाने एव लोहे के पाइप को तोड़ने का आरोप लगाया सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने आनन-फानन में दूसरा झण्डा लगवाते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे गये जिसमे झंडे जलाने का कोई पुष्टि नही हुई।

थाना एवं कस्बा मसौली में नवरात्रि को लेकर एक दिन पूर्व को लेकर हिन्दू समुदाय के लड़कों ने लाल रंग के गांव में झण्डा लगवाये थे। जिसमें एक झण्डा डिलाइट स्कूल के पास बिजली के खम्भे से भी लगाया था जो रात्रि मे झण्डा गायब हो गया था तीन अक्टूबर को पुनः झण्डा लगाते समय विशेष समुदाय के कुछ लोगों की आपत्ति की जिसपर पुलिस ने खम्भे से हटाकर बांस में लोहे के राड से झण्डा लगा दिया था। सोमवार की देर रात झण्डा न दिखाई देने पर एक एक करके भीड़ बढ़ने लगी। और हिन्दू समुदाय के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसी के पास में झण्डा जला दिया गया है जिसका थोडा सा कपड़ा अभी पड़ा हुआ है और लोहे के राड को तोड़ कर कुछ दूरी पर फेंक दिया गया। यह बात आग की तरह फैल गई देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या मे भीड़ जुट गयी। बात आगे बढ़ती की मसौली पुलिस ने लोगो समझाबुझाकर दूसरा झण्डा लगवा दिया। लेकिन भीड़ मे एकत्रित लोगो ने झण्डा को जलाने एव पाइप को तोड़ने वाले लोगों पर कार्यवाही पर अड गये । जिस पर पुलिस ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि मंगलवार की सुबह आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक करके कार्यवाही की जायेगी। मंगलवार की सुबह मसौली प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह पुलिस बल के साथ, बदोसराय पुलिस, पीआरबी जिला प्रभारी अरुण प्रताप सिंह, सीओ रामनगर सौरभ श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार रामजीत यादव, कानून गो स्वामी नाथ सोनी, लेखपाल प्रवेश तिवारी सहित पहुंच कर मस्ताना शाह बाबा की मजार पर लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला परन्तु जब कि घटना थी उस समय अंधेर के कारण फुटेज नही आ सके थे। जबकि उसी स्थान के निकट हाई मास्क लाइट लगी हुई है।पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर मामले को शान्त कराकर वापस कर दिया । प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह का कहना है कि जिस स्थान पर झण्डा लगा हुआ था उस उस स्थान के पास पुराना कुआं है उसी के पास के दुकानदार कूड़े को जलाते थे। उसमें जो जला हुआ कपड़ा मिला है वह झंडा का नहीं बल्कि साड़ी का था। वह मेरे पास सुरक्षित है।सीसीटीवी कैमरे में झण्डा उतारते या जलाते हुए फुटेज नही मिले है।

# नशीले पदार्थो से होने वाले नुकसान के प्रति किया जाए जागरूक: डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नारकोटिक्स के सम्बन्ध में जिलास्तरीय मीटिंग कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जूम एप के माध्यम से आयोजित मीटिंग में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि दवा की दुकानों, मेडिकल स्टोर की नियमित जांच की जाए और अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि कहीं पर भी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवाएं न दी जाए। साथ ही यह भी देखे की किसी दवा की दुकान या मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशे की दवाएं पाई जाए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। पुलिस व नारकोटिक्स विभाग के लोग अभियान चलाकर मार्फिन, चरस, कोकीन और गांजा पकड़ने की कार्यवाही करें। इसकी प्रोसेसिंग, बिक्री आदि करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने समाजकल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों और इंजीनियरिंग कालेजों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को नशे से होने वाले नुकशान के विषय में जागरुक किया जाए।

मिशन शक्ति के चल रहे कार्यक्रम में इस विषय को भी शामिल करते हुए कार्यक्रम संपादित किये जायें जिससे छात्र जागरूक हो सके। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित नारकोटिक्स विभाग और सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MANGTU SINGH व जन्मतिथि 01.07.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MANGTU व जन्मतिथि 01.01.1962 है। MANGTU F/o of Army No-3002888P, रैंक, हवलदार भरत सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-रायपुर वैर, जिला भरतपुर, राजस्थान-321408

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SANTOSH DEVI व जन्मतिथि 01.02.1966 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SANTOSH व जन्मतिथि 01.01.1967 है। Santosh M/o of Army No-3009964Y, रैंक, NK सचिन, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-वार्ड नंबर-6, पुरानी सब्जी मंडी, नारनौंद, जिला हिसार, हरियाणा-125039

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RATA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1965 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RATTA व जन्मतिथि 01.01.1967 है। Ratta M/o of Army No-3002888P, रैंक, हवलदार भरत सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-रायपुर वैर, जिला भरतपुर, राजस्थान-पिन कोड-321408.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAM LAL SINGH व जन्मतिथि 01.07.1952 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RAM LAL व जन्मतिथि 01.01.1949 है। RAM LAL F/o of Army No-JC482648N, रैंक, सूबेदार ओमकार सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम इब्राहीमपुर माफी, पोस्ट पपसरी, खादर, धनौरा, अमरोहा, यू0पी0-244231

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने दो जुआरियों को धर दबोचा

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे दो जुआरियों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद करने के साथ कार्यवाही की है। बताते चलें कि कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता शैलेश कुमार पंकज राठौर सहित पुलिस टीम के सिपाहियों ने मंगलवार को नगर पंचायत के पीछे से जुआ खेल रहे महबूब आलम पुत्र मो0 साबिर अली हसन पुत्र रजी हसन चोहटटा जैदपुर को 1160 रू नकद व ताश पत्ते बरामद कर कार्यवाही की गयी है।

### दहेज में कार न देने पर विवाहिता को घर से निकाला

**जालौन, उरई।** अतिरिक्त दहेज में कार न देने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुरखीबाल निवासी अर्पिता उर्फ श्रेया सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उसके पिता धीरज ने उसकी शादी मई 2023 में मुरैना निवासी विकास सक्सेना के साथ की थी। लेकिन शादी में मिले दान दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने अतिरिक्त दहेज के रूप में स्विफ्ट कार की मांग शुरू कर दी। न मिलने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जुलाई माह में पति विकास, ससुर,सास,देवर ननद, ननदोई, मामा सास व ससुर ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और बिना अतिरिक्त दहेज के आने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दलित किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**जालौन,उरई।** सोमवार को घर से शौच के लिए जा रही दलित किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने छेड़खानी कर मारपीट व गाली गलौज कर दी थी। मामले में आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सोमवार को उनकी 17 वर्षीय बेटी गांव के बाहर स्थित विद्यालय के पास शौच के लिए जा रही थी। तभी वहां बेटी के पीछे गांव का ही तालिब भी पहुंच गया और बेटी का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर गाली, गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया था। कोतवाल वीरेंद्र सिंह को सूचना मिली कि आरोपी गांव के बाहर कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों से की मारपीट

**जालौन,उरई।** शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली गलौज व मारपीट करने पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पहलवानबाड़ा निवासी महेश कुमार शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर रहा था। मोहल्ले के लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## बरही बंबा से बसरेही तक 23 किमी मार्ग जर्जर, जिलाधिकारी को भेजा पत्र

**कदौरा (जालौन)।** ब्लॉक क्षेत्र के बरही के बंबा से बसरेही तक 23 किमी मार्ग जर्जर होने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को क्षेत्र के बरही बंबा में ग्राम प्रधानों नितेंद्र राजपूत, मुकुट यादव, सतीश कुमार, शिवराम पाल, धर्मसिंह, किशोरीलाल, मानसिंह सहित सतेंद्र पाल, रामजीवन, कमलेश कुमार आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने बरही के बंबा से बसरेही तक 23 किमी सड़क बनवाने को लेकर डीएम को पत्र भेजा। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए बताया कि विगत दो दशकों से 23 किमी की सड़क जर्जर है।

इस सड़क से मवई ब्राह्मण, समसी, बसरेही, कानाखेड़ा, चतेला, कुआखेड़ा, इटौरा, अकबरपुर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण आते जाते है। कई मौरंग खदानें भी संचालित है। सड़क निर्माण के लिए तहसील से लेकर जिला मुख्यालय में गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बरसात के दिनों में स्थिति दयनीय हो जाती है। सड़क में गड्ढे होने से दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। एंबुलेश नहीं आती है, मरीजों और गर्भवती महिलाओं को बाइक और ट्रैक्टर से ले जाना पड़ता है। विगत माह सड़क निर्माण को लेकर प्रभारी मंत्री से लेकर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों को पत्र देकर समस्या के निदान की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। चंदरसी निवासी सोनू राजपूत ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के जनता दर्शन दरबार में सड़क निर्माण की गुहार लगाई है। सड़क निर्माण हो जाने से क्षेत्रीय लोगों के साथ अन्य जनपदों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। जिन्हें मध्य प्रदेश के जिलों में जाने के लंबी दूरी नहीं तय करना पड़ेगी।

# तेलू खाने से 73 लोगों की हालत बिगड़ी, एक बच्चे की मौत



**कोंच,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कलां गांव में भैंस की तेलू खाना लोगों की जान पर बन आयी, तेलू खाने से 73 की हालत खराब हो गई बच्चों महिलाएं और पुरुष पेट दर्द, उल्टी, दस्त से ग्रसित होकर बीमार हो गए। बीमार लोग समीपस्थ देवगांव में प्राइवेट अस्पताल के अलावा सीएचसी कोंच और जिला अस्पताल उरई में भी भर्ती कराये गये हैं। मामले की जानकारी लगते ही क्षेत्रीय विधायक सहित डीएम, एसपी, सीएमओ, एसीएमओ, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर बीमार लोगों का हालचाल लिया और बेहतर उपचार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। समूचे गांव को सेनेटाइज कर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। वहीं तेलू सहित अन्य खाद्य पदार्थों का नमूना भरकर जांच हेतु भेजा गया है।

## शौचक्रिया जा रहे किसान पर आवारा सांड़ ने हमला कर किया अधमरा

**जालौन, उरई।** गांव में आवारा सांड ने किसान को सींग मारकर घायल किया। परिजन घायल अवस्था में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी किसान गणेश साहू (55) पुत्र ग्यासीलाल मंगलवार की सुबह शौच क्रिया के लिए गांव के बाहर जा रहे थे। गांव से बाहर निकलने पर अचानक से उनके पीछे आवारा सांड आ गया और पीछे से सींग मारकर उन्हें फेंक दिया। इसके बाद उन्हें पैरों से रौंदने लगा। मौके पर पहुंचे परिजनों आनन फानन में उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

# दुर्गा पूजा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हो रहा मनोरंजन

**गोरखपुर,समृद्धि न्यूज़।** नवरात्रि के पर्व पर जिले के विभिन्न स्थानों पर माता दुर्गा के पंडालों पर जहां माता की मूर्तियां विराजमान होना शुरू हो गई है वही आप अब भक्तगढ़ सुबह से शाम तक माता के भक्ति पूजन में लीन नजर आ रहे हैं। पंडालों में पूजन अर्चन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी चल रही है। शहर के सहारा स्टेट स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में प्रतिदिन नए-नए कार्यक्रमों के साथ बच्चों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया इसी क्रम में चित्रकला के बाद गायन और नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नृत्य प्रतियोगिता में किंडर गार्डन के बच्चों ने जहां मशहूर लाल टमाटर गाने पर सामूहिक नृत्य किया वही बड़े आयु वर्ग के बच्चों ने



एकल नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साहित कार्यक्रम को पुरस्कृत करने के लिए विभिन्न जजेज ने उनकी प्रतिभा का आकलन कर उन्हें रैंक प्रदान किया पुरस्कृत किया जिसमें जज रेनू श्रीवास्तव एकता अग्रवाल अर्पिता उपाध्याय शामिल रही। इसके अतिरिक्त दुर्गा पूजा पंडाल समिति की महिला सदस्यों अर्चना सिंह अलका सिंह दिव्या श्रीवास्तव सलोनी सिंह सीमा सिंह अक्षरा सिंह दीपिका सिंह ममता सिंह निधि मणि त्रिपाठी उमा यादव लक्ष्मी यादव आदि महिलाएं उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कदिउली ब्लाक नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकः — नीलामी सूचना — दिनांक 08/10/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कदिउली में संचालित स्थाई/अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) की नीलामी दिनांक 15/10/2024 सायंकाल को 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कदिउली में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय (गौशाला) कदिउली नियति तिथि एवं समय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी कार्यवाही/बोली लगाने से पूर्व बोली दाताओं द्वारा जमानत धनराशि के रुप में 10000 रु0 की अग्रिम धनराशि प्रत्येक बोलीदाताओं को जमा करना अनिवार्य होगा। बोली दाताओं में से नीलामी बोली के उपरान्त सर्वोच्च बोली वाले बोलीदाता को बोली की कुल धनराशि तत्समय जमा करना अनिवार्य होगा एवं निराश्रित गौवंशों से अपशिष्ठ (गोबर) सात दिन में उठाना आवश्यक होगा। बोलीदाता बोली लगाने से पूर्व ग्राम कदिउली में स्थिति गौशाला में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) का आकलन कर लें। बोली संतोषजनक न होने पर अधोहस्ताक्षरी/समिति द्वारा नीलामी कार्यवाही निरस्त की जा सकती है। नीलामी शर्तों की जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

सचिव — मोतीलाल यादव, ग्रा0पं0 कदिउली, नवाबगंज
प्रधान — शैलेन्द्र सिंह, ग्रा0पं0 कदिउली, नवाबगंज

# “अवैध पैथोलॉजी हॉस्पिटल अल्ट्रासाउंड सेंटर पर होगी कार्रवाई, टीम गठित”

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

गोरखपुर सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बार-बार यह कहां जा रहा है कि अवैध पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर हॉस्पिटल झोला छाप डॉक्टर के उपर स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करके इन अवैध स्वास्थ्य कारोबारी पर मुकदमा पंजीकृत करावे लेकिन वही सहजनवा तहसील क्षेत्र में बिना मानक व डिग्री के धड़ल्ले से तमाम स्वास्थ्य कारोबारी अपने कारोबार को बिना किसी डर के संचालित कर रहे हैं। वहीं जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य कारोबारी का साठ गांठ काफी अच्छा है जिससे इन अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के ऊपर कार्रवाई करने मे स्थानीय प्रशासन की हीला हवाली होती रहती है वही इस पूरे प्रकरण को कई महीनो से प्रतिष्ठित अखबारों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों में प्रमुखता से अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के कारनामे को




आए दिन प्रकाशित किया जाता है। और उच्च अधिकारियों को भी इस पूरे प्रकरण को अवगत भी कराया जाता हैं लेकिन जिम्मेदार अपनी कुंभकर्णी नींद से जागना ही नहीं चाहते और वही मुख्यमंत्री के आदेशों का खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार वहीं उक्त संदर्भ में एडिशनल डायरेक्टर ने बताया की टीम गठित कर दी गई है और जांच की प्रक्रिया शुरू है जल्द ही अवैध स्वास्थ्य कारोबारी पर बड़ी कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## बजाज सीएनजी फ्रीडम बाइक का भव्य लांच समारोह आयोजित

**जालौन (उरई)।** कुमार ऑटोज पर बजाज सीएनजी बाइक फ्रीडम 125 लांच हुई। जो एक बार टैंक फुल कराने पर 350 किमी चलेगी। नगर के कुमार ऑटोज पर बजाज की सीएनजी बाइक फ्रीडम 125 का लांच समारोह हुआ। रीजनल मैनेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बजाज फ्रीडम सीएनजी बाइक दो लीटर सीएनजी और दो लीटर पेट्रोल टैंक के साथ बाजार में उतरी है। इस बाइक का टैंक एक बार फुल कराने पर 350 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है ।इस मौके पर सहायक मैनेजर मोहित सेंगर, सत्यप्रकाश यादव एरिया मैनेजर, पुनीत वर्मा सीएसएम, हर्ष यादव, वृंदावन त्रिपाठी, अतीक, नीरज, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1238/ई.ई.-3/एल.जे.एस. — दिनांक- 08.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 15.10.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 15.10.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of PVC pipe line 90 mm Dia 90 mtr from 536/2/15 Kamar Jahan to Fatma Dental Clinic Dr. Akhtar Husain, Badi Pakariya, Medehganj, Ayodhya Das I Ward, Lko | 2300.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Interconnection of PVC pipe line 110 mm Dia 200 mtr from Amit Maurya’s Office to Nala Puliya, Mauryabagh Faizullaganj II Ward, Lko | 5000.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |
| 3. | Laying & Interconnection of PVC pipe line 90 mm Dia 110 mtr at H.No C-1/190 to H.No C-1/157 Sec-C Priyadarshni Colony, Sitapur Road, Lko | 2900.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ**

# विकसित तालाबों के पट्टों का किया जाए आवंटन: मंत्री

## डॉ संजय कुमार निषाद बोले, विभागीय योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र लाभार्थी न रहे वंचित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के कल्याण के जो योजना संचालित की है, प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लाभ मिले इस पर विशेष ध्यान दिया। अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर विभागीय योजनाओं के सफल संचालन में महती भूमिका निभाएं। यह निर्देश मंत्री ने दिए।

यूपी सरकार के मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने कहा कि तालाबों की स्थिति प्रत्येक दशा में अच्छी होनी चाहिए। अविकसित तालाबों में मरम्मत कार्य कराया जाए एवं सौंद्रीकरण हेतु चारो


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री

तरफ वृक्षारोपण भी किया जाए। जो तालाब विकसित हैं। उन्हें मछुआ समुदाय के लाभार्थियों को आवंटित किए जाएं। उन्होंने सिंचाई व नलकूप विभाग को निर्देश दिए समय समय पर निरीक्षण कर तालाबों में जलापूर्ति हेतु व्यवस्था की जाए। उन्होनें कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की भांति मत्स्यपालकों के भी शिविर लगाकर क्रेडिट कार्ड बनाने का अभियान चलाया जाए। मछली बाजारों/ गांव एवं मछुआ बस्तियों में जाकर कैंप स्थापना कर एवं पंप प्लेट, बैनर पोस्टर, चौपाल आदि के माध्यम से योजनाओं का प्रचार करें। साथ ही ग्राम सचिवालय पर योजनाओं के संबंध में लेखन भी किया जाए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत गतिविधियों का भौतिक विवरण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, सघन मत्स्य पालक एरेशन सिस्टम की स्थापना, मछुआरा दुर्घटना बीमा, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य बीज वितरण की प्रगति, पट्टा आवंटन ,निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, राज पोषित योजना एवं विभागीय जलाशयों और लाभार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कहा कि प्रतिबन्धित मछली थाई मांगुर की बिक्री न होने दी जाए। ग्राम सभा के तालाब में मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालन किसान केडिट कार्ड के लाभार्थी सुमित कुमार को रुपए 80000 ऋण तथा निर्मला रुपए 10000 ऋण का प्रमाण पत्र दिया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिले।

## सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लेग मार्च

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** धार्मिक त्यौहारो को लेकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये सदर सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने प्लेग मार्च किया मंगलवार को समधन नगर में मैन सड़क पर धार्मिक त्यौहार नवरात्रि दुर्गा पूजा दशहरा आदि को लेकर सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार सहित भारी पुलिस बल के साथ प्लेग मार्च किया गया नगर कस्वो में इन धार्मिक त्यौहारों पर किसी प्रकार की अराजकता न फैला पायें ऐसे लोगों पर नजर बनायी रखी जाये साथ ही समाज में आपस में भाईचारा अमन व शांति व्यवस्था का माहौल बना रहने का संदेश दिया गया।



## डिप्टी सीएम से की अव्यवस्थाओं की शिकायत

**छिबरामऊ समृद्धि न्यूज।** दिलू नगला स्थित सौ शैय्या अस्पताल में फैली अवस्थाओं और सीएमएस की लापरवाही को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने डिप्टी सीएम से मिलकर उन्हें एक पत्र सौंपा। साथ ही अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग भी की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर उन्हें सौ शैय्या अस्पताल की अव्यवस्थाओं से संबंधित पत्र सौपा जिसमें कहा गया है कि अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह कम समय के लिए कार्यालय में आते हैं जिससे वहां पर अर्थव्यवस्थाएंफैल रही हैं।

# निष्क्रिय पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए की गई संस्तुति

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अवधेश के निर्देशानुसार रमेश चंद यादव प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली विधि प्रकोष्ठ अभिषेक यादव प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ दिल्ली प्रमोद यादव मंडल संगठन मंत्री कानपुर जोन सार्थक दुबे मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कानपुर भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत में सम्मिलित होकर आईं डी प्राप्त करने के उपरांत आज तक न तो किसी किसान पंचायत में सम्मिलित हुए और न ही संगठन के विस्तार हेतु कोई प्रयास किया गया है यहां तक कि संगठन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई टिप्पणी भी नहीं की गई है।

इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अवधेश ने मुझ प्रदेश अध्यक्ष को कार्य वाही हेतु टिप्पणी मागी गई है।

आप उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि आप इस संबंध में ग्रुप के माध्यम से अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें कि आप द्वारा संगठन में रुचि क्यों नहीं ली जा रही है। आपका समय से स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि आपकी संगठन के प्रति कोई रुचि नहीं है क्यो न आप की आईं डी निलम्बन हेतु संस्तुति कर दिया।

## पूर्व राज्य मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विधायक अर्चना पांडेय जी ने क्षेत्र में विधायक निधि से निर्मित निम्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक निधि के यह कार्य विकास खंड छिबरामऊ के माध्यम से कराए गये हैं। नगर छिबरामऊ मोहल्ला कस्साबान वाल्मीकि बस्ती में सांस्कृतिक भवन लागत 10.47 लाख जीटी रोड निगोह खास रोड से प्रत्यूष प्रजापति के घर तक 180 मीटर लागत 8.97 लाख खल्लारूपमंगदपुर मैन रोड से राहुल सिसौदिया के घर तक 120 मीटर लागत 8.79 लाख चेयर मैन मनोज दुबे, सभासद किशनलाल वाल्मीकि, सभासद गोपाल वाल्मीकि,हिमांक त्रिपाठी, प्रत्यूष प्रजापति, अमित प्रजापति, अश्विन दुबे, राहुल सिसोदिया, शैलेन्द्र चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में थाना सौरिख पर तैनात महिला आरक्षियों द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत छात्राओं के बीच बाल विवाह और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाना था।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जानकारी दी गई कि विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होनी चाहिए। इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, लड़कियों को सशक्त बनाने, और उनके खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनी अपराध हैं, और इस कुप्रथा का समाज से पूरी तरह से उन्मूलन होना चाहिए। पुलिस विभाग का यह प्रयास है कि समाज में जागरूकता फैले और बालिकाओं को सशक्त बनाकर एक सुरक्षित और समान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके।

# भव्य राम बारात के दर्शन के लिए ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की राम बारात देर रात्रि पूर्वी बाईपास से प्रारंभ होकर रामलीला ग्राउंड तक नगर के मुख्य मार्ग होते हुए गाजे बाजे के साथ निकाली गई।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात पूर्वी बाईपास से आरती पूजन के बाद शहर के मुख्य मार्ग होते हुए रामलीला ग्राउंड तक गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग होते हुए पहुंची राम बारात का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती अर्चना पांडे चेयरमैन मनोज कुमार ने आरती कर पूजा अर्चना के बाद बरात प्रारंभ हुई शहर के मुख्य मार्ग होते हुए



रामलीला मैदान तक श्रद्धालु नाश्ते गाते हुए पहुंचे भव्य राम बारात के दर्शन के लिए ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ रामलीला कमेटी ने राम बारात में व्यवस्था के लिए अपने वालंटियर नियुक्त किए थे प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह कस्बा प्रभारी के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस वालों राम बारात में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए साथ रहा।

## सामूहिक विवाह में 138 जोड़ो ने थामा एक-दूजे का हाथ

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उमर्दा, हसेरन, सौरिख विकास खण्ड तथ नगर पंचायत तिर्वा के 138 जोड़े ने एक-दूजे का दामन थामा। इसमें पांच मुस्लिम जोड़ो ने निकाह प्रक्रिया के तहत विवाह के बंधन में बंधे। सभी को प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित सामान तथा चेक सौंपी गई। इस मौके पर मौजूद भाजपा विधायक ने सभी नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत भाजपा के तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने दीप पृज्जवलन कर कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने प्रदेश सरकार सामूहिक विवाह योजना के तहत ऐसे गरीब परिवारों की मदद कर उनकी शादियां सम्पन्न करा रही है।

# प्रधानाचार्य के डर से विद्यालय नहीं आए छात्र-छात्राएं

## प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को कालेज प्रशासन ने दी थी भविष्य बर्बाद करने की धमकी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित महामाया पोलीटेक्निक कालेज में फेल होने वाले छात्र छात्राओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया था। जिसमें प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को कालेज प्रशासन ने धमकी दी थी कि भविष्य बर्बाद कर देंगे। इस डर से मंगलवार को अधिकांश छात्र छात्राएं विद्यालय नही आई। छात्र- छात्राओं को अपने भविष्य की चिंता हो रही है। छात्र-छात्राओं ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की हैं। छात्र छात्राओं ने बताया की पुनर मूल्यांकन में पांच सौ रू प्रति पेपर देना होता है। यदि किसी छात्र के आठ पेपर में बैक लगी है तो उसे चार हजार रूपए देना




होगा इसलिए छात्र- छात्राओं की मांग हैं। कि पुनर मूल्यांकन नि-शुल्क हो। वही कुछ छात्र- छात्राओं ने नाम न प्रकाशित होने पर बताया कि कालेज प्रशासन द्वारा बाहरी व्यक्ति से पास होने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। दो छात्रों ने बताया की कालेज में दलाल सक्रिय हैं। वह छात्र छात्राओं से काम कराने के लिए पैसा ले लेते हैं। यदि काम हो जाए तो ठीक नही तो आधे पैसे धीरे धीरे वापस कर देते हैं यदि कोई छात्र कमजोर है दूर दराज का है। तो पैसा वापस भी नही करते हैं। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाचार्य उमेश चंद्र से दूरभाष से संपर्क किया तो संपर्क नही हो सका।

## दहेज के लिए विवाहित को खिलाया जहरीला पदार्थ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की नियत से जहरीला पदार्थ देकर धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी कदीर खान पुत्र इकबाल खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि विगत वर्ष पूर्व उसने अपनी बहन शबाना की शादी गांव के ही राहत हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन के पुत्र के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज न मिलने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया और घर से निकाल दिया था। 06 अक्टूबर को लगभग 03 बजे वह अपने घर में था। इसके बाद धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 137 जोड़ों ने थामा एक- दूसरे का हाथ


आशीर्वाद देते विधायक, जिलाधिकारी व नेतागण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 137 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 132 जोड़े हिन्दू एंव 05 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे। इस मांगलिक अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आर्शीवाद देते कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सभी वर्ग के गरीब लोग लाभांवित हो रहे हैं। सौभाग्यशाली है। जो एक ही मंडप में पूरी विधि विधान व रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न हो रहा है। कहा कि जिलाधिकारी द्वारा श्रेणीवार टीम का गठन किया गया है। जो ग्रामसभा वार जांच कर योजनाओं से छूटे हुए परिवारों का चिन्हांकन करेगी। अब कोई भी पात्र लाभार्थी केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रह पाएगा।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जो निश्चित रूप से वैवाहिक दाम्पत्य जीवन शुभ और मांगलिक होगा। कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के मांगलिक वेला में वैदिक मंत्रोच्चारण करके वैवाहिक रस्मों को बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

# सन्मार्ग प्रतियोगिता पर छात्रों को किया जागरूक


छात्रा को पुरस्कार प्रदान करती क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के मकरंद नगर रामलीला मैदान में सन्मार्ग प्रतियोगिता के अवसर पर यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा संचालक अमित कुमार मिश्रा के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लेने बाले छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण यातायात नियम बताए। और छात्र-छात्राओं से यातायात नियमों से संबंधित सवाल पूछे। जिनके सही जवाब देने वाले पांच छात्र एवं एक छात्रा को क्षेत्राधिकारी यातायात के द्वारा पुरस्कार दिया गया। प्रभारी द्वारा सवाल किया कि दो पहिया वाहनों पर दो ही व्यक्ति बैठने चाहिए। परंतु तीसरे व्यक्ति के बैठने पर चालान कर दिया जाता है। ऐसा

▸ सवालों के सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को दिया गया पुरस्कार

क्यों? जिसका एक छात्र द्वारा बिल्कुल सही जवाब दिया गया। सीट बेल्ट लगाने से क्या होता है? सड़क को क्रॉस करने का नियम क्या है? ग्रीन क्रॉस कोड किसे कहते हैं? एयर बैग क्या होते है? आदि सवाल पूछे गए। सभी सवालों के सही जवाब छात्रों द्वारा दिए गए।

जिन छात्र छात्राओं द्वारा सवालों के सही जवाब दिए गए। उन सभी छात्र-छात्राओं को क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया।

# कार में लगी आग दुकानदारों ने पानी डालकर बुझाई

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

हसेरन कस्बे में स्थित एक दुकान पर मंगलवार की सुबह अचानक एक ओमनी कार में आग लग गई। आग को देख आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। दुकानदारों ने किसी प्रकार आग पानी डालकर आग बुझाई। आग की चपेट में आने से दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गया। उसको उपचार के लिए सीएचसी हसेरन से सैफई रेफर कर दिया गया।

हसेरन के खड़नी रोड स्थित शर्मा ऑटो पार्ट की दुकान पर लखन पुत्र राम प्रताप कारों में डेंटिंग पेंटिंग का काम करते हैं। मंगलवार को वह एक ओमनी



कार को सही कर रहा था। उसी दौरान अचानक उस ओमनी में शार्ट सर्किट आग लग गई। आग की लपटो को देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आ जाने से दुकानदार लखन गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंचे हसेरन चैकी इंचार्ज ने उसको उपचार के लिए सीएचसी हसेरन में भर्ती कराया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसको सैफई रेफर कर दिया गया।

# नुक्कड़-नाटक से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत बाल विवाह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में थाना सौरिख पर तैनात महिला आरक्षियों द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत छात्राओं के बीच बाल विवाह और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक


नाटक के माध्यम से जागरूक करती छात्राएं

लगाना। कार्यक्रम में छात्राओं को जानकारी दी गई। कि विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होनी चाहिए।

इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, लड़कियों को सशक्त बनाने, और उनके खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनी अपराध है। और इस कुप्रथा का समाज से पूरी तरह से उन्मूलन होना चाहिए।

# तीमारदारों व इंटर्न चिकित्सकों में हुई नोकझोंक व मारपीट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ पुलिस, तीमारदारों को लायी थाने बाद में छोड़ा

राजकीय मेडिकल कॉलेज के पीडीया वार्ड में सोमवार की देर रात इंटर्न चिकित्सकों व तीमारदार के बीच मारपीट हो गई। मारपीट की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के फगुहा गांव निवासी बृजेश कुमार ने एक बच्चे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाल रोग वार्ड में भर्ती कराया था। यहां रात 11 बजे करीब बच्चे की हालत बिगड़ी, तो परिजन डॉक्टर के पास पहुंचे। मौके पर कोई सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं था। वहां पर इंटर्न चिकित्सक व्यवस्था देख रहे थे। परिजनों ने डॉक्टरों से तुरंत चलने को कहा, इस पर इंटर्न चिकित्सकों ने कहा कि वह अपने सीनियर को सूचना दे रहा हूं। इसपर तीमारदार इंटर्न चिकित्सक पर बिगड़ने लगे। विवाद बड़ा, तो गाली-गलौज व मारपीट शुरू हो गई। इसपर इंटर्न चिकित्सकों ने पुलिस को फोन किया। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीमारदारों को समझाने का प्रयास किया। उनके न मानने पर उनको थाने ले आई। यहां से पुलिस ने उनको समझा-बुझाकर घर भेज दिया।

# शिक्षित-समृद्ध देश बनाने में महिलाओं की होगी विशेष भूमिका: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया गया। इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्युपरांत महिला पेंशन के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों एवं महिलाओं के साथ संवाद करना है।

शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं के बारे में


गांधी सभागार में संवाद करते जिलाधिकारी

विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को अलग- अलग कोर्स कराने, ट्यूशन कोचिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। और हम लोग जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखते ही रहते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा, बेहतर शिक्षा देना हर मांकृबाप, अभिभावक का सपना होता है और वह अपने सपने को साकार करने हेतु भरसक प्रयासरत रहता है। कहा कि प्रकृति ने पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत बनाया हैं। प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है। एक महिला ही एक अच्छे परिवार का निर्माण करती है और जब प्रत्येक परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा और समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा और एक अच्छा देश ही स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश होता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने उन्होने बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं और विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी हेल्पलाइन नंबर (181,1090,1098,112,102,108,1076,1930) के बारे में बताया गया। बालिकाओं के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया।

# शहीद अग्निवीर के परिजनों को ढांढ़स बंधाने जल्द आएंगें अखिलेश



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव जल्द ही शहीद अग्निवीर सैनिक सौरभ पाल के परिजनों को ढ़ांढस बंधाने के लिए उसके पैतृक गांव भरखरा आएगें। उनके जल्द आगमन को लेकर सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी मंगलवार की दोपहर भरखरा गांव पहुंचे। शहीद के परिजनों से मिलकर उन्हे ढ़ांढस बंधाया। परिवार को भरोसा दिलाया कि जल्द ही सपा मुखिया के परिवार के सदस्यों से भेंट करने उनके आवास पर आएगें। सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी मंगलवार की दोपहर भरखरा गांव पहुंचे। यहां वह सबसे पहले शहीद के पिता राकेश पाल व उसके छोटे भाई उत्कर्ष पाल से मिले। इसके बाद सभी लोग अन्तेष्टि स्थल पर पहुंचे।

# फर्जी आधार कार्ड व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने वाले दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्जी आधार बनवाकर जमीन का बैनामा कराने गए दो युवकों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। आरोपितों ने ग्रामीणों से हाथापाई भी कर दी। ग्रामीणों ने आरोपितों के साथ मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव अकराबाद में सोमवार दोपहर दो व्यक्ति गांव निवासी विद्याराम राजपूत के नाम का फर्जी आधार बनवाकर उनके छः बीघा खेत को बेचने के लिए खरीददार को दिखाने के लिए ले गए। खेतों पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनो युवकों से पता पूछा तो वह स्वयं को विद्याराम बताने लगे। ग्रामीणों ने मामले की सूचना विद्याराम के स्वजनों को दी। मौके पर पहुंचे विद्याराम व उनके स्वजनों ने युवकों से पूछताछ की तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। ग्रामीणों ने युवकों के साथ मारपीट कर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनो को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में युवकों ने स्वयं को रौकरी निवासी सतीश व जनपद एटा के थाना नयागांव के गांव पट्टी नगला निवासी गुलजारी बताया। उन्होंने बताया कि वह विद्याराम के नाम का फर्जी आधार बनवाकर उनके खेत का बैनामा कराने के लिए खेत दिखाने गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिन-दहाड़े धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने कारिया यादव पुत्र गंगाराम निवासी याकूतगंज को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 24 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

बीते 3 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम याकूतगंज निवासी अंजू कटियार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2021 को मेरे पिता शिवशंकर कटियार अपने खेत पर ट्यूबवेल चलाने गए थे। मैं व मेरा भाई अजय कटियार पिता को खाना देने ट्यूबवेल पर दोपहर लगभग 2 बजे पहुंचे, तभी याकूतगंज निवासी कारिया यादव ट्यूबबेल पर आ गया और पिता को गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर कारिया ने धारदार हथियार से पिता के गले पर हमला कर दिया। मैंने व मेरे भाई ने कारिया को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग गया। पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने कारिया को आजीवन कारावास व 24 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# करंट से झुलसे युवक की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** टेंट के पोल पर लगे तार को सही करते समय युवक को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन आनन-फानन में युवक को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव शिवपुर निवासी अनिल कुमार का 20 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार मंगलवार सुबह गांव में हो रही कथा भागवत में गया था। इसी दौरान तार सही करने के लिए वह पांडाल के पोल पर चढ़ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और पोल से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। स्वजन शव लेकर घर चले गए।

# मार्ग दुर्घटना में मामा-भांजे घायल, भांजे की मौत

- सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव ब्राहिमपुर जागीर निवासी सुनीत पुत्र तेज सिंह व उसका मामा संबर सिंह साथी अनुज निवासी शमसाबाद बाइक द्वारा गोद भराई करने जा रहे थे।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

जैसे ही कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग टेड़ीकोन थाना कायमगंज के पास पहुँचे, तभी रोडबेज बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ. जितेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सुनीत सिंह की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सुनीत की मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ईश्वर दयाल ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। रोडवेज चालक के विरुद्ध कार्यवाही करवाने की बात कही। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# रिश्वत न देने पर मीटर रीडर ने 40990 का निकाला बिल

- रीडिंग निकालने वाले कर्मचारी द्वारा मीटर व रीडिंग सही कराने के नाम पर 2000 रुपये की गयी थी मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नईबस्ती निवासी विधवा सीतादेवी ने तहसील परिसर पहुँचकर उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार को एक शिकायती पत्र देकर कहा है की उसका घरेलू विद्युत कनेक्शन संख्या -0040313633 है। जिसका माह फरवरी 2024 को 1015 रुपये का बिल आया था। इसके बाद मीटर की डिस्प्ले खराब हो गई। रीडिंग निकालने वाले कर्मचारी द्वारा मीटर व रीडिंग सही कराने के नाम पर 2000 रुपये की मांग की गयी। जिसे पूरा न करने पर 40990 रुपये का बिल निकाल दिया। अत्यधिक बिल आने पर सीता ने शिकायत की। उपजिलाधिकारी ने उसे बिल सही कराने का भरोसा दिया।




एसडीएम से शिकायत करने जाती महिला

# भक्तों ने मां कत्यायनी की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरुप मां कत्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

भक्तों को कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस तैनात रही। जो हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रही। मंगलवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के छठे स्वरुप मां कात्यायनी की श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की।



शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। यहां पर लगे मेले में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। महिलाओं ने घरेलू सामान से संबंधित की ज्यादा खरीद की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माथा टेंका तथा मन्नतें मांगीं। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। मंदिर पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने विधि विधान से मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां की पूजा अर्चना की और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया।

## खबरें एक नजर में

### अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान दवा प्रतिनिधि की हार्ट अटैक से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दवा कंपनी के अधिकारियों से परेशान दवा प्रतिनिधि की सदमे आकर हार्ट अटैक से मौत हो गयी। मृतक दवा प्रतिनिधि की पत्नी ने शहर कोतवाली में दवा कंपनी के दो अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार मोहल्ला नुन्हाई निवासी विपिन बाजपेई हैत्रो हेल्थ केयर की जेक्सन कंपनी में 15 साल से काम कर रहे थे। 6 माह पूर्व कंपनी के जोनल मैनेजर राजेश त्रिपाठी, रीजनल मैनेजर चेतन शर्मा ने दबाव बनाकर आगरा ट्रांसफर कर दिया। जिससे विपिन वाजपेई काफी परेशान रहते थे। सोमवार को सदमे के चलते उनकी हालत बिगड़ गई और हृदयाघात से मौत हो गई। मृतक की पत्नी ज्योति वाजपेई ने दी तहरीर में बताया कि दोनों अधिकारियों ने 4 अक्टूबर को पति को गाजियाबाद बुलाया था। गाजियाबाद बुलाकर दोनों अधिकारियों ने पति विपिन वाजपेई को काफी परेशान किया और लगातार दबाव बना रहे थे। पीड़िता ने तहरीर देकर दवा कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है

### पहले लिखवा ली जमीन, फिर तमंचे के बल पर लिये रुपये

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक से दबंग ने एक लाख बीस हजार रुपये में जमीन लिखवा ली। वहीं दबंग के साथी युवक ने तमंचे के बल पर रुपये ले लिये। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला दलवीर खां निवासी देवकीनंदन पुत्र गेंदनलाल शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह मुन्दबुद्धि है। 1 अक्टूबर को अरविन्द पुत्र रामनिवास पाल ने मारपीट कर तथा जान से मारने की धमकी देकर जमीन एक लाख बीस हजार रुपये में लिखवा ली। 6 अक्टूबर को अरविन्द का साथी तीतर पुत्र अशोक ने तमंचे के बल पर एक लाख बीस हजार रुपये ले लिये। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की।

### रावण दहन स्थल क्रिश्चियन ग्राउंड का एसपी ने लिया जायजा, पुख्ता इंतजाम के दिये निर्देश



घटनास्थल का निरीक्षण करते सीओ व थानाध्यक्ष आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विजय दशमी के पर्व में मात्र चार दिन ही शेष हैं। 12 अक्टूबर को रावण दहन होना है। एसपी आलोक प्रियदर्शी नें रावण दहन स्थल का जायजा लेकर व्यवस्था को परखा तथा पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शहर के थाना कादरी गेट के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान में लगभग 40 सालों से भी अधिक समय से रावण दहन होता आ रहा है। इससे पूर्व रामलीला गड्ढा में ही रावण का दहन होता था। मंगलवार को एसपी आलोक प्रियदर्शी व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार सिंह नें क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान में पहुंचकर मैदान का जायजा लिया। उन्होंने सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया से भी जानकारी ली। मैदान में प्रवेश द्वार की भी जानकारी ली। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

# लापरवाही: बीईओ की लापरवाही आयी सामने प्रशिक्षण में अधिकांश शिक्षक रहे नदारद

**प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के लिए प्रति शिक्षक के हिसाब से जलपान व्यवस्था के लिए आता है 630 रुपया**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही के चलते शिक्षकों के चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकांश शिक्षक नदारद रहे।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, लेकिन प्रशिक्षण के दौरान चंद शिक्षक ही मौजूद रहे, जबकि अधिकांश शिक्षक नदारद रहे। जिससे शिक्षकों को प्रशिक्षण मखौल बन गया है। बताते चलें कि शिक्षकों को एआरपी बृजेश पुष्कर तथा बलवीर सिंह प्रशिक्षण दे रहे हैं। जबकि प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के लिए 630 रुपया प्रति शिक्षक के हिसाब से जलपान व्यवस्था के लिए आता है। प्रशिक्षण न लेकर शिक्षक पैसे का गोलमाल कर रहे हैं।



प्रशिक्षण के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां

जब इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 5.00 बजे समापन होता है, लेकिन ऐसा न होकर अधिकतर शिक्षक नदारत रहने के बाद भी जो लोग बचते हैं वह 4.00 बजे अपना शिक्षक प्रशिक्षण समापन कर देते हैं।

# मिट्टी के टीले में दबकर मजदूर घायल लोहिया अस्पताल में कराया गया भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिट्टी निकालते समय मजदूर के ऊपर टीले का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। जिससे टीले के मलबे में दबकर मजदूर गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार लखमीपुर निवासी धर्मवीर निजी काम हेतु महरूपुर सहजू स्थित मिट्टी के टीले से मिट्टी खोदने गया था। मिट्टी खोदते समय टीले का बड़ा हिस्सा उसके ऊपर आ गिरा। जिससे वह मलबे में दब गया। जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मिट्टी हटाकर उसे बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से घायल धर्मवीर को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल एक और किशोर की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती शनिवार सुबह दौड़ लगाने के लिए निकले तीन किशोरों को अज्ञात वाहन नें कुचल दिया। तीनों को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व दिनांक 5 अक्टूबर को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में ग्राम नगला पंजाब याकूतगंज निवासी राजकुमार का 14 वर्षीय पुत्र हर्ष, नीरज कुमार का 14 वर्षीय पुत्र केशव कुमार, रामवृक्ष का 15 वर्षीय पुत्र रजत फतेहगढ़-कानपुर मार्ग पर दौड़ लगा रहे थे। उसी दौरान पाल गेस्ट हाउस के पास अज्ञात वाहन ने तीनों के टक्कर मार दी। जिसमें तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल लोहिया भेजा। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 जय सिंह ने 14 वर्षीय हर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि केशव व रजतकी हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया था। हालत बिगड़ने पर दोनों को हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान केशव की मौत हो गयी। बताते चलें कि केशव अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था। जो कक्षा 9 में पढ़ता था। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो

# रावण दहन से पूर्व एसपी व नगर मजिस्ट्रेट ने क्रिश्चियन मैदान का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला मण्डल द्वारा आयोजित होने वाले विजय दशहरा व रावण दहन को लेकर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, क्षेत्राधिकारी अर्चना उपाध्याय व थानाध्यक्ष आमोद सिंह ने क्रिश्चियन फील्ड पहुंचकर मैदान का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय लोगों से वहां की समस्यायें पूछी। सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया के साथ मैदान का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। साथ ही सादा वर्दी में फोर्स लगाकर अराजकता फैलाने वालों को पकड़ा जायेगा। पर्याप्त फोर्स मेले में लगाया जायेगा। किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



क्रिश्चियन मैदान का निरीक्षण करते एसपी व सिटी मजिस्ट्रेट

आवास विकास से मार्ग को परिवर्तित किया जायेगा। दूसरी ओर लालगेट से कादरीगेट की ओर मार्ग को परिवर्तित किया जायेगा। दशहरा के दिन बेरिकेडिंग लगाकर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जायेगा। दोपहर से ही प्रशासन अपना डेरा डालकर दशहरा कार्यक्रम को सम्पन्न करायेगा। दशहरा मेले में खूफिया तंत्र द्वारा अराजकतत्वों पर नजर रखी जायेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि दशहरा कार्यक्रम में सहयोग करें। किसी तरीके की जानकारी हो तो पुलिस को बतायी जाये। इस मौके पर धीरू सारस्वत, दीपक सक्सेना, आदित्य कटियार आदि मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के प्रचार वाहन को बीडीओ ने दिखायी हरी झण्डी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ब्लॉक कमालगंज में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलपूर्ति विभाग के माध्यम से ब्लॉक स्तर टीम को हरी झंडी दिखाकर जागरुकता हेतु रवाना किया गया। जागरुक करते हुए जल की गुणवत्ता जनित रोग स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। दूषित जल का सेवन के दृश्यप्रभावों के वारे में पेयजल तथा स्वच्छता के बारे में एक्टिविटी नुक्कड़ नाटक, जल की गुणवत्ता जल के जनित रोगों और स्वच्छता मेले का आयोजन, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक एवं अभिमुख कायक्रम पानी की गुणवत्ता के विभिन्न वस्तुओं के बारे में सभी स्तरों पर उनके महत तथा सुरक्षित प्रचलन भंडारण आदि पर सभी को जरूरकता करना, बाल रूटिंग टंकी पंचायत घर प्राथमिक पाठशाला, स्वास्थ्य प्रभाव पर दृष्टि पेयजल एवं जल जनित रोगों में होने वाली बीमारियों से बचाव, आंगनवाड़ी केन्दों/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पॉजिटिव आर एवं पोषण पेयजल गुना के महत्व, स्कूलों में बच्चों से ड्राइंग पेयजल और स्वच्छता पर जागरूक किया जायेगा।


जागरुकता वाहन को झण्डी दिखाते बीडीओ

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार चौहान के अलावा त्रिलोकी नाथ शर्मा, रचना, संगीत, सोनू, नितिन गुप्ता, शिवानी शाक्य, पल्लवी, ध्रुव, मालती, उदित, विजय, आयुष आदि मौजूद रहे।

# रखा बालिका इंटर कालेज की टॉपर छात्रा जान्हवी अवस्थी एक दिन की बनी सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत मंगलवार को रखा बालिका इंटर कालेज की टॉपर छात्रा जान्हवी अवस्थी को एक दिन का मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया।

चार्ज लेने के बाद जान्हवी अवस्थी ने सभी की समस्यायें सुनी और संदेश दिया कि जैसे लोगों को शिक्षा बहुत जरुरी है, उसी तरह स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखना बहुत जरुरी है। इसके लिए सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी चलायी जा रही योजनाओं को क्रियांवयन कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। डाक्टर, नर्स धरती के भगवान माने जाते है वह सभी की सेवाभाव से स्वास्थ्य संबंधी इलाज करते हुए देखभाल करें। वर्तमान समय में सरकारी डाक्टर और सरकारी स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट एवं वार्डबॉय इस सेवाभाव को पूर्ण रुप से नहीं निभा पा रहे है। इसी कारण सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा है। जबकि प्राइवेट अस्पतालों में कम वेतन पर कार्य करने वाले वही कर्मचारी मरीजों से अच्छा व्यवहार करते है तो ऐसे में महसूस होता है तो सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को भी अपने फर्ज को पूर्णतः निभाना चाहिए। जिससे सरकार और व स्वास्थ्य विभाग पर उठने वाली उंगली पर विराम लगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार ने छात्रा जान्हवी अवस्थी को एक दिन का सीएमओ बनने पर बधाई दी। प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने बताया कि हाईस्कूल में जान्हवी अवस्थी टॉपर रही और इंटर की वर्तमान में वह छात्रा है। उन्होंने आशीर्वाद देते हुए जान्हवी अवस्थी का उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई दी।


सांकेतिक सीएमओ छात्रा जान्हवी अवस्थी

# केंद्र सरकार अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों को पहुंचा रही मुनाफा

**जालौन,उरई।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का जिला सम्मेलन एक स्कूल में कामरेड पूरन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य अशोक तिवारी ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक ताकतों एवं कार्पोरेट गठजोड़ की सरकार के चलते महंगाई, भुखमरी अशिक्षा से आम जनता बुरी तरह कराह रही है। केंद्र सरकार अडानी, अंबानी जैसे पूंजीपतियों को मुनाफा पहुंचाने की नीतियां लागू करती है। जिससे रोजगार खत्म हो रहे है। आमजनता को धर्म एवं जाति के नाम से लड़ाकर उनके संघर्ष को कमजोर किया जाता है।


छात्र सेजल व चित्रा

# सेजल व चित्रा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में करेगीं प्रतिभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेल निदेशालय लखनऊ द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष विषय राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद की दो बेटियों का चयन हुआ है। जो राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेंगी। 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक सुखदेव पहलवान क्रीड़ा संकुल स्टेडियम आजमगढ़ में आयोजित होगी। जिसमें जनपद की बालिकायें कु0 सेजल, कु0 चित्रा का प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाग करेगीं। दोनों बेटियों को प्रदेश स्तर पर खेलने के लिए जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बधाई दी है। कानपुर मण्डल टीम से आजमगढ़ में खेलने जायेगी। कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव ने दोनों छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# डांडिया व गरबा के नाम पर न हो व्यापार

**हिन्दू सेना ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गरबा व डांडिया के नाम पर पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन द्वारा मांग की है कि गरबा व डांडिया के नाम पर कुछ आयोजक लोग धन कमाने के चक्कर में मर्यादाओं का पालन नहीं कर रहे है। अराजकतत्व शामिल होकर पवित्रता को नष्ट कर रहे है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत आदित्य कृष्णगिरी एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोज शुक्ला महाकाल ने इसका विरोध करते हुए निर्णय लिया है कि ऐसे कार्यक्रमों को अनुमति न दी जाये। आधार कार्ड देखकर केवल सनातनियों को प्रवेश दिया जाये। प्रतिभाग करने वाले कपड़े पूरे पहने। गाने पर फूहड़पन न हो। कार्यक्रम स्थल पर यदि प्रतिमा स्थापित कर रहे हो तो शुद्धता व पवित्रता का ध्यान रखें। मदिरापान करने वाले व्यक्ति प्रवेश न करें। यदि भोजन आदि के स्टाल लगे है उसमें मासाहारी न हो। इन बातों का जो उल्लंघन करने वालों की अनुमति निरस्त की जाये। इस मौके पर अखिलेश पाण्डेय, शिवम त्रिपाठी, दिवाकर द्विवेदी, पारुल गुप्ता, सुमन गुप्ता, रजत गुप्ता, धीरेन्द्र चौहान, गौतम कुमार यादव, अतुल राजपूत, आयुष सक्सेना, विनोद कुमार पाल आदि लोग मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दू सेना के लोग

# रोड कटिंग रीस्टोर करने की रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर डीएम हुए नाराज


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा हाउस होल्ड कनेक्शन घर से दूर लगाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। डीएम ने रोड कटिंग रीस्टोर करने की रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर नाराजगी जताई व 03 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। 15 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत रीस्ट्रोरेशन करने के लिये निर्देशित किया व कनेक्शन में लगने वाली सामिग्री की क्वालिटी अच्छी रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, व संबंधित अधिकारी व कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दिवाली से पूर्व शिक्षकों की समस्याओं का किया जाये निराकरण: पुष्पा सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को समस्याओं संबंधित ज्ञापन सौंपा। समस्याओं को लेकर ज्ञापन में दर्शाया कि जनपद स्तर या खण्ड शिक्षाधिकारी से पीएफएमएस का मदवार विवरण विगत वर्ष से न उपलब्ध कराया गया और न ही इस वर्ष शिक्षकों को आवंटित धनराशि को लेकर भ्रम रहता है।

ब्लाक कार्यालय के लेखाकार द्वारा जानकारी नहीं दी जाती है, जिससे शिक्षकों का शोषण होता है। अभी तक पीएफएमएस की धनराशि खाते में प्राप्त नहीं की गई है। फिर भी उच्चाधिकारियों के द्वारा विद्यालयों में कार्यवाही का भय दिखाकर अध्यापकों से निजी धनराशि खर्च करके कार्य कराने को दबाव डाला जा रहा है यह अनुचित है। एफएलएन का प्रशिक्षण विगत सत्र एवं इस सत्र का अध्यापको को प्रशिक्षण भत्ता नहीं हुआ है। शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के अनुचर के ऑनलाइन अवकाश शासनादेश के अनुसार दो दिवस में स्वीकृति या अस्वीकृति प्राप्ती आपत्ति दर्ज कराने का आदेश है। बीईओ द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। कन्वर्जन कास्ट, रसोइया मानदेय व फल वितरण आदि का दीपावली के त्योहार से पूर्ण किया जाये।

बीएलओ ड्यूटी से शिक्षकों को मुक्त किया जाये। ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायक कर्मी को बीएलओ का कार्य कराया जाये। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत में नियुक्ति सहायक कर्मचारियों के द्वारा साफ-सफाई व विद्यालय के परिसर के अंदर करायी जाये। विशिष्ट बीटीसी 2004 व 2005 से पहले विज्ञापन के आधार पर जो नियुक्त हुए उनकी पुरानी पेंशन विकल्प पर ब्लाकों से प्राप्त कर आगे की कार्यवाही की जाये। निलंबित प्रधानाध्यापकों को ससमय आरोप पत्र नहीं दिया जा रहा है।

शिक्षकों की लंबित भुगतान एवं मानव संपदा पर निस्तारण हेतु भुगतान नहीं किया जा रहा है। शीघ्र समस्याओं का निराकरण हो। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय तिवारी, सुनील कुमार दीक्षित, मण्डल उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


बीएसए को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी

# माउंट लिटेरा स्कूल में फैमिली डांडियोत्सव आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नौ दिनों का दिव्य शक्ति देवी दुर्गा के सम्मान में माउंट लिटेरा जी स्कूल में एमएलजेडएस फैमिली द्वारा डंडियोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अरुण गंगवार व डायरेक्टर रंजना गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्या सुनीता यादव व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुजरात के सामाजिक-धार्मिक लोकनृत्य डांडिया रास से होकर कार्यक्रम का समापन पंजाब के लोकनृत्य भांगड़ा के साथ हुआ। आयोजन में सभी बच्चों व अभिभावकों ने भरपूर आनंद लिया। फैमिली डांडिया उत्सव में लखनऊ से आयी किरण वासवानी ने अपनी आवाज का जादू विखेरा और सभी का मन मोह लिया। कपल डांस, फैशन शो, रैंप वाक तथा एक के बाद एक स्थानीय मनोरंजन कार्यक्रम देर शाम तक चलते रहे। नगर की महिलाओं एवं पुरुषों व युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में सजधजकर प्रतिभाग किया और खान-पान के लजीज व्यंजनों के स्टालों पर जाकर लुप्त उठाया, साथ ही सर्वश्रेष्ठ कपल, सर्वश्रेष्ठ ड्रेस्ड (मेल-फीमेल), सर्वश्रेष्ठ एंटरटेनर, सर्वश्रेष्ठ डांसर तथा अन्य पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया।


डांडिया कार्यक्रम में मौजूद युवतियां व अन्य

# किसान नेताओं ने फाइनेंस कम्पनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते गाड़ी मालिक व किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक फाइनेंस कम्पनी द्वारा गाड़ियों का फर्जी लोन करने के मामले में ठगी की गई। इस संबंध में थाना कादरीगेट में मुकदमा भी दर्ज कराया गया। उसके बावजूद भी कम्पनी द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है और गाड़ी मालिकों को आये दिन लोन चुकाने का दबाव बनाने की नियत से गाड़ी खड़ी कर लेने की धमकी दी जा रही है। नाजायज रुप से उनकी मांग स्वीकार नहीं की जायेगी। जबकि फाइनेंस कम्पनी द्वारा कोई एनओसी नहीं दी गई है। इस मौके पर गाड़ी मालिक आलोक, विजय सिंह, पंकज, सुरेश, अवधेश, शैलेन्द्र सिंह, श्यामवीर, मुलिक पाल, सुधाकर दीक्षित, संदीप सिंह, चन्द्रशेखर, मनोज कुमार के अलावा किसान नेता नरेन्द्र सोमवंशी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आयोजित होने वाले छाया इंटीग्रेटेड विलेज हेल्थ सेनिटेशन एंड न्यूट्रीशन-डे पर लोगों को एएनएम के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद के लोगों को अपग्रेटड सेवाओं से शत-प्रतिशत अच्छादित करने के हेतु लाभार्थी केन्द्रित सत्रों का आयोजन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

इन सेवाओं को जन-जन तक पहुंचने के लिए प्रदेश स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर दक्ष किया गया। जिसमें एक जनपद से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डीसीपीएम और जिला विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में इन लोगों द्वारा जिला स्तर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीपीएम और बीसीपीएम को प्रशिक्षण देकर ब्लाकों पर आयोजित होने वाले एएनएम, आशा और संगिनी के प्रशिक्षण हेतु लगभग 20 ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षक के रूप में तैयार किया गया है।


कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी

# शूपनखा की नाक कटते ही राम-लक्ष्मण के लगे जयकारे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला मण्डल द्वारा रामबाग में चल रही रामलीला में भरत व राम का मिलन एवं शूपनखा द्वारा विवाह के लिए लक्ष्मण को प्रेरित करने पर नाक काटने की लीला का मंचन हुआ। ननिहाल से वापस लौटने के बाद जैसे ही भरत अयोध्या पहुंचे तो भ्राता राम को महल में न पाकर दुखी हुए और उन्हें खोजने के लिए वन की ओर निकल पड़े।

वन पहुंचकर उन्होंने राम-लक्ष्मण से मिलकर आरजू की पुनः अयोध्या वापस चले। राम के समझाने के बाद भरत मान गये और उनकी चरण पादुका लेकर वापस अयोध्या लौट आये और सिंहासन पर चरण पादुका रखकर उनके वनवास से वापस आने की प्रतिक्षा करने लगे। वन में शूपनखा नाम की राक्षसी ने अपना रुप बदलकर राम को विवाह के लिए प्रेरित किया तो राम ने बताया कि मैं विवाहित हूं तो शूफनखा ने लक्ष्मण से विवाह को लेकर जिद करने लगी। इतने में लक्ष्मण क्रोधित होते हुए शूफनखा के नाक को शरीर से अलग कर दिया। इस अपमान को वह सह न सकी और रोते-बिलखते अपने भाई रावण के पास पहुंची और पूरी घटना को बताया, तभी रावण ने सीता का अपहरण करने का ठान लिया। इस दौरान लीला में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

पात्रों ने अपनी भूमिका अदा करते हुए लीला का मंचन किया।


शूपनखा की नाक काटते लक्ष्मण

# देवी पंडालों, मंदिरों में मातारानी के भक्तों की जुटी भीड़

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**छठे स्वरूप में पूजी जाती है 'मां कात्यायनी'**

नवरात्रि के छठे दिन नगर में स्थापित देवी पंडालों व देवी मंदिरों पर देवी के छठवें रूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। देवीभक्तों ने विभिन्न देवी पंडालों व देवी मंदिरों पर जाकर देवी मां की स्तुति की। शरदीय नवरात्रि के छठें दिन देवी मां के छठे स्वरूप 'कात्यायनी' के दर्शन के लिए बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर तथा देवी पंडालों में सुबह से शाम तक देवी भक्तों का तांता लगा रहा। शास्त्रों के अनुसार देवी ने कात्यायन ऋषि के घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया, इस कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ गया। दिव्य रुपा कात्यायनी देवी का शरीर सोने के समान चमकीला है। चार भुजा धारी मां कात्यायनी सिंह पर सवार हैं। अपने एक हाथ में तलवार और दूसरे में अपना प्रिय पुष्प कमल लिये हुए हैं। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं। इनका वाहन सिंह हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। इसीलिए यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। प्रवृत्ति के दमन एवं सर्वत्र शांति की कामना की। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

## नवरात्रि में मां की आराधना करने से धर्मपथ पर चलने की मिलती प्रेरणा:द्विवेदी

**उरई ,जालौन।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ग्राम पंचायत बिचौली प्रधान महेश कुमार ने अपने घर पर नवरात्रि के चलते जवारे का आयोजन किया नवरात्रि की तिथि पंचमी को जावारे की झांकी के उत्सव को लेकर प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जवाबी कीर्तन का कार्यक्रम भी कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य कुठौंद के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनिरुद्ध द्विवेदी ने कहा कि नवरात्रि में भक्तजन नौ दिनों तक देवी की उपासना कर समाज में सुख व समृद्धि की कामना करता है। यही कारण है कि नवरात्रि के अवसर पर इस तरह से धार्मिक कार्यक्रमों से लोगों को धर्मपथ पर चलने की भी सीख मिलती है। बिचौली गांव में आयोजित धार्मिक जलसे में भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# सपा से निष्कासित छोटू टाईगर के पक्ष में दिखा मुस्लिम समाज का अमला

**समाज का हक छीनने वालों का विरोध करेगा मुस्लिम समाज**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कौमी एकता मंच के बैनर तले शहर के कोंच रोड़ कांशीराम कालौनी स्थित पीताम्बरा गेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज के लोगों ने सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन महबूब मंसूरी ने किया। कार्यक्रम के आयोजक सलीम मंसूरी रहे। बगावती तेवरों के साथ कौमी एकता मंच के बैनर तले आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये मुस्लिम समाज के वक्तताओं ने कहा कि कोंच के रहने वाले छोटू टाइगर ने हमेशा सपा संगठन को मजबूत करने के लिए काम किया इसके बाद भी सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने पार्टी के नेताओं को फर्जी तरीके से गुमराह करके सपा से निस्कासित करवाये जाने का काम कर दिखाया जिसका जिले का मुस्लिम समाज एकजुटता के साथ विरोध करता है और उनके खिलाफकार्यवाही की मांग सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से करता है।

वक्तताओं ने साफ तौर पर कहा कि मुस्लिम समाज का हक छीनने वालों का खुलकर हर स्तर पर विरोध किया जायेगा चाहे फिर चाहे वह कोई भी राजनैतिक दल हो। इस दौरान शफीकुर्रहमान कश्फी, मिर्जा साबिर बेग, मुहम्मद तारिक माहिल तालाब, आमिर सिददीकी, इकबाल मंसूरी जालौन सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**एच.एच.ए. गुडलाइफ महाविद्यालय**
रेलवे रोड, कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद (कोड-190033)

**डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) 2024 के अन्तर्गत अल्पसंख्यक संस्था की 50 सीटों को सीधे भरे जाने हेतु-विज्ञप्ति**

शासनादेश सं.941/अरसठ-4-2024-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक-09.08.2024 द्वारा दिये गये निर्देश तथा कार्यालय सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्रांक सं./डी.एल.एड. प्रशि. 2024/3143-50/2024-25 दिनांक 11 सितम्बर 2024 के अनुक्रम में संस्थान प्रबन्धतन्त्र/सोसाइटी के पत्रांक एच.एच.ए. गुडलाइफ/अ.सं./2024-25 दिनांक 05.10.2024 के द्वारा डी.एल.एड. प्रशिक्षण-2024 प्रवेश/चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत सीधे आवेदन करने वाले अपने अप्रवेशित अभ्यार्थियों को सीधे प्रवेश की कार्यवाही दिए जाने हेतु अवगत कराया जाता है कि सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

**कालेज वेबसाइट: www.hhaglife.org**

**प्रबंधक**
**एच.एच.ए. गुडलाइफ महाविद्यालय**
**रेलवे रोड, कम्पिल, फर्रुखाबाद**

# वैश्विक वातावरण में मजबूत वायुसेना की जरूरत

## भारतीय वायु सेना ने 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को तांबरम स्टेशन पर 'आत्मनिर्भरता' के किया संकल्प का प्रदर्शन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को चेन्नई के तांबरम स्टेशन पर वायु शक्ति और 'आत्मनिर्भरता' के संकल्प का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने औपचारिक परेड की समीक्षा करने के बाद कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण में एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता है। आज के बहु क्षेत्रीय वातावरण में नवीनतम तकनीक को नवीन सोच के साथ अपनाना महत्वपूर्ण है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि औपचारिक परेड की समीक्षा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की अपरिहार्य आवश्यकता को प्रदर्शित किया है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और प्रणालियों और हथियारों के दोहन के नए स्तर हासिल किए हैं। वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु सेना के योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष का आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने और वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को फिर से तैयार करने का अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। परेड की शुरुआत राष्ट्रपति ध्वज के साथ मार्चिंग-इन से हुई, जो गर्व, एकता, शक्ति और दल भावना का प्रतीक है। तीनों सेनाओं के बैंड के प्रदर्शन से माहौल और भी मधुर हो गया, जिसने माहौल को देशभक्ति के जोश से भर दिया। एयर वॉरियर ड्रिल टीम ने अपने आसमानी करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। परेड के बाद हवाई प्रदर्शन हुआ, जिसमें तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, सुखोई-30 एमकेआई और पिलाटस सहित विभिन्न जेट विमानों ने साहसिक कम ऊंचाई वाले बेहतरीन हवाई करतब दिखाए। चेन्नई का आसमान राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में रंगा हुआ था, क्योंकि सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने रोमांचक प्रदर्शन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### आपदा राहत के लिए सबसे पहले आगे आई वायुसेना

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस साल भारतीय वायु सेना ने मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय धरती पर सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और व्यावसायिकता का प्रमाण है। वायु सेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना हमेशा से ही देश और विदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है। उन्होंने वायु योद्धाओं को अनुकूल और कामकाजी माहौल प्रदान करने के लिए भारतीय वायु सेना की पूरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# हाईटेक होगी उत्तराखंड पुलिस, 34 करोड़ रुपए से बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** सरकारी सिस्टम पर साइबर अटैक से उत्तराखंड सरकार ने सीख ले लिया है। उत्तराखंड पुलिस हाईटेक होने जा रही है, ताकि साइबर क्राइम रुक सके। इसके लिए प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। 34 करोड़ की लागत से देहरादून में सेंटर आफ एक्सीलेंस का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो जल्द बनकर तैयार होगा।

पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड नीलेश आनंद भरणे व पुलिस उप महानिरीक्षक एसटीएफ सेंथिल अब्दई कृष्ण राज. एस ने मंगलवार को कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में मीडिया से बातचीत में बताया कि साइबर क्राइम दुनिया के लिए चुनौती बनती जा रही है। साइबर अपराध को रोकने के लिए उत्तराखंड में सेंटर आफ एक्सीलेंस बनेगा। ऐसे में अब उत्तराखंड पुलिस अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय तकनीक के जरिए डिजिटल पुलिसिंग सीखेगी।

### देश के कुछ ही राज्यों में है यह आधुनिक सिस्टम

उन्होंने बताया कि 34 करोड़ की लागत से देहरादून में सेंटर आफ एक्सीलेंस का निर्माण कार्य चल रहा है। अभी तक यह आधुनिक सिस्टम देश के कुछ राज्यों में ही मौजूद है। पुलिस एवं आईआईटी का कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट साइबर क्राइम को रोकने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग करेगा। अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय तकनीक के जरिए साइबर क्राइम को अब पुलिस कंट्रोल करेगी।

### पिछले वर्षों में ट्रेडिशनल क्राइम के बजाय साइबर क्राइम बढ़े

पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि पिछले वर्षों में ट्रेडिशनल क्राइम के बजाय साइबर क्राइम बढ़े हैं। इसके लिए निर्णय लिया गया कि देश की बेस्ट आईआईटी कंपनी के साथ मिलकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से व्यय भार वहन किया जाएगा।

# अरविंद केजरीवाल ने पार्षदों को दिया जीत का मंत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी के निगम पार्षदों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्षदों को दिल्ली विधानसभा चुनाव में आआपा की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हमें अति-आत्मविश्वास से बचना है और किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना है। दिल्ली विधानसभा का चुनाव काफी करीब है। हमें मिलकर मेहनत करनी है और दिल्ली का चुनाव जीतना है।

अरविंद केजरीवाल ने निगम पार्षदों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले दो साल से जिस तरह आआपा पर हमला किया गया, भारतीय राजनीति में इसका दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। मुझे जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन को भी जेल में डाल दिया। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले हरियाणा में जाकर कांग्रेस को गालियां दे रहे थे लेकिन इन्होंने 10 साल में हरियाणा में क्या किया? भाजपा के पास पिछले 10 साल में गिनाने के लिए एक भी काम नहीं है।

आज पूरे देश में सब जानते हैं कि आआपा ने बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और महिलाओं की फ्री बस यात्रा की सुविधाएं दी है। हमने जो काम किए, 75 साल में कोई नहीं कर पाया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम अपनी राजनीतिक लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन ये हकीकत है कि हम एक बहुत बड़ी राजनीतिक कहानी का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम को बने कितने साल हो गए। 57 से आज तक दिल्ली नगर निगम की कभी इतनी चर्चा हुई थी, जितनी आआपा की वजह से हो रही है।

### रेवड़ियां देने के बाद भी बजट मुनाफे में है : गोपाल राय


दिल्ली प्रदेश संयोजक व मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अभिमन्यु नहीं बल्कि भारत के परिवर्तन के नए अर्जुन हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कितने ही मुख्यमंत्री बने और आगे भी बनेंगे लेकिन वे काम नहीं कर पाएंगे। भारत के हर राज्य का बजट घाटे में जाता है और दिल्ली के अंदर इतनी रेवड़ियां देने के बाद भी बजट दोगुना हो जाता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के पास जेल से आने के बाद जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सत्ता को संचालित करने का अवसर था तो उन्होंने फैसला लिया कि जब तक दिल्ली की जनता उनकी ईमानदारी पर मुहर नहीं लगाती है वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

## मनु भाकर ने करमाकर को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने दीपा करमाकर को सभी अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले सोमवार को दीपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जिमनास्टिक से संन्यास की घोषणा की। मनु भाकर ने मंगलवार को एक्स पर दीपा को उनके अविश्वसनीय करियर के बाद भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। मनु ने एक्स पर लिखा, ÷दिग्गज दीपा करमाकर को उनके अविश्वसनीय जिमनास्टिक करियर के बाद उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। अविस्मरणीय यादों और एक पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर दीपा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया था। महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में 13.566 के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ, दीपा ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता।

# जम्मू-कश्मीर का सीएम बनकर परिवारिक विरासत आगे बढ़ाने को तैयार : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम में प्रभावशाली जीत हासिल करने और गांदरबल में आगे रहने के बाद कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। कुछ महीने पहले ही अब्दुल्ला को लोकसभा चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था।

जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने आज घोषणा की कि उनके बेटे और पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 41 सीटों पर आगे चल रही जेकेएनसी सहयोगी कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहली बार आयोजित विधानसभा चुनाव नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए एक तरह से वरदान रहा है। उमर अब्दुल्ला ने यहां तक कह दिया था कि वह केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में प्रवेश करके खुद को अपमानित नहीं करेंगे लेकिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद उन्होंने अपना रुख बदल लिया। उन्होंने एक नहीं, बल्कि दो सीटों गांदरबल और बडगाम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। हालांकि, पार्टी के गढ़ गांदरबल से चुनाव लड़ना अब्दुल्ला के लिए आसान था लेकिन उन्होंने सुरक्षित खेलने का फैसला लेकर बडगाम विधानसभा क्षेत्र से भी नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने वाली एनसी जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

## खबरें एक नजर में

### एआई कैमरे के साथ सुपर स्टाइलिश टेक्नो पॉप 9 लॉन्च

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** इस फेस्टिव सीज़न में टेक्नो अपनी नई और रोमांचक लॉन्च के साथ धूम मचा रहा है और अब वह लेकर आया है नया, कूल और वाइब्रेंट पॉप 9 5जी, जो आज से मार्केट में उपलब्ध है। इसकी बोल्ड और वाइब्रेंट डिजाइन खासकर जेन अल्फा, कॉलेज स्टूडेंट्स और ट्रेंडसेटर्स के लिए डिज़ाइन की गई है, जो 5जी तकनीक को हर किसी के लिए सुलभ बनाता है। यह स्मार्टफोन तीन शानदार रंगों जैसे मिडनाइट शैडो, अज्योर स्काई, और ऑरोरा क्लाउड में उपलब्ध है। इसके साथ ही, बॉक्स में आपको दो आकर्षक मोबाइल स्किन्स भी मिलेंगी, जिससे फोन एक यूनिक लुक दिया जा सकता है! तो अब अपने पुराने और बोरिंग डिवाइस को अलविदा कहें और पीओपी टू 5जी के साथ स्टाइल और मनोरंजन की मज़ेदार दुनिया में कदम रखें। सेगमेंट का पहला 48 मेगा पिक्सेल सोनी एआई कैमरा और 5जी के साथ एनएफसी फीचर्स और 4 साल से अधिक लैग फ्री एक्सपीरियंस वाला ये फोन केवल 8,499 की लॉन्च कीमत पर उपलब्ध है। पॉप 9 में 5जी में सेगमेंट का पहला 48 मेगा पिक्सेल सोनी एआई कैमरा है, जो आपकी फोटोग्राफी को एक नया आयाम देगा। चाहे आप इंस्टाग्राम के लिए परफेक्ट फोटो ले रहे हों या रोज़मर्रा की ज़िंदगी को कैद कर रहे हों, यह कैमरा हर पल को मज़ेदार और खास बना देगा। यह फोन मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 चिपसेट से लैस है, जो स्मूथ और इफिशिएंट परफॉरमेंस देता है। साथ ही यह 4 साल से अधिक समय तक लैग फ्री एक्सपीरियंस की पेशकश करता है, जो इसे लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए परफेक्ट बनाता है।

### तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

**चाकदह।** तालाब में नहाने गए तीन किशोर-किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार को नदिया जिले के चाकदह थाना अंतर्गत रौतारी पंचायत के एकतारपुर इलाके की है। मृतकों के नाम निशि विश्वास (10), दृप्ता विश्वास (7) और रिक दास (7) हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, निशि विश्वास और दृप्ता विश्वास पूजा की छुट्टियों में एकतारपुर स्थित अपने मामा से मिलने आए थे। वहां वह अपने मामा के बेटे रिक दास (7) के साथ मंगलवार सुबह घर के पास स्थित तालाब में नहाने गये थे। काफी देर तक पानी से बाहर नहीं आने पर लोगों ने तलाशी शुरू की। उनकी तलाश के लिए जाल डाला गया तब एक-एक करके तीन शव बरामद हुए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर चकदह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### बटेंगे तो कटेंगे की गंभीरता को सनातनियों ने समझा : शुभेंदु

**कोलकाता।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने को लेकर पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने खुशी जाहिर की है। शुभेंदु ने कहा है कि हरियाणा के सनातनियों ने 卐बटेंगे तो कटेंगे卐 जैसे नारों की गंभीरता को समझते हुए सही निर्णय लिया है। मंगलवार दोपहर बाद उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम स्पष्ट होते ही सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें शुभेंदु अधिकारी ने पोस्ट में लिखा कि सनातनी बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों की गंभीरता को समझ चुके हैं और सही निर्णय लिया है। शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में भाजपा 50 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। जबकि, कांग्रेस 35 सीटों पर आगे है। बाकी पांच सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने बढ़त बनाए रखी है। भाजपा और कांग्रेस के बीच इस अंतर को पाटना मुश्किल है और राज्य में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों की जरूरत है जिस आंकड़े को भाजपा पार कर चुकी है। हरियाणा के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

### ईडी की जांच में शामिल हुए एचसीए के पूर्व अध्यक्ष अज़हरुद्दीन

**हैदराबाद।** हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद मोहम्मद अज़हरुद्दीन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सुनवाई में आज सुबह शामिल हुए। ईडी ने हाल ही में एचसीए में अनियमितता के मामले में उन्हें नोटिस जारी किया था। मंगलवार को वे जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय के हैदराबाद स्थित कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर अज़हरुद्दीन ने कहा कि उन पर लगे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। गौरतलब है कि हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में जेनरेटर, फायर इंजन और अन्य उपकरणों की खरीद के मामले में 20 करोड़ रुपये की अनियमितता के आरोप लगे हैं। इसी पृष्ठभूमि में प्रवर्तन निदेशालय ने अज़हरुद्दीन को नोटिस जारी कर जांच के लिए पेश होने का आदेश दिया था।

# इजराइल ने हिजबुल्लाह का कमांडर मारा, हमास के तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

**बेरूत/गाजा।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिण में हुए इजराइल के हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया। इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि मारा गया कमांडर सुहैल हुसैनी ईरान समर्थित-पोषित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के रसद, बजट और प्रबंधन का काम देखता था। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने इसकी पुष्टि की है। उधर, गाजा में हुए इजराइली हमले में हमास के तीन आतंकी मारे गए।

आईडीएफ ने कहा है कि हुसैनी ईरान से लाए गए अत्याधुनिक हथियारों का वितरण समूह की इकाइयों को करता था। वह आतंकवादी समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। उल्लेखनीय है कि इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह का सरगना सैय्यद हसन नसरल्लाह भी ढेर हो चुका है। उसके बेटा-बेटी और कई शीर्ष कमांडर मारे जा चुके हैं। इस बीच हिजबुल्लाह ने फिर कहा कि जब तक गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकी संगठन हमास में संघर्ष विराम नहीं होता तब तक वह इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन से हमला करता रहेगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल में कहा गया है कि ताजा हमले में सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार में शामिल हमास के तीन आतंकवादी गाजा में मारे गए। तुर्किये ने लेबनान से अपने 2,000 नागरिकों को निकालने के लिए नौसेना के जहाज भेजने का फैसला किया है। लेबनान के अल-मनार समाचार चैनल के अनुसार इजराइल के हमलों में बेरूत के दक्षिणी उपनगर, दक्षिण और बेका क्षेत्र में अनगिनत घर नष्ट हो गए हैं। इजराइल ने लेबनान के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया गया है।

## पॉल पोग्बा का चार साल का प्रतिबंध सीएएस ने घटाकर 18 महीने किया

**जिनेवा।** फ्रांसीसी फुटबॉल खिलाड़ी पॉल पोग्बा पर डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन के लिए चार साल का प्रतिबंध सोमवार को खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने घटाकर 18 महीने कर दिया है। जुवेंटस के मिडफील्डर ने 28 फरवरी, 2024 को एडीआरवी करने के लिए इटली के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। उन्हें 11 सितंबर, 2023 से चार साल के प्रतिबंध और 5,000 यूरो के जुर्माने की सजा दी गई। सीएएस ने एडीआरवी की पुष्टि की लेकिन फैसला सुनाया कि पोग्बा की कोई गलती नहीं थी, जिससे उनका प्रतिबंध घटाकर 18 महीने कर दिया गया और उनका जुर्माना भी रद्द कर दिया गया। सीएएस ने अपने बयान में कहा, सीएएस पैनल ने अपना निर्णय साक्ष्यों और कानूनी तर्कों के आधार पर लिया है, जिसके अनुसार पोग्बा द्वारा डीएचईए का सेवन, जिस पदार्थ के लिए उनका परीक्षण सकारात्मक आया था।

# खिलाड़ियों के मजबूत प्रदर्शन से आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में बड़ा फेरबदल

▸ द. अफ्रीका कप्तान वोल्वाइर्ट पहुंचीं तीसरे स्थान पर, भारतीय कप्तान को भी फायदा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के शुरुआती चरण में खिलाड़ियों के मजबूत प्रदर्शन के कारण महिला टी-20 की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट विश्व कप में शुरुआती दो मैचों में 101 रन बनाने के साथ अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। अपने इस प्रदर्शन के दम पर वह बल्लेबाजों की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में लॉरा वोल्वार्ड्ट के 746 रेटिंग अंक हो गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ है। इसे वह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्राथ टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। दोनों के क्रमशः761 और 748 रेटिंग अंक हैं।

**भारतीय कप्तान को हुआ फायदा**

बल्लेबाजों की ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को एक पायदान की नुकसान हुआ है। वह 5वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 4 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 29 रनों की पारी खेली थी।

**इन खिलाड़ियों को भी हुआ फायदा**

दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी ताजमिन ब्रिट्स दो पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गयी हैं। न्यूजीलैंड की अनुभवी खिलाड़ी सूजी बेट्स दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्याट (दो पायदान ऊपर 18वें स्थान पर), पाकिस्तान की खिलाड़ी निदा डार (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर), स्कॉटलैंड की दाएं हाथ की बल्लेबाज सारा ब्राइस (दो पायदान ऊपर 41वें स्थान पर) और द. अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजाने कैप (छह पायदान ऊपर 44वें स्थान पर) ने भी टी20आई बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में जगह बनाई है।

# अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार

एजेंसी




**मुंबई।** अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) पहली बार भारत में प्रतिष्ठित विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है। डब्ल्यूपीसी सीरीज 12-17 नवंबर तक मुंबई में होगी। चैंपियनशिप के वियतनाम और बाली चरण में अत्यधिक सफल होने के बाद, जहाँ भारतीय टीमों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए थे, डब्ल्यूपीसी 2024 में दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ पिकलबॉल प्रतिभाओं को एक साथ लाया जाएगा।

वर्ल्ड पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) द्वारा संचालित, वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज़, भारत में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे छह से सात देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने एक बयान में कहा, हमें विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज़ को भारत में लाने पर बहुत गर्व है। यह पिकलबॉल समुदाय के लिए न केवल भारतीय मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को देखने का एक शानदार अवसर है, बल्कि हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी एक मौका है। हम अपने घरेलू मैदान पर इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप और खिलाड़ियों की मेज़बानी करने के लिए उत्साहित हैं, और उम्मीद करते हैं कि हम विभिन्न पीढ़ियों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को पिकलबॉल को प्रतिस्पर्धी करियर और अवकाश गतिविधि दोनों के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।÷

पिकलबॉल ग्लोबल और डब्ल्यूपीसी सीरीज के संस्थापक जान पापी ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम पहली बार भारत में आयोजित होने वाली विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज को देखकर रोमांचित हैं। भारत में सभी स्तरों पर इस खेल के लिए अविश्वसनीय क्षमता है, और हम भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिकलबॉल की प्रोफ़ाइल को और बढ़ाने के लिए एआईपीए के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। डब्ल्यूपीसी को अपने घर लाने की एआईपीए की पहल के साथ, मैं इस प्रतिष्ठित वैश्विक चैंपियनशिप में भारत द्वारा लाई गई ऊर्जा और जुनून का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।

पिकलबॉल, जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के तत्वों का मिश्रण है, वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है, और भारत में इस खेल को अपनाने वाले उत्साही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। डब्ल्यूपीसी सीरीज भारत और उसके बाहर खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने का वादा करती है। एआईपीए का उद्देश्य भारत में इस खेल को लोकप्रिय बनाना और पूरे देश में खेल का जमीनी स्तर पर विकास सुनिश्चित करना है।

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने लॉन्च की डिफेंडर ऑरम प्रो तिजोरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की अंग गोदरेज एंड बॉयस के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने आभूषण क्षेत्र के लिए विशेष रूप से तैयार किये गए अपनी ताज़ातरीन उच्च सुरक्षा उत्पाद पेश किये हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नए क्लास ई मानकों का पालन करते हुए, हाल ही में लॉन्च की गई डिफेंडर ऑरम प्रो तिजोरी डीपीआईआईटी (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) द्वारा जारी नवीनतम गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

डिफेंडर ऑरम प्रो, जौहरियों को सभी संभावित चोरी के हमलों से बचाने का वादा करती है। गोदरेज के व्यापक अनुसंधान एवं विकास के ज़रिये विकसित, उन्नत बैरियर मटीरियल से निर्मित, यह बेहतर उपकरण प्रतिरोध (टूल रेजिस्टेंट) प्रदान करता है। इसके अलावा, इसमें एक चिकना और आधुनिक फेशिया, बेहतर पकड़ के लिए एक एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किया गया गोल हैंडल और आपके इंटीरियर को बेहतर बनाने के लिए एक शानदार लेदर मैट है। डिफेंडर ऑरम प्रो क्लास ई तिजोरी (सेफ), स्टाइल और बेजोड़ सुरक्षा का एक आदर्श संयोजन है। गोदरेज एंड बॉयस के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, पुष्कर गोखले ने कहा, गोदरेज एंड बॉयस में, हमारा मानना है कि सुरक्षा का मतलब सिर्फ संपत्ति की सुरक्षा करना नहीं है, बल्कि अपने कीमती सामान के सुरक्षित होने के अहसास से जो मन की शांति और खुशी सुनिश्चित होती है उससे भी जुड़ा है। हम डिफेंडर ऑरम प्रो, क्लास ई सेफ पेश कर भारत में जौहरियों की उभरती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।

# हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को हुआ पौराणिक संगीत नृत्य ड्रामा व सांस्कृतिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** यूनिवर्सल सांस्कृतिक शोध नाट्य एकेडमी देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण सर्वधन एवं विकास पर आधाारित पारम्परिक पौराणिक लोक कलाओं एवं लोक विधाओं पर आधारित पारम्परिक लोक कलाओं का प्रशिक्षण वरिष्ठ गुरूओं के सान्धिय में प्रतिदिन 03 घण्टे आयोजित की गयी(

तदोपरान्त संस्था द्वारा जय मोहन इण्टर कॉलेज कानियां रामनगर जनपद नैनीताल के प्रांगण में हिमालय की सांस्कृतिक विरासत पर कुमाऊँ मण्डल के पारम्परिक एवं पौराणिक लोक कलाओं, लोक विधाओं एवं लोक गाथाओं, तीज त्यौहारों पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों डांस एवं ड्रामा, कुमाऊ के पारम्परिक पौराणिक मॉ नन्दा सुनन्दा की स्तुति, पारम्परिक लोकगीत, संस्कार गीत, पारम्परिक लोकनृत्य, पारम्परिक छपेली, पारम्परिक देबी गीत, युगल नृत्य, बारोमासी, तीज त्योहारों पर गाये जाने वाले लोकगीत आदि की सुन्दर प्रस्तुति सहित कुमॉऊ की पारम्परिक एवं पैराणिक लोक गाथाओं पर आधारित माँ नन्दा सुनन्दा की प्रस्तुति सहित प्रेरणादायी परम्पराओं पर आधारित नन्दा राजजात यात्रा की भव्य एवं सुन्दर प्रस्तुति एकेडमी के कलाकारों द्वारा दी गयी। कार्यक्रम का उद्घान गोपाल दत्त जोषी प्रबन्धक तथा महेश चन्द्र तिवारी प्रधानाचार्य महोदय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत सुभारंभ किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्री अनुज सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महोदय का पुष्पगुच्छ प्रतीक चिन्ह तथा अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

संस्था के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों, विद्यालय प्रबन्धन सहित क्षेत्रीय नागरिकों, छात्र छात्राओं, कलाकारों का स्वागत एवं अभिनन्द किया साथ ही विषेष आभार उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर नागालैण्ड तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार का किया। तदोपरांत भव्य एवं दिव्य पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जय मोहन इण्टर कालेज के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबन्धक ने कहा कि विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है देव भूमि उत्तराखण्ड। उत्तराखण्ड राज्य की अमूल्य संस्कृति राज्य को वरदान स्वरूप प्राप्त है। वही अनुज सिंह सचिव महोदय ने अतिथियों, कलाकारों एंव सम्मानित दर्षकों तथा प्रिंट मीडिया का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मदन सिंह, भूवन, प्रवीण, राजेश, कैलाष, जय मोहन इण्टर कॉलेज के गुरुजन, छात्र छात्राएं अभिभावक, क्षेत्रीय गणमान्य एवं गुरूजन उपस्थित रहे।